kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-150 | बुधवार, 02 जुलाई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

तेजस्वी यादव बिहार में सांप्रदायिक तनाव भड़काना चाहते हैं। देश को इस्लामी मुल्क बनाने की कोशिश हो रही है। यादव परिवार को एक दशक से भी ज़्यादा का वक्त दिया है, लेकिन उन्होंने मानव जीवन का मूल्य ही खत्म कर दिया।



गौरव भाटिया

भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में जहाज में लगी आग बुझाई 11

पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई 12

## संक्षेप

### डा. दिनेश कुमार परिवार कल्याण के महानिदेशक बने

**लखनऊ।** महानिदेशक परिवार कल्याण और निदेशक बलरामपुर व श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के पदों पर नई तैनाती की गई है। प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के चिकित्साधिकारी डा. दिनेश कुमार को परिवार कल्याण का नया महानिदेशक बनाया गया है। वे अभी तक बलरामपुर अस्पताल के निदेशक व प्रमुख अधीक्षक पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। शासन की सचिव रितु माहेश्वरी ने इस संबंध में मंगलवार को आदेश जारी कर दिया। निदेशक (स्वास्थ्य) के पद पर तैनात डा. कविता आर्या को लखनऊ के बलरामपुर चिकित्सालय का नया निदेशक व प्रमुख अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा सिविल अस्पताल के मौजूदा निदेशक की सेवानिवृत्ति के बाद नए निदेशक की तैनाती की गई है।

### 235 आरक्षी प्रोन्नत होकर मुख्य आरक्षी बने

**लखनऊ।** नागरिक पुलिस के 235 आरक्षियों को डीपीसी के बाद मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नत कर दिया गया है। 57 अन्य आरक्षियों को भी नोशनल (सैद्धांतिक) प्रमोशन दिया गया। वहीं 735 आरक्षी इस प्रोन्नति के लिए अनुपयुक्त भी पाए गए। उधर कई मुख्य आरक्षियों को उप निरीक्षक पद पर भी प्रोन्नत किया गया है। इन सभी के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

### भारत, पाकिस्तान ने कैदियों की सूची का किया आदान प्रदान

**नयी दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा पाकिस्तान ने अपने-अपने देशों में हिरासत में रखे गये आम नागरिकों तथा मछुआरों की रिहाई के वास्ते सूची का आदान प्रदान किया है। भारत पाकिस्तान के बीच 2008 में हुए एक समझौते के तहत हर साल जनवरी और जुलाई में ऐसे कैदियों की सूचियों का आदान-प्रदान किया जाता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता के अनुसार भारत ने अपनी हिरासत में रखे गये 382 पाकिस्तानी कैदियों और 81 मछुआरों के नाम पाकिसतान को दिए हैं जबकि पाकिस्तान ने अपनी हिरासत में रखे 53 भारतीयों और 193 मछुआरों के नामों की सूची भारत को सौंपी है। प्रवक्ता ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान की हिरासत में मौजूद अपने कैदियों, मछुआरों और उनकी नावों तथा लापता भारतीय रक्षा कर्मियों की शीघ्र रिहाई तथा स्वदेश वापसी का आह्वान किया है। उन्होंने पाकिस्तान से उन 159 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई में तेजी लाने को भी कहा है, जिन्होंने अपनी सजा पूरी कर ली है। इसके अलावा 26 ऐसे कैदी हैं जिन्हें भारतीय नागरिक माना जाता है इसलिए सरकार ने इन कैदियों और मछुआरों को तत्काल कानूनी सुविधा उपलबध कराने को कहा है। भारत ने यह भी कहा है कि उन सभी भारतीय कैदियों और मछुआरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए जिनकी रिहाई लंबित है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश को दी पहले आयुष विवि की सौगात

# निद्राजीत बन जनता की सेवा करें डॉक्टर-नर्स : राष्ट्रपति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने दो दिवसीय यूपी दौरे के दूसरे दिन मंगलवार को गोरखपुर से यूपी को उसके पहले आयुष विश्वविद्यालय की सौगात दी। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि डॉक्टर, नर्स और सेवादार जीवनदायिनी होते हैं। जनता के प्रतिनिधि अथक परिश्रम करते हैं। निद्राजीत बनते हैं। जनता की सुविधा के लिए वे जिन संस्थानों को बना रहे हैं, वहां के अधिकारी, डॉक्टर या नर्स को भी अथक प्रयास करना है। निद्राजीत बनना है और जनता की सेवा करनी है। इस क्षेत्र में जिस दिन कदम रखने का प्रयत्न करते हैं, उसी दिन निर्णय लेना होगा कि मुझे अथक प्रयास करना है, फिर सोचना होगा कि क्या हम सही काम करते हैं।

राष्ट्रपति ने मंगलवार को गोरखपुर में जिस महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण किया वो 52 एकड़ में फैला प्रदेश का यह पहला आयुष विश्वविद्यालय है। इसे 268 करोड़ से स्थापित किया गया है। समारोह में राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', सांसद रवि किशन, कुलपति के. रामचंद्र रेड्डी आदि भी मौजूद रहे। इस मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत योगियों-ऋषियों की भूमि है। योगी 200, 300, 400 साल जीते थे। यह शरीर पंच तत्व से तैयार हुआ है। राष्ट्रपति ने स्वस्थ रहने के लिए हितभुक, ऋतभुक व मितभुक की चर्चा की, फिर कहा कि आज हमारे पास संसाधन व सुविधाएं हैं। सुविधाओं को शरीर के लिए प्रयोग करें, जिससे हम स्वस्थ रहेंगे। खेती, जंगलों, हार्डवर्क करने वालों के उत्तम स्वास्थ्य का जिक्र करते हुए कहा कि ऑफिस में कार्य करने और कम फिजिकल करने वालों के लिए योग अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ की पवित्र धरती को नमन करते हुए अपनी बात शुरू की। उन्होंने कहा कि गुरु गोरखनाथ के बारे में कहा गया है कि आदि गुरु शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली महापुरुष भारत में दोबारा नहीं हुआ। गोरखपुर योग भूमि है। गुरु गोरखनाथ ने इस क्षेत्र को अक्षय आध्यात्मिक ऊर्ज़ा से समृद्ध किया। यह परमहंस योगानंद की जन्मभूमि भी है। आप सभी ऐसे महान स्थानीय परंपरा से जुड़े हैं, जिनका राष्ट्रीय महत्व और मानवता पर प्रभाव है। श्री आदिनाथ, मत्स्येंद्रनाथ और गुरु गोरक्षनाथ की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए गोरखपुर से प्रसारित हुआ नाथ पंथ भारत के कोने-कोने और अन्य देशों में भी मानवता के कल्याण में सक्रिय है। तपस्या, साधना और अध्यात्म की यह धरती आत्मगौरव और राष्ट्रप्रेम की आधार भूमि भी है। 18वीं सदी के संन्यासी विद्रोह से लेकर 1857 के स्वाधीनता संग्राम तक गोरखपुर नाथ पंथ के योगी, जनकल्याण और स्वाधीनता संग्राम का सूत्रधार रहा है। इस धरती से बाबू बंधु सिंह और रामप्रसाद ● शेष पेज 11 पर

### सीएम योगी की तारीफ की

राष्ट्रपति ने यूपी के प्रथम आयुष विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट परिकल्पना व निर्माण को दिशा-गति प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद दिया। राष्ट्रपति ने अथक शब्द की चर्चा की, बोलीं कि अथक मतलब थकना मना है। दिन रात परिश्रम करना पड़ेगा। निद्राजीत बनना है। डॉक्टर कहते हैं कि छह से आठ घंटे सोना पड़ेगा, वरना शरीर साथ नहीं देगा, लेकिन सीएम आदित्यनाथ जैसे योगी कहते हैं कि निद्रा पर जय करने और खुद को शारीरिक व मानसिक सशक्त बनाने के लिए योग करना होगा। योग करने से आठ घंटे की नींद तीन घंटे में पूरी होगी। योगी जी का अथक परिश्रम और जनता के प्रति समर्पण भाव है। इस एरिया में इंफ्रास्ट्रक्चर, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि सुविधाएं जनता को समर्पित है।

### विश्व में बज रहा भारत का डंका

राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारत के पूर्वजों और ऋषि-मुनियों के ऋणी हैं, हमें उनका मान रखना है। आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है। राष्ट्रवासियों ने स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत 2047 तक विकसित हो, इसके लिए हमें भी आज से ही प्रयास करना होगा। शैक्षणिक, चिकित्सा समेत यह संस्था भी इसका माध्यम बनेगी।

## हर जिले में बनाएंगे 100 बेड का आयुष वेलनेस सेंटर : योगी

गोरखपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में कम से कम 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को उत्तर प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय (महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय) के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार सम्पूर्ण आरोग्यता की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय प्रधानमंत्री मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

योगी ने कहा कि किसानों और नौजवानों को बड़े पैमाने पर रोजगार उपलब्ध कराने में भी आयुष विश्वविद्यालय की बड़ी भूमिका होगी। इस विश्वविद्यालय के जरिये औषधीय पौधों की खेती रोजगार बढ़ाने में मददगार होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को हेल्थ टूरिज्म के नए रूप में आकर्षित करने में भी आयुष विश्वविद्यालय निर्णायक साबित होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आयुष विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुर्वेद और नाथपंथ के आपसी जुड़ाव का भी उल्लेख किया।

## झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, बाढ़ का खतरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश समेत समूचे उत्तर भारत में पिछले दो दिनो से हो रही बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है मगर नदियों के उफानाने से तटीय क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा गहराने लगा है।

सूत्रों के अनुसार नेपाल ने राप्ती बैराज से 37 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा है, जिसके कारण बलरामपुर में राप्ती नदी उफान पर है और बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। बलरामपुर जिले के 12 गांवों में बाढ़ का पानी घुस चुका है और कई जगहों पर गन्ना और धान की फसल नदी में समा गई है। उत्तराखंड में लगातार हो रही बारिश के कारण अमरोहा में गंगा नदी का जलस्तर 30 सेमी बढ़ गया है जिससे नदी किनारे बने कई अस्थायी शेड जलमग्न हो गए हैं।

पीलीभीत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले की एक नहर में दरार आने से 50 बीघा फसल बाढ़ के पानी में डूब गई। सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई है और मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण प्रयागराज में गंगा-यमुना नदियों का जलस्तर भी बढ़ रहा है। पुलिस ने श्रद्धालुओं को गहरे पानी में न जाने की सलाह दी है, वहीं नदी किनारे बने अस्थायी शेड हटा दिए गए हैं। बारिश और खराब मौसम के कारण गोरखपुर एयरपोर्ट से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद की उड़ानें आंशिक रूप से प्रभावित हुयी हैं। हवाई अड्डे से छह उड़ानें एक से दो घंटे की देरी से रवाना हुईं। इस बीच मौसम विभाग ने आज और कल के लिए यूपी के 35 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

## डिजिटल इंडिया के लिए सर्वसमावेशी तकनीकों पर काम करें : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश में नवाचार के काम में लगे लोगों, उद्यमियों और नये विचारों पर काम करने वाले लोगों से ऐसी प्रौद्योगिकियों पर काम करने का आह्वान किया है जो जोड़ने वाली, सर्वसमावेशी और उत्थानकारी हों।

श्री मोदी ने 'डिजिटल इंडिया' पहल के 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मंगलवार को प्रकाशित एक लेख में कहा, ल्ल आइए हम ऐसे हल निकालें, जो वास्तव में मायने रखते हैं। आइए हम उस तकनीक के साथ नेतृत्व करें, जो जोड़ने वाली, सर्वसमावेशी और सबका उत्थान करती है। उन्होंने कहा कि तकनीक के क्षेत्र में अगला दशक और भी अधिक परिवर्तनकारी होगा और ऐसे दौर में दुनिया डिजिटल क्रांति के लिए भारत की तरफ देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम डिजिटल गवर्नेंस से आगे बढ़कर वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहे हैं – इंडिया फर्स्ट से इंडिया फॉर द वर्ल्ड



(भारत प्रथम से भारत दुनिया के लिए) तक। श्री मोदी ने इस बात का भी उल्लेख किया है कि भारत अब विश्व के शीर्ष तीन स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल है, जिसमें 1.8 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। उन्होंने कहा है कि भारत में युवाओं के बीच एआई स्किल्स और एआई प्रतिभा के मामले में बड़ी प्रगति हो रही है। उन्होंने लिखा है कि 1.2 अरब डालर के इंडिया एआई मिशन के तहत भारत ने 34,000 ग्रैफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) सुलभ हुये हैं, जो इनकी दर दुनिया में सबसे सस्ती है। इससे भारत न केवल सबसे सस्ता इंटरनेट इकोनॉमी, बल्कि सबसे किफायती कंप्यूटिंग हब बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि डिजिटल इंडिया अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं रहा, यह जनआंदोलन बन चुका है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का केंद्र है और भारत को दुनिया का विश्वसनीय नवाचार साझेदार बना रहा है। नवाचार के काम में लगे लोगों, उद्यमियों और नये विचारों पर काम करने वाले लोगों का आह्वान करते हुए कहा, आइए हम वह बनायें जो सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा है कि दुनिया अगली डिजिटल क्रांति के लिए भारत की ओर देख रही है। डिजिटल इंडिया की एक दशक की यात्रा पर प्रधानमंत्री ने लिखा है, 10 साल पहले, हमने एक ऐसे क्षेत्र में पूर्ण विश्वास के साथ ऐसी यात्रा शुरू की थी, जहां पहले कोई नहीं गया था। जहां दशकों तक यह संदेह किया गया कि भारतीय तकनीक का उपयोग कर पायेंगे कि ● शेष पेज 11 पर

## निजीकरण के खिलाफ देशभर के बिजली कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन आज

लखनऊ। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के खिलाफ बुधवार को देश भर के 27 लाख बिजली कर्मचारी विरोध सभाएं करेंगे। उत्तर प्रदेश के एक लाख बिजली कर्मचारी आंदोलन में हिस्सा लेंगे। मंगलवार को 9 जुलाई की हड़ताल और जेल भरो आंदोलन की तैयारियों के संबंध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने केस्को और पनकी में आमसभा की। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि निजीकरण के विरोध में बीते सात महीने से चल रहा आंदोलन अब राष्ट्रीय स्वरूप ले रहा है। बुधवार का आंदोलन देशभर के बिजली कर्मचारियों की एकजुटता का संदेश देगा। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी आफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर बुधवार को सभी जिलों और परियोजनाओं पर व्यापक विरोध प्रदर्शन होंगे। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, ऑल इंडिया फ़ेडरेशन ऑफ ● शेष पेज 11 पर

## स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट 'उदयगिरि' भारतीय नौसेना को सौंपा गया



एजेंसी

नई दिल्ली। प्रोजेक्ट 17ए के तहत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में बनाए जा रहे सात स्टील्थ फ्रिगेट में से दूसरा जहाज 'उदयगिरि' मंगलवार को भारतीय नौसेना को सौंप दिया गया। ये बहु-मिशन फ्रिगेट भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारंपरिक और अपारंपरिक दोनों तरह के खतरों से निपटते हुए 'ब्लू वॉटर' वातावरण में संचालन करने में सक्षम हैं। उदयगिरि का नाम आंध्र प्रदेश राज्य में एक पर्वत शृंखला के नाम पर रखा गया है। बैटल क्रूजर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियारों और सेंसर एवं प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के अनुसार उदयगिरि को लॉन्चिंग की तारीख से 37 महीने के रिकॉर्ड समय में भारतीय नौसेना को सौंपा गया है। पी-17ए जहाजों में स्टेल्थ की विशेषताएं बढ़ाई गई हैं और इनमें अत्याधुनिक हथियार और सेंसर लगे हैं, जो पी17 श्रेणी से काफी बेहतर हैं। ये जहाज भारतीय नौसेना की युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो में इन-हाउस डिजाइन क्षमताओं में एक बड़ी छलांग का प्रतिनिधित्व करते ● शेष पेज 11 पर

### केंद्र ने कई योजनाओं को दी मंजूरी, रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को हरी झंडी, नई खेल नीति पर लगी मुहर

# शोध और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़

एजेंसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने देश में रोजगार और उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने 1.07 लाख करोड़ रुपये के एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इन्सेंटिव (ईएलआई) स्कीम को मंजूरी दे दी है। यह योजना खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर फोकस करेगी। सरकार का मानना है कि इन योजनाओं से देश में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूती मिलेगी और शोध को भी बढ़ावा मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री ने आगे बताया कि इस योजना के दो हिस्से होंगे। पहला हिस्सा उन लोगों के लिए होगा जो पहली बार रोजगार शुरू कर रहे हैं। वहीं, दूसरा हिस्सा लगातार रोजगार देने वाली कंपनियों को समर्थन देने के लिए होगा। इसके अलावा सरकार ने 1 लाख करोड़ रुपये के रिसर्च डेवलेपमेंट और इनोवेशन स्कीम, राष्ट्रीय खेल नीति 2025 और परमकुडी-रामनाथपुरम नेशनल हाईवे के चार लेन बनाने के लिए 1,853 करोड़ रुपये की मंजूरी भी दी है।

सरकार ने मंगलवार को रोजगार सृजन, कौशल बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत 1.07 लाख करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसका विशेष फोकस निर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षेत्र पर रहेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस बारे में जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी। इस योजना का उद्देश्य दो वर्षों में देश में 3.5 करोड़ से अधिक नए रोजगार के अवसर सृजित करना है। इसके साथ ही, योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को भी प्रोत्साहन दिया जाएगा। प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए ?3,000 प्रति माह तक की प्रोत्साहन राशि दो वर्षों तक दी जाएगी।यह प्रोत्साहन उन नियोक्ताओं को मिलेगा जो ऐसे कर्मचारियों को नियुक्त करेंगे जिनका वेतन 1 लाख



रुपए प्रतिमाह तक है। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक भी जारी रहेगा।

सरकार ने देश में शोध, नवाचार और बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए बड़े फैसले लिए हैं। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को जानकारी दी कि केंद्रीय कैबिनेट ने रिसर्च डेवलपमेंट और इनोवेशन स्कीम को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत देश में शोध को प्रोत्साहित किया जाएगा। इस योजना के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि रिसर्च, डेवलपमेंट और इनोवेशन वाली योजना को तैयार करने से पहले अनुसंधान राष्ट्रीय शोध फाउंडेशन (इगटक्क) ने दुनिया के कई देशों के सफल शोध मॉडलों का अध्ययन किया। इनमें अमेरिका, इजरायल, सिंगापुर और जर्मनी जैसे देशों के मॉडल शामिल हैं। इन देशों में शोध से लेकर प्रोडक्ट बनाने तक की जो मजबूत व्यवस्था है, उसी से सीख लेते हुए भारत में यह नई योजना तैयार की गई है। सरकार का मानना है कि इससे देश में न केवल शोध को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इनोवेशन के जरिए नए उद्योगों को भी मजबूती मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एक व्यापक खेलो भारत नीति, 2025 को मंजूरी दे दी है। जिसका उद्देश्य 2047 तक भारत को शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में से एक बनाना है। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खेलों पर ध्यान केंद्रित किया है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति इसी प्रयास का हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि दूसरा मुख्य उद्देश्य खेलों को ''जन आंदोलन'' बनाना है। इसके साथ ही, केंद्रीय मंत्री ने जानकारी दी कि तमिलनाडु के रामनाथपुरम से परमकुडी के बीच 46.7 किलोमीटर लंबे नेशनल हाईवे को चौड़ा करने की परियोजना को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। मदुरै से परमकुडी तक पहले से ही हाईवे चार लेन का है। अब परमकुडी से रामनाथपुरम तक का हिस्सा भी चार लेन में बदला जाएगा। इसके आगे समंदर के हिस्से में जो सड़क धनुषकोडी तक जाती है, उसके लिए डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार की जा रही है। यह सड़क परियोजना तमिलनाडु के तटीय इलाकों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन (एएनआरएफ) ● शेष पेज 11 पर

# स्कूल चलो अभियान का हुआ भव्य शुभारंभ सीडीओ ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन

**डीएम रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में कम्पोजिट विद्यालय आदर्श एलनगंज नगर क्षेत्र से जोरदार तरीके से शुरू हुआ स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में स्कूल चलो अभियान का द्वितीय चरण मंगलवार को कम्पोजिट विद्यालय आदर्श एलनगंज, नगर क्षेत्र से जोरदार तरीके से प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का माला पहनाकर, रोली और टीका लगाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें एवं स्टेशनरी वितरित करते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन कराने के लिए शिक्षकों एवं अभिभावकों को प्रेरित किया गया।मुख्य विकास अधिकारी ने स्कूल चलो अभियान रैली को विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम के दौरान ''एक पेड़ माँ के नाम'' के अंतर्गत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व का संदेश भी दिया गया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

इस आयोजन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवब्रत सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा सिंह (नगर क्षेत्र), जिला समन्वयक एमडीएम, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता, विद्यालय के समस्त स्टाफ, स्काउट-गाइड टीम तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

**नामांकन बढ़ाने को लेकर विशेष निर्देश**

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक लखनऊ द्वारा निर्देशित स्कूल चलो अभियान (द्वितीय चरण) 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान विद्यालयों को साफ-सुथरा व आकर्षक बनाने, रंगोली, झंडियों, गुब्बारों से सजाने और छात्रों का रोली-टीका लगाकर स्वागत करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, बच्चों के लिए विशेष रूप से हलवा, खीर आदि स्वादिष्ट मध्याह्न भोजन तैयार कराया गया।अभियान के तहत नामांकन एवं उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावकों और समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। स्कूली बच्चों द्वारा रैली, मुनादी, उद्घोषणा एवं प्रभावशाली व्यक्तियों के माध्यम से जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। विशेष फोकस बालिकाओं के शत-प्रतिशत नामांकन और उपस्थिति पर रहेगा। मीना मंच के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, कहानी वाचन और कॉमिक्स के जरिए छात्रों में जागरूकता लाई जाएगी।

**आउट ऑफ स्कूल बच्चों पर विशेष ध्यान**

अभियान के दौरान मलिन बस्तियों, झुग्गी-झोपड़ियों, रेलवे स्टेशन, ओवरब्रिज, ईंट-भट्टों, कुटीर एवं लघु उद्योगों तथा घुमन्तु समुदायों के बच्चों को चिन्हित कर उन्हें स्कूल से जोड़ा जाएगा। इस बार किसी प्रकार का संख्यात्मक लक्ष्य नहीं रखा गया है, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि 6 से 14 वर्ष आयु का कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे।स्कूल चलो अभियान के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि, विद्यालयों में उपस्थिति और पठन-पाठन की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस कार्यक्रम ने विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल बना दिया है और समुदाय में शिक्षा के महत्व को लेकर नई जागरूकता पैदा हो रही है ।

## धरने पर बैठे ग्रामीणों को एसडीएम-एसीपी ने अश्वासन देकर किया शांत, वापस हुए ग्रामीण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव, प्रयागराज। कोरांव तहसील में सोमवार को सैकड़ों महिला और पुरुष धरना प्रदर्शन करने पहुंचे। उनकी मांग थी कि सरकारी जमीन पर उन्हें पट्टा दिया जाए। इससे पहले भी वे तहसील आ चुके थे, लेकिन तहसीलदार ने उन्हें आश्वासन देकर वापस भेज दिया था। इस बार वे दिन-रात तहसील में डटे रहे और तहसील का ताला बंद कराकर सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने लगे। एसडीएम आकांक्षा सिंह, एसीपी मेजा और क्राइम इंस्पेक्टर शैलेश कुमार सिंह सेवा लाल , श्याम सुंदर शर्मा, अजय कुमार उपनिरीक्षणसमेत अन्य सहयोगी पुलिस बल ने कड़ी मेहनत और सूझबूझ से मामला शांत कराया और प्रदर्शनकारियों को वापस भेजा। एसडीएम ने कहा कि पात्रता के अनुसार जांच कराकर नियमानुसार पट्टा किया जाएगा।

### डीजल खत्म, जनरेटर बंद, अपार्टमेंट में अंधेरा, लगा 10 लाख का जुर्माना

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी रोड स्थित सरगम अपार्टमेंट और जनेश्वर इन्क्लेव में 30 जून को बिजली गुल होने पर बैकअप के लिए लगाए गए डीजी सेट (जनरेटर) भी काम नहीं आए। वजह, जनरेटर में डीजल नहीं था। इससे लिफ्ट, पानी और दूसरी जरूरी सुविधाएं भी ठप हो गईं। इस लापरवाही पर लखनऊ विकास प्राधिकरण ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित ठेकेदार पर 5-5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि इन दोनों अपार्टमेंट्स का निर्माण प्राधिकरण द्वारा कराया गया है और रख-रखाव की जिम्मेदारी मेसर्स सर्वजीत सिंह नामक संस्था को दी गई है। लेकिन जब बिजली फॉल्ट हुआ, तब जनरेटर से बैकअप नहीं मिल सका। डीजल की अनुपलब्धता के कारण बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी, जिससे अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। उपाध्यक्ष ने इस गंभीर लापरवाही के लिए ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराते हुए दोनों अपार्टमेंट्स के लिए कुल 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही मुख्य अभियंता नवनीत शर्मा को निर्देश दिए गए हैं कि वे खुद मौके पर जाकर निरीक्षण करें और समस्याओं का तत्काल समाधान कराएं। प्राधिकरण ने साफ किया है कि जनता को असुविधा पहुंचाने वाली लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न हो, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

### वेतनवृद्धि मिलने पर नगर निगम कर्मचारियों ने जताया प्रशासन का आभार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शासनादेश संख्या-11/2024/सा-3-227/10-19099/4/2024 दिनांक 12 जून 2024 के तहत, 30 जून अथवा 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को पेंशन की गणना के लिए एक नोशनल वेतनवृद्धि जोड़े जाने के निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में नगर निगम प्रशासन ने 1 जुलाई 2025 को विभागीय आदेश संख्या 252/मु.वि./विविध जारी कर इस निर्देश को लागू कर दिया। इस आदेश पर नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने नगर निगम प्रशासन और नगर आयुक्त को धन्यवाद ज्ञापित किया और इसे सेवानिवृत्त कर्मियों के हित में एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने बताया कि 30 जून 2025 को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों के लिए यह निर्णय राहत और सम्मानजनक विदाई का प्रतीक है। इस अवसर पर त्रिलोक नाथ हाल में एक विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर, अपर नगर आयुक्त, मुख्य नगर लेखा परीक्षक, मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी तथा अधिष्ठान प्रभारी अधिकारी की उपस्थिति रही। समारोह में नगर निगम द्वारा आज सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर महामंत्री शमील अखलाक ने सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि यह निर्णय उन सभी कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणा है, जिन्होंने वर्षों तक नगर निगम की सेवा की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने सेवानिवृत्त होने वाले साथियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और निगम द्वारा लिए गए निर्णय को एक ऐतिहासिक पहल करार दिया।

### जिला अस्पताल में दोनों एक्सरे मशीनें खराब, मजबूरी में निजी सेंटर में करा रहे एक्स रेएक्स-रे

**उन्नाव।** जिला अस्पताल में मरीजों को एक्सरे की सुविधा नहीं मिल पा रही है। अस्पताल की दोनों एक्सरे मशीनें खराब हो चुकी हैं। डायग्नोस्टिक विंग में लगी डिजिटल एक्सरे मशीन में पिक्चर ट्यूब समेत कई कलपुर्जों में तकनीकी खराबी आ गई है। स्वास्थ्य विभाग ने कलपुर्जे उपलब्ध करा दिए हैं, लेकिन इंजीनियर नहीं होने से मरम्मत नहीं हो पा रही है।आपको बताते कि पारंपरिक डार्क रूम एक्सरे यूनिट भी तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़ी है। इस वजह से करीब सौ मरीजों को बिना जांच के वापस लौटना पड़ा। सीएमएस डॉ. रियाज अली मिर्ज़ा के अनुसार, डायग्नोस्टिक विंग की मशीन की मरम्मत के लिए इंजीनियर को सूचना दी गई है। दूसरी मशीन को भी जल्द ठीक कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस स्थिति में मरीजों को निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों का रुख करना पड़ रहा है। वहां उनसे एक्सरे के लिए मनमाना शुल्क लिया जा रहा है। गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को इससे सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का दावा कर रही है, लेकिन जिला अस्पताल में बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

### 60 दिन की कस्टडी मंजूर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में माइंडवॉश कर आतंकी गतिविधियों में शामिल करने की गहरी साजिश का खुलासा हुआ है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों दरकशा बानो और मोहम्मद कैफ को गिरफ्तार कर मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों की 60 दिन की कस्टडी रिमांड मंजूर की है। पुलिस अब रिमांड अवधि में गहन पूछताछ कर पूरे नेटवर्क को खंगालने की तैयारी में जुटी है।मामले का तीसरा आरोपी मोहम्मद ताज अभी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपी को भी हिरासत में ले लिया जाएगा।इस साजिश में फंसाई गई नाबालिग दलित पीड़िता को वन स्टॉप सेंटर में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस द्वारा उसकी सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं और विशेषज्ञों की देखरेख में उसकी काउंसलिंग कराई जा रही है।गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त कर लिए हैं, जिन्हें जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है। पुलिस साइबर एंगल से भी पूरे नेटवर्क की तह तक जाने का प्रयास कर रही है ताकि इस साजिश से जुड़े अन्य लोगों और संभावित आतंकी कनेक्शनों का खुलासा किया जा सके।डीसीपी गंगानगर जोन कुलदीप गुनावत ने बताया कि ल्अभियुक्तों से पूछताछ के लिए रिमांड ली गई है, मोबाइल डेटा की गहराई से जांच हो रही है। पुलिस की टीमें फरार आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। जल्द ही पूरे गिरोह का भंडाफोड़ किया जाएगा।

### महिला सुरक्षा पर उठे सवाल, थरवई थाना पुलिस की लापरवाही उजागर

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** महिला सुरक्षा को लेकर प्रयागराज पुलिस एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गंगानगर जोन के थरवई थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ रास्ते में दबंगों द्वारा छेड़खानी की घटना सामने आई है। पीड़िता का आरोप है कि उसने तत्काल थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। सड़क पर राह चलते लड़की के साथ इस तरह की घटना ने महिला सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थरवई थाना क्षेत्र में दबंग आए दिन इस तरह की हरकतें करते हैं लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। थरवई थाना प्रभारी की कार्यशैली पर भी अब सवाल उठने लगे हैं। पीड़िता का आरोप है कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया और दबंगों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। महिला सुरक्षा को लेकर लापरवाही बरतने पर स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने नाराजगी जताई है और प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब शिकायत के बाद भी पुलिस हरकत में नहीं आती तो महिलाएं कैसे खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी। अब देखना यह होगा कि प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट इस मामले में कब और क्या सख्त कदम उठाता है।

## भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के बवाल का मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। हाल ही में हुए भीम आर्मी कार्यकर्ताओं के बवाल का मामला अब राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। आरोप है कि पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया और उनके मानवाधिकारों का उल्लंघन हुआ।

मामले को अधिवक्ता डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने राज्य मानवाधिकार आयोग में दर्ज कराया है। उन्होंने शिकायत में कहा कि पुलिस की कार्रवाई में कई कार्यकर्ताओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ और उनके अधिकारों का हनन किया गया। बताया जा रहा है कि बवाल के बाद पुलिस ने 50 से ज्यादा भीम आर्मी कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन सभी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें कार्यकर्ता पुलिस की मौजूदगी में कान पकड़कर उठक-बैठक करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

अधिवक्ता डॉ. गजेंद्र सिंह यादव ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि गिरफ्तार कार्यकर्ताओं के साथ अपमानजनक व्यवहार कर पुलिस ने मानवाधिकारों का खुला उल्लंघन किया है। फिलहाल, राज्य मानवाधिकार आयोग ने मामले को संज्ञान में ले लिया है और जल्द ही इस पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

## प्रेमी युगल ने गंगा नदी में लगाई छलांग, जल पुलिस ने समय रहते बचाई जान

प्रयागराज। शहर के दारागंज इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब एक प्रेमी युगल ने गंगा नदी में छलांग लगा दी। शास्त्री पुल से दोनों ने हाथ बांधकर गंगा में कूदने का प्रयास किया, लेकिन गश्त कर रही जल पुलिस ने समय रहते दोनों को बचा लिया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रेमी युगल प्रयागराज के शिवकुटी क्षेत्र के तेलियरगंज के रहने वाले हैं। युवती पहले से शादीशुदा थी और घरेलू विवाद व पारिवारिक कलह के चलते दोनों ने यह खौफनाक कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और प्रेमी युगल को थाने ले जाकर आवश्यक पूछताछ की। पुलिस के मुताबिक, दोनों के परिजनों को बुलाया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। समय रहते जल पुलिस की सतर्कता से दोनों की जान बच गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना के बाद पुल पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

## कांग्रेस में खरगे बस नाम के, नहीं किसी काम के : केशव

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस में खरगे बस नाम के, नहीं किसी काम के। बक़ौल खरगे वह खुद खुलेआम स्वीकार करते हैं कि फलां फ़ैसला कांग्रेस आलाकमान करेगा और कांग्रेस में आलाकमान का मतलब ही होता है सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा की 'तिकड़ी'। उप मुख्यमंत्री ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि कभी जिनके सिर पर छत नहीं थी, आज पक्के घर हैं। जिन्हें अंधेरे की आदत थी, आज घर में बिजली है। जहां खुले में शौच मजबूरी थी, आज शौचालय है। चूल्हे के धुएं से जूझती थीं महिलाएं, अब गैस कनेक्शन है। बीमारी में इलाज सपना था, अब आयुष्मान कार्ड है। पानी भरने मीलों चलना पड़ता था, अब नल से जल है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये सिर्फ आंकड़ा नहीं, ये सम्मान, सुरक्षा और सपनों की सच्ची कहानी है। यही है नया भारत, यही है सबका साथ सबका विकास और समाज सेवा।

## एसडीएम ने कोरांव तहसील सभागार में की जन सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव (प्रयागराज)। एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह ने मंगलवार को तहसील सभागार में जनसुनवाई की, जिसमें उन्होंने नायब तहसीलदार राम मूरत के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्रों पर तुरंत आदेश दिए। इस दौरान कई वादकारी आपस में बातचीत करते नजर आए और उन्होंने कहा कि कुछ अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण कामकाज थोड़ा प्रभावित हो रहा है, लेकिन अन्य मामलों का निस्तारण तेजी से हो रहा है।

एसडीएम आकांक्षा सिंह की निष्पक्ष और ईमानदार कार्यशैली ने तहसील कोरांव में एक अच्छी छवि बनाई है। वह गरीब और अमीर सभी की सुनती हैं और न्यायप्रिय निर्णय लेती हैं। लेकिन कुछ अधिवक्ता उनकी कार्यशैली से असंतुष्ट हैं और हड़ताल कर रहे हैं, जिससे वादकारियों और अधिकांश अधिवक्ताओं का कामकाज प्रभावित हो रहा है। क्षेत्र के सम्मानित लोग और वादकारी एसडीएम आकांक्षा सिंह को तहसील में और लम्बे समय तक बनाए रखने की मांग कर रहे है।

# 52 किलो का केक काटकर मनाया गया सपा मुखिया का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पीडीए के जननायक सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 01 जुलाई 2025 को 52वॉं जन्मदिन 52 किलो बूंदी का केक काटकर एवं भण्डारा आयोजित कर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर मनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' सांसद आर0के0 चौधरी, एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ सैकड़ों नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया।

इस शुभ अवसर पर पार्टी के जिला कार्यालय पर प्यारेलाल गौतम, भाई लाल रावत, दरगाही अली, रामकिशन यादव, हरिकृष्ण कश्यप, अयोध्या प्रसाद मौर्य, राजकुमार पासी एवं अंजनी कुमार वर्मा को सप्रेम साइकिल भेंट की गई।




जन्मदिन के शुभ अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर, राजेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, पूर्व मंत्री सलाउद्दीन सिद्दीकी, विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत, प्रदेष सचिव रंजीत यादव, त्रिवेणी पाल, रामनरेश चौरसिया, रामगोपाल यादव, राशिद अली, वीर बहादुर सिंह, चौधरी ज्ञान सिंह, राष्ट्रीय सचिव यूथ ब्रिगेड नागेन्द्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष/जिला निर्वाचन प्रभारी टी0बी0 सिंह, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, बचान सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष इश्तियाक अहमद, ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, प्रदेश सचिव महिला सभा सुहागवती, डॉ0 आशुतोष वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', विधानसभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा, अजय कुमार रावत, चन्द्रशेखर यादव, जिला सचिव रामकिशोर यादव 'जग्गी', रमेश राही, सुजीत यादव, राजू यादव, संदीप यादव, मनमोहन सिंह, मनोज कुमार यादव, फिरोज खान, सत्येन्द्र रावत, मो0 इसरार, विजय यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष अंजनी प्रकाश, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मनोज कुमार पाल, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार रावत 'टाइगर', महिला सभा जिलाध्यक्ष प्रेमलता यादव, शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष अवधेश सिंह यादव, के साथ सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बहन के घर जाने के लिए निकली महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**मलिहाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दो दिन पूर्व बहन के जाने के लिए घर निकली महिला न तो बहन के घर पहुँची न ही वापस घर आई। अनहोनी की आशंका के चलते महिला के पति छोटेलाल ने मलिहाबाद थाना पहुंचकर अपनी पत्नी सुनीता 50 वर्ष की गुमशुदगी की सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सुनीता दो दिन पूर्व यानी 29 जून को दोपहर करीब 3 बजे अपनी बहन के घर बुद्धेश्वर, लखनऊ जाने के लिए निकली थीं। लेकिन सुनीता वहां नहीं पहुंचीं। जब देर रात तक कोई खबर नहीं मिली तो परिजन चिंतित हो गए। महिला के पति ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में काफी तलाश की, लेकिन कहीं से कुछ पता नही चल सका। अत्यधिक परेशान होकर छोटेलाल ने थाना मलिहाबाद पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लापता महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई गई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पसमांदा मुस्लिम समाज के लालबाग स्थित कार्यालय में परमवीरचक्र विजेता, अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अब्दुल कय्यूम अंसारी की जयंती पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों ही अज़ीम शख्सियत को खिराज-ए-अक़ीदत पेश करते हुए दुआ ए मगफिरत की गयी। इस अवसर पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि पसमांदा मुसलमानो को अपने पूर्वजों पर गर्व है जिन्होंने अपने पिछड़े मुसलमानो के दर्द को समझा और उनकी पसमांदगी को दूर करने के लिये संघर्ष किया। जिनकी कोशिशों से आज सम्मान से जीने और पहचान बनाने का मौक़ा दिया है। अनीस मंसूरी ने कहा कि आज हम दो ऐसी महान हस्तियों को याद करते हैं, जिनकी यौम-ए-पैदाइश (जन्मदिन) पसमांदा समाज के लिए गर्व का प्रतीक है। ये दोनों न केवल पसमांदा मुस्लिम समुदाय के प्रेरणास्रोत हैं, बल्कि भारत की राष्ट्रीय और सामाजिक विरासत के अमर नगीने हैं। इनके जीवन, संघर्ष और बलिदान ने भारत के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अपनी जगह बनाई है। एक ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर किए, तो दूसरे ने सामाजिक और राजनीतिक चेतना की मशाल जलाकर समाज को नई दिशा दी। इन दोनों महान सपूतों को हमारा सलाम।

### हाईकोर्ट में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा हुए पेश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शहर के प्रतिष्ठित SRN अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं और बदहाली को लेकर मंगलवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा कोर्ट में स्वयं पेश हुए और अस्पताल में सुधार को लेकर उठाए गए कदमों की जानकारी कोर्ट को दी। हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव द्वारा प्रस्तुत की गई कार्रवाई और जवाब से फिलहाल संतोष जताया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अस्पताल की व्यवस्थाओं में ठोस सुधार होते रहने चाहिए। अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 जुलाई 2025 को निर्धारित की गई है। मामले में हाईकोर्ट लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है और SRN अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की अपेक्षा कर रहा है।

### पार्षद ने की नाला निर्माण की अपील

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनी नगर द्वितीय वार्ड में जलभराव की गंभीर समस्या एक बार फिर सामने आई है। वार्ड के पार्षद राम नरेश रावत ने महापौर और नगर आयुक्त से अपील करते हुए कहा कि अमौसी मेट्रो स्टेशन के बगल से होकर उनके आवास, नादरगंज, सिपेट चौराहा और बंधुवा तालाब तक जाने वाला मुख्य मार्ग महज दो दिन की बारिश में पूरी तरह जलमग्न हो गया है। करीब 800 मीटर लंबे इस मार्ग पर एक फीट तक पानी भर गया और डामर की सड़क कई जगहों पर गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। पार्षद ने बताया कि इस नाले पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है जिस कारण स्थिति और भी गंभीर हो गई। उन्होंने बताया की एक वर्ष पूर्व भी उनके द्वारा नगर आयुक्त से अनुरोध कर इस नाले पर से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए आग्रह किया गया था किंतु इस अतिक्रमण पर विभाग द्वारा अभी भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मार्ग से प्रतिदिन हज़ारो लोग आवाजाही करते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे भी शामिल हैं। अब विद्यालयों के खुल जाने के चलते बच्चों को आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। पार्षद राम नरेश रावत ने बताया कि वार्ड में जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है, जिससे हल्की सी बारिश भी लोगों के लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। उन्होंने कहा कि उनकी वार्ड विकास निधि से इतने बड़े कार्य संभव नहीं हैं, और जब तक इस मार्ग पर नाले का निर्माण नहीं होता, तब तक जलभराव की समस्या बनी रहेगी।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना का प्रथम संशोधन**

**खुली निविदा सूचना सं. टीआरडी–08–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25–02 कॉल दिनांक 06.06.2025** में निम्नलिखित संशोधन किए गए हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ई–निविदा सूचना सं० | टीआरडी–08–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25–2 कॉल | | |
| कार्य का नाम | 105 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर को 160 वर्ग मिमी कॉपर जम्पर में परिवर्तित करके ओएचई का वृद्धि, लखनऊ/एनआर डिवीजन में एंटी मंकी क्लाइम्बिंग डिवाइस का प्रावधान | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,97,59,004.60 | बयाना राशि | ₹2,48,800/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह | | |
| निविदा फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि | दिनांक 23.07.2025 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद। | | |
| प्रस्ताव की वैधता | निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन | | |
| उत्तर रेलवे की वेबसाइट | अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर चेक की जा सकती है। | | |
| पात्रता मापदण्ड | निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करता: 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां **वी** = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में **एन** = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2. निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महीने पहले के अन्तिम दिन तक); "कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो" **या** "कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो **या** "कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो"। **एक समान कार्य की परिभाषा होगी:** Similar work means design, supply, erection, testing & commissioning of 50 Hz, Single Phase 25 KV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने ऑफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें। | | |

**नोट:** इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सं.: टीआरडी–08–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–25–2 कॉल दिनांक 26.06.2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1989/2025

# सीवर का गंदा पानी पीने को मजबूर सैकड़ों परिवार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम ज़ोन 6 के गढ़ी पीर खां मोहल्ले के लोग इन दिनों गहरी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं। मोहल्ले के सैकड़ों घरों में नलों के जरिए महीनों से जो पानी सप्लाई हो रहा है, उसमें सीवर का गंदा और बदबूदार पानी मिला हुआ है। यह स्थिति केवल असुविधाजनक ही नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बन चुकी है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मोहल्ले में सीवर के एक मुख्य चैंबर का तल (बॉटम) महीनों से टूटा हुआ है, जिससे गंदा पानी लीक होकर सीधे पीने के पानी की पाइपलाइन में मिल रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह पानी पाइपलाइन के जरिए सैकड़ों घरों में पहुंच रहा है और लोग अनजाने में यही दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सुएज़ इंडिया कंपनी और नगर निगम लखनऊ में कई बार लिखित और मौखिक रूप से शिकायत की जा चुकी है लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। नतीजा यह है कि पूरे मोहल्ले को हर दिन जानलेवा पानी का सेवन करना पड़ रहा है। यह मोहल्ला अधिक ऊंचाई पर होने के कारण यहाँ जलकल विभाग की सप्लाई लाइन का पानी नहीं पहुंचता था जिस कारण इस मोहल्ले में वर्षो पहले जलकल विभाग द्वारा मेन सप्लाई लाइन को काटकर गढ़ी पीर खां मोहल्ले में सभी तरफ से लाइन को ब्लॉक करके एक मिनी ट्यूबवेल लगाकर मोहल्ले वासियों को पानी की सप्लाई की जाना शुरू की गई थी। टूटे हुए चेम्बर के पास से होकर गुजरने वाली पानी की यह पाइपलाइन भी कई जगह से क्षतिग्रस्त है, जिससे सीवर का लीक होता पानी आसानी से उसमें प्रवेश कर रहा है। न तो पाइपलाइन की मरम्मत की जा रही है, न ही सीवर चैंबर को दुरुस्त किया गया है। इलाके में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के बीच पेट के संक्रमण, डायरिया और त्वचा रोग जैसी गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। मोहल्लेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि इस टूटे हुए सीवर चैंबर की तत्काल मरम्मत कराई जाए। पानी की पाइपलाइन की जांच और मरम्मत सुनिश्चित की जाए जिससे की पूरे क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था हो सके। अब सवाल यह उठता है कि जब शिकायतें पहले ही सुएज़ इंडिया और नगर निगम तक पहुंच चुकी हैं, तो फिर इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार कौन है? और क्या लखनऊ नगर निगम तब तक इंतज़ार करेगा जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए?

## पत्नी से विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मलिहाबाद/लखनऊ। पत्नी से विवाद के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान चंदन के रूप में हुई है, जो पेशे से मजदूर था और नशे का आदी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात चंदन नशे की हालत में घर पहुंचा और पत्नी रूबी से कहासुनी होने लगी। रोज़-रोज़ के झगड़ों से तंग रूबी कमरे में जाकर सो गई। अगली सुबह जब रूबी जागी तो उसने चंदन को फंदे से लटकता पाया। घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जांच में सामने आया है कि चंदन शराब के नशे में पत्नी से अक्सर मारपीट करता था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिससे मौत के सही कारणों का पता चल सके।

## बिजली चोरी पर विभाग का शिकंजा, 5 लोगों पर केस दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में बिजली चोरी पर लगाम कसने के लिए पावर कारपोरेशन और शासन के निर्देश पर लखनऊ विद्युत विभाग की कार्रवाई तेज हो गई है। मंगलवार की सुबह मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की टीम व विजिलेंस टीम ने चौक मंडल में विशेष जांच अभियान चलाया, जिसमें बिजली चोरी के पांच मामलों का खुलासा हुआ और संबंधित लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। यह कार्रवाई चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेशचंद्र पाण्डेय के आदेश पर ठाकुरगंज डिवीज़न के आज़ाद नगर उपकेंद्र के अंतर्गत आने वाले यासीनगंज इलाके में की गई थी। सुबह 5 बजे से 8 बजे तक चले इस अभियान के दौरान अधिकारियों ने कुल 23 उपभोक्ताओं के कनेक्शन की जांच की, जिसमें स्थानों पर चोरी से 5 लोगों द्वारा चोरी से बिजली इस्तेमाल करने की पुष्टि हुई। जांच में पाया गया कि कुछ उपभोक्ता केबिल में सीधी कटिया डालकर और मीटर को बाईपास करके अवैध रूप से बिजली चोरी कर रहे थे। इन मामलों में कुल 9 किलोवाट तक की चोरी पकड़ी गई है। सभी दोषियों के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान लाइन लॉस को कम करने और राजस्व की हानि रोकने के लिए चलाया जा रहा है और इसे आगे भी लगातार जारी रखा जाएगा। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आस-पास बिजली चोरी की जानकारी हो तो वे इसे गोपनीय रूप से ''बिजली मित्र'' पोर्टल या 1912 नंबर पर सूचित करें। बिजली विभाग की इस सख्त कार्रवाई से जहां अवैध उपभोक्ताओं में हड़कंप है, वहीं ईमानदारी से बिजली उपयोग करने वालों में विभाग की इस पहल की सराहना हो रही है।

## गोमती नगर में एलडीए ने सील किये पांच अवैध निर्माण

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एलडीए ने शहर में अवैध निर्माणों पर शिकंजा कसते हुए गोमती नगर क्षेत्र में पांच बहुमंजिला और व्यावसायिक बिल्डिंगों को सील कर दिया। यह कार्रवाई एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर मंगलवार को प्रवर्तन जोन-1 की टीम द्वारा की गई। अभियान के तहत एलडीए प्रवर्तन दल ने मानकों के विपरीत निर्माणाधीन इमारतों पर सख्त कदम उठाते हुए उन्हें सील कर दिया। प्रवर्तन सेल प्रभारी सुशील प्रताप सिंह ने जानकारी दी कि गोमती नगर के विशाल खंड, विवेक खंड और गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में कई भूखंडों पर बिना किसी वैध अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा था। विशाल खंड के भूखंड संख्या-1/709 पर सोनू कुमार व अन्य द्वारा लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्र में अवैध बहुमंजिला भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह विवेक खंड के भूखंड संख्या-4/493 पर मंजू सिंह द्वारा लगभग 400 वर्गमीटर, भूखंड संख्या-4/300 पर गौरव सिंह द्वारा लगभग 300 वर्गमीटर, तथा भूखंड संख्या-4/289 पर अंजनी कुमार सिंह द्वारा लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्र में व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-6 में भूखंड संख्या-6बी/959 पर कंचनलता सिंह व अन्य द्वारा भी लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में अनधिकृत निर्माण कार्य कराया जा रहा था। इन सभी निर्माणों को लेकर विहित न्यायालय द्वारा सीलिंग के आदेश जारी किए गए थे, जिसके चलते प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से सभी अवैध निर्माणों को सील कर दिया। एलडीए की ओर से स्पष्ट किया गया है कि शहर में किसी भी प्रकार के अनधिकृत निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों ने हल्दी और रोली लगाकर बच्चों का किया स्वागत

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गुमानी खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में जुलाई माह के प्रथम दिवस विद्यालय पहुंचने पर बच्चों का मस्तकाभिषेक रोली, हल्दी, अक्षत से किया और माला पहनाकर व टॉफी देकर उनका स्वागत किया गया । मंगलवार को क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा में जुलाई माह के प्रथम दिवस पर बच्चों का स्वागत किया गया, बच्चों के माथे पर टीका लगाया तथा उन्हें माला पहनाने के साथ उन्हें टॉफी देकर शिक्षकों ने उनका स्वागत किया अपना स्वागत होते देख बच्चे बहुत गदगद हुए । प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि बच्चों के स्वागत के साथ-साथ विद्यालय की रसोइयों का भी सम्मान किया गया । इस अवसर पर वंदना ,विशेश्वर ,राम कुमारी , जग देई, बबली आदि उपस्थित थे ।

## टॉफी चॉकलेट पाकर बच्चों के खेल चेहरे

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज ब्लॉक के गौरा स्थित बेसिक विद्यालय में ग्रीष्मावकाश के बाद मंगलवार को अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं का टीका लगाकर और माला पहनकर स्वागत किया। विद्यालय में फूल और पत्तियों से विशेष सजावट भी की गई। मंगलवार को बेसिक विद्यालय गौरा में शिक्षकों ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया और साथ ही बच्चों को मिठाई और चॉकलेट दिए गए हालांकि इस दौरान बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रुचि श्रीवास्तव ने बताया कि विद्यालय 15 जुलाई तक 'स्कूल चलो अभियान'' की रैली निकलेगा , जिसमें नामांकन में वृद्धि हो सके। छात्रों के स्वागत के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापिका श्रीवास्तव , हेमलता तिवारी, सर्वेश कुमार , गीता पटवा , पुष्प लता, कुमुद मिश्रा, नीता वर्मा, दुर्गेश, नंदिनी, आरती समेत गीता कुमारी मौजूद रहीं।

## बेखौफ बदमाशों ने नगराम थाना में पदस्थ पुलिसकर्मी पर किया हमला

**नगराम , लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नगराम थाना क्षेत्र के ग्राम छंगा खेडा में उस समय हड़कंप मच गया जब ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी अनुज भाटी पर तीन अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। यह मामला बीते सोमवार को सामने आया है जब पुलिसकर्मी नगराम थाने से छंगा खेडा विवेचना हेतु निकले थे। रास्ते में जब वह बरकत नगर चौराहे के पास पहुंचे, तो देखा कि बिना नंबर प्लेट की एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सड़क के बीच खड़ी है, जिस पर तीन युवक सवार थे। पुलिसकर्मी ने जब पूछताछ के लिए उन्हें रोका तो आरोपियों ने विरोध कर दिया और गाली-गलौज करते हुए अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़ दी और सरकारी वाहन की चाबी छीनने का प्रयास किया। घटना के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा मदद मांगे जाने पर स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद एक आरोपी को पकड़ लिया गया, जबकि दो अन्य मौके से फरार हो गए। पकड़े गए युवक की पहचान धर्मेंद्र उर्फ बीर पुत्र छोटेलाल निवासी साहनखेड़ा, थाना गोसाईगंज लखनऊ के रूप में हुई है।फरार हुए अन्य दो आरोपियों की पहचान राहुल पुत्र रमेश व नारायण पुत्र जयकरण निवासी ग्राम साहनखेड़ा, थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ के रूप में हुई है। पकड़े गए आरोपी को थाना लाकर पूछताछ कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर रिमांड पर भेजा गया है । नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि ''पुलिस पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उन्हें भी हिरासत में लिया जाएगा।

## बिजली विभाग के कर्मचारियों को दिया गया सुरक्षा प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विद्युत नगरीय वितरण मंडल चौक के अंतर्गत ठाकुरगंज डिवीज़न के चौपटिया उपकेंद्र पर सोमवार को बिजली सुरक्षा को लेकर एक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर हुआ था। जिसमें अवर अभियंता और उपखंड अधिकारी की मौजूदगी में संविदा और नियमित कर्मचारियों को बिजली से जुड़ी सुरक्षा की जानकारी दी गई। अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पांडे ने बताया की प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को यह सिखाया गया कि बिजली से जुड़े औजार और उपकरण कैसे सुरक्षित तरीके से इस्तेमाल किए जाएं, जिससे काम के दौरान किसी तरह की दुर्घटना न हो। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह था कि सभी कर्मचारी सावधानी के साथ और सही तरीके से अपना काम करें, ताकि भविष्य में बिजली से जुड़ी कोई घटना न हो। इस मौके पर कर्मचारियों को सुरक्षा से जुड़े सामानों का सही इस्तेमाल, जरूरत पड़ने पर तुरंत क्या करना चाहिए, और काम करते समय किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है, इन सभी बातों की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि काम के तय नियमों और तरीकों का पालन करने से न सिर्फ कर्मचारी सुरक्षित रहते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को भी बेहतर सेवा मिलती है। उन्होंने ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण आगे भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे, ताकि सभी कर्मचारी बिना किसी खतरे के और पूरी तैयारी के साथ अपने काम को अंजाम दे सकें। कर्मचारियों ने भी इस प्रशिक्षण की तारीफ करते हुए कहा कि इससे उन्हें सुरक्षा और सही काम करने की समझ और बेहतर मिली है। यह कार्यक्रम कर्मचारियों के लिए न सिर्फ जानकारी देने वाला रहा, बल्कि उन्हें अपने काम में अधिक सतर्क और जिम्मेदार भी बना गया।

## शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम लखनऊ और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत 1 जुलाई 2025 से की गई है, जो पूरे महीने यानी 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। अभियान की शुरुआत नगरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, अलीगंज से हुई, जहां पर एंटी लार्वा टीम, स्वास्थ्य विभाग, मलेरिया विभाग और नगर निगम की टीमें एक साथ सक्रिय रहीं। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री, विधायक, पार्षद, सीएमओ लखनऊ, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, जोनल अधिकारी, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई और खाद्य निरीक्षक संचिता मिश्रा, सत्येंद्र नाथ, पुष्कर पटेल तथा फॉगिंग टीम मौजूद रहे। इन सभी विभागों और अधिकारियों ने अभियान को गति देने और शहर में संचारी रोगों के प्रसार को रोकने के लिए रणनीतिक सहयोग किया। अभियान का प्रमुख उद्देश्य संचारी रोगों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, मच्छरों की आबादी पर नियंत्रण, रोगों के प्रसार को रोकना और शहरी स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। यह अभियान पूरी तरह संयुक्त प्रयास के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न मशीनों के माध्यम से फॉगिंग और एंटी लार्वा स्प्रिंकलिंग का कार्य किया जाएगा। शहर के विभिन्न इलाकों में जाकर टीमें फील्ड में काम कर रही हैं ताकि बरसात के मौसम में डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित रोगों को फैलने से रोका जा सके। नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के इस समन्वित प्रयास का उद्देश्य केवल मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण ही नहीं, बल्कि लखनऊ को एक स्वस्थ और स्वच्छ शहर बनाना भी है। जनभागीदारी और सतत निगरानी के माध्यम से यह अभियान पूरे जुलाई माह तक सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगा।

## बलरामपुर अस्पताल में 6 माह से बंद है शव वाहन सेवा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सिर्फ कागज़ों पर चल रही है सरकार की ओर से गरीबों व असहायों को दी गई मुफ्त सेवा**

**जानकारी के लिए लगाए गए बोर्ड में एक नम्बर एंबुलेंस ड्राइवर का तो दूसरा मिला स्विच ऑफ**




लखनऊ (इम्तियाज़ अहमद)। बलरामपुर अस्पताल में गरीबों व असहायों के लिए शुरू की गई निशुल्क वाहन सेवा 6 महीने से बंद पड़ी है। जानकारी के लिए लगाए गए बोर्ड में शव वाहन के ड्राइवर की बजाय एंबुलेंस ड्राइवर का नम्बर दिया है। ज़रूरतमंदों की ओर से कई बार इसकी शिकायत अस्पताल प्रशासन से की गई लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है।

स्वाथ्य सेवाओं को लेकर जहां एक ओर सरकार तमाम दावे करती है वहीं बलरामपुर अस्पताल प्रशासन सरकार के इन दावों की खिल्ली उड़ा रहा है। बताया जाता है कि इस अस्पताल में शव ले जाने के लिए एक मुफ्त वाहन की व्यवस्था है, जिसका नम्बर यूपी 41 G 3283 है। यह वाहन सुपर स्पेशियलिटी विभाग, पीछे कचहरी गेट की तरफ हमेशा खड़ा रहता है। निशुल्क शव वाहन की जानकारी देने के लिए पूरे अस्पताल परिसर में सिर्फ दो बोर्ड लगे हैं। जिनमें दिए गए नम्बरों पर जब संपर्क किया गया तो एक नम्बर एंबुलेंस ड्राइवर का निकला वहीं दूसरा स्विच ऑफ मिला। इसी के चलते, कई ज़रूरतमंदों को मजबूरन प्राइवेट शव वाहनों को बुक करना पड़ता है। कुछ लोग जब इस मुफ्त सुविधा के लिए ज्यादा प्रयास करते हैं तो उन्हें शव वाहन की जगह एंबुलेंस उपलब्ध करा दी जाती हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि शव वाहन खड़ा रखकर इसे सिर्फ कागजों पर चलाया जा रहा है और इसके लिए आने वाला पैसा हड़प कर लिया जाता है। उनका मानना है कि जहां शव वाहन खड़ा है वहां की सीसीटीवी फुटेज चेक कर ली जाय तो हकीकत सामने आ जाएगी। ऐसे में बलरामपुर अस्पताल प्रशासन की मंशा पर सवाल खड़ा होता है कि जब अस्पताल में निशुल्क शव वाहन की व्यवस्था है तो उसे ज़रूरतमंदों को उपलब्ध कराने में क्या ही परेशानी? इस संबंध में जानकारी के लिए जब बलरामपुर अस्पताल के निदेशक को कॉल किया गया तो संपर्क नहीं हो पाया।

### प्रियांक खड़गे के बयान पर गरजे डॉ. राजेश्वर सिंह

## संघ मिटेगा नहीं, ये संकल्प है!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कर्नाटक सरकार में मंत्री एवं कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खड़गे द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाने की धमकी के बाद देशभर में तीव्र प्रतिक्रियाएँ सामने आ रही हैं। इस विषय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर के विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश्वर सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के माध्यम से एक सशक्त वक्तव्य जारी किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा, आरएसएस मात्र एक संस्था नहीं, यह राष्ट्र चेतना है, यह भारत की आत्मा है। जिस संगठन को प्रतिबंधित करने की बात की जा रही है, वह भारत की मिट्टी से उपजा, भारत माता की सेवा में सतत समर्पित संगठन है। डॉ. सिंह ने इस बयान को कंग्रेस की विचारधारा की दिवालियापन और भारत विरोधी सोच का परिचायक बताते हुए कहा कि यह वही मानसिकता है, जो सदियों से भारत की संस्कृति को कुचलने के प्रयास करती रही है, और अब यह प्रयास कंग्रेस के वंशवादी मंच से हो रहा है। अपने वक्तव्य के अंत में डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा:''जो संघ पर प्रतिबंध की बात करता है, वह भारत की सेवा, सुरक्षा, संस्कृति और स्वाभिमान पर हमला करता है। संघ मिटेगा नहीं यह संकल्प है। संघ बढ़ेगा, समाज बढ़ेगा। संघ रहेगा, भारत बनेगा!

### पूर्व विधायक अम्ब्रीश ने अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन कार्यकर्ताओं संग मनाया

## वृक्षारोपण, साइकिल वितरण व भंडारे से बढ़ी सामाजिक भागीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां , लखनऊ । मंगलवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मोहनलालगंज क्षेत्र में सेवा, समर्पण और सामाजिक चेतना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण जागरूकता को आगे बढ़ाते हुए 52 पौधों का वृक्षारोपण किया और जरूरतमंदों को साइकिल वितरित की गई।

अखिलेश यादव आज न सिर्फ एक अनुभवी राजनेता हैं, बल्कि करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत भी हैं। शिक्षित, दूरदर्शी और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण रखने वाले अखिलेश ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में शिक्षा, तकनीक, रोजगार और सामाजिक न्याय को नई दिशा दी। उनका सरल स्वभाव और जनसंपर्क की सहजता उन्हें जनता के बेहद करीब ले आती है।

जन्मदिन के मौके पर मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के बिन्दौवा गांव में 52 पौधों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन अम्ब्रीश सिंह पुष्कर द्वारा उनके पैतृक गांव में किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर मोहनलालगंज विधानसभा अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि उमाशंकर वर्मा, भरत यादव, मो. हनीफ, अरुणेश प्रताप उर्फ दल्लू सिंह, राजकिशोर रावत, राजू कुरैशी, सन्त राम रावत, ब्रह्मादीन रावत, अशर्फी लाल धीमान, हरी शंकर रावत, राम सुमिरन रावत, श्रीकृष्ण गौतम, बालकिशुन रावत, श्रीपाल, पुष्पेन्द्र कुमार रावत, रवि शंकर, दुर्गेश कुमार, कल्लू राम रावत, कुलदीप वर्मा, विजय यादव, अनिल वर्मा, फूलचंद्र रावत और महादेव रावत समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और शुभचिंतकों ने भाग लिया और अखिलेश यादव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके दीर्घायु, सक्रिय और जनहितकारी राजनीतिक जीवन की कामना की गई। इसी कड़ी में लखनऊ के कैसरबाग स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर भंडारे का आयोजन किया गया और जरूरतमंदों को साइकिल भी बांटी गई। पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर ने बताया कि लाभार्थियों में ग्राम हसनपुर निवासी राज कुमार पासी और ग्राम कपेरा मदारपुर के अंजनी कुमार वर्मा शामिल हैं।

## जलकल कर्मचारियों की लखनऊ में जनजागरण सभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। जलकल कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, लखनऊ (उ.प्र.) द्वारा कर्मचारियों की वर्षों से लंबित समस्याओं और मांगों को लेकर आंदोलन की तैयारी तेज़ हो गई है। आगामी 2 जुलाई 2025 को होने वाले विशाल धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को लालबाग जोन-1 स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय के सामने कर्मचारियों और पदाधिकारियों की एक जनजागरण सभा आयोजित की गई। इस सभा की अध्यक्षता नेबू लाल ने की। सभा में समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने जलकल प्रशासन पर कर्मचारियों की उपेक्षा और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। वक्ताओं ने कहा कि विभाग में न तो वेतन विसंगतियों का समाधान किया जा रहा है और न ही आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को समय पर वेतन, ईपीएफ और एसआई का भुगतान सुनिश्चित हो रहा है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को चिकित्सा प्रतिपूर्ति का लाभ नहीं मिल रहा है और पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सा कैशलेस योजना को अब तक लागू नहीं किया गया है। इसके साथ ही त्यौहारों पर मिलने वाले अवकाश तक कर्मचारियों को नहीं दिए जा रहे हैं।

सभा में यह भी आरोप लगाया गया कि विभाग में फर्जी फाइलों के जरिए भुगतान किया जा रहा है और रसूखदारों को अनुचित वित्तीय लाभ पहुंचाए जा रहे हैं। वहीं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तृतीय श्रेणी में पदोन्नति भी नहीं दी जा रही है, जिससे कर्मचारियों में भारी असंतोष है। सभा को राजेन्द्र यादव, अशोक कुमार, रामेश तिवारी, देवीदयाल, डी.बी. सिंह चौहान, हरीश कुमार, विजय भद्रवाज, अनिल कुमार और संजय श्रीवास्तव समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने संबोधित किया और सभी ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 2 जुलाई को जलकल विभाग के इतिहास का सबसे बड़ा आंदोलन होगा।

# लहरपुर में फल-फूल रहे अवैध अस्पताल

**बिना पंजीकरण और अग्निशमन एनओसी के मानक विहीन प्राइवेट अस्पताल खुलेआम धड़ल्ले से हो रहे संचालित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लहरपुर, सीतापुर। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते कस्बे में बिना मानकों के हो रहा संचालन प्रदेश सरकार स्वास्थ्य और चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाने की कवायद में जुटी हुई है शासन ने बेहतर चिकित्सा सुविधाओं से मुहैया कराने और मानक विहीन प्राइवेट हॉस्पिटलों पर शिकंजा कसने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दे रखे हैं.इसके बावजूद बिना पंजीकरण और अग्निशमन एनओसी के मानक विहीन प्राइवेट अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं वही जिम्मेदार विभाग ऐसे अस्पतालों के संचालक पर अंकुश नहीं लगा रहा है कस्बा लहरपुर में स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते करीब एक दर्जन से अधिक मानक विहीन प्राइवेट अस्पताल संचालित हैं वही लहरपुर तहसील के 500 मीटर की दुरी पर सिटी हॉस्पिटल अवैध तरीके से संचालित है जो कि बिना पंजीकरण और अग्निशमन के बिना ही संचालित है मानक विहीन अस्पताल खुलेआम संचालित हो रहे हैं सूत्रों की माने तो इनमें कुछ सक्षम अधिकारियों के संरक्षण में कुछ अवैध अस्पताल फल फूल रहे हैं अस्पतालों में डिग्री धारक डॉक्टर का कभी-कभी आना होता है ज्यादातर अस्पताल नर्स और अनट्रेंड स्टाफ के भरोसे चल रहे हैं ऐसे में आने वाले मरीज का इलाज अनट्रेंड स्टाफ के द्वारा ट्रीटमेंट किया जाता है जिससे कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जाता है और वही कभी कभी-कभी मरीजों की जान भी चली जाती है स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते अस्पतालों का गोरखधंधा से फल फूल रहा है मानक विहीन अस्पतालों पर अंकुश न लग पाने से संचालकों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और इन्हीं बुलंद हौसलों के कारण एक के बाद एक मानक विहीन अस्पतालों की संख्या बढ़ती जा रही है आखिर इन अस्पतालों के संचालकों के ऊपर किसका संरक्षण है.जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग जानकर भी अनजान बना हुआ है.अब ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे अब देखना यह है.कि स्वास्थ्य विभाग तहसील रोड पर बने सिटी हॉस्पिटल के खिलाफ क्या कार्रवाई करती है. यह गंभीर जाँच का विषय बना हुआ है।

# नहीं बना रास्ता, कीचड़ में होकर निकलने पर मजबूर ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्राम वासियों का है मुख्य मार्ग ।साण्डा मार्ग से गांव को जोड़ता है 400मीटर लम्बा मार्ग**

बिसवां, सीतापुर। वर्षों से निर्माण की बाट जोह रहा गांव का मुख्य मार्ग आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है।आलम यह है कि इस रास्ते पर होकर निकलना अब जोखिम भरा हो गया है फिर भी ग्रामीणों की लाख कोशिशों और जिम्मेदारों की मिन्नतें करने के बाद भी आज तक रास्ता नहीं बनवाया गया वह जस का तस पड़ा हुआ है जिसका दंश ग्रामवासी झेल रहे हैं। बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत जहांगीराबाद के मजरा गांव छठवान में पश्चिम की ओर एक कच्चा रास्ता गांव में विनोद कुमार वर्मा के मकान के पास से उत्तर की ओर जहांगीराबाद - साण्डा पेंटेड सम्पर्क मार्ग तक गया हुआ है।जो काफी समय से जर्जर पड़ा हुआ है। जगह जगह गड्ढे हो गये हैं जिनमें होकर निकलना मुश्किल हो गया है। छठवान गांव वालों का यह मुख्य मार्ग है। इसकी लम्बाई लगभग 400 मीटर होगी। इसी रास्ते पर होकर ग्रामवासी अपने अपने खेतों-खलिहानों को जाते हैं। इन दिनों बरसात होने के कारण रास्ता और खराब हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों बार ग्राम प्रधान से मार्ग बनवाने को कहा गया लेकिन उन्होंने टाल दिया। हार थक कर क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी से भी निवेदन किया गया। उनसे भी सिर्फ आश्वासन ही मिला। रास्ता न बनने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। रास्ते को बनवाये जाने के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मुनीर अहमद अंसारी व ग्राम विकास अधिकारी हरिओम श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि इस कार्य को कार्ययोजना में शामिल कर लिया गया है। बरसात के बाद बनवा दिया जायेगा। गांव के हरिनाम वर्मा, विनोद वर्मा, प्रमोद वर्मा, सर्वेश वर्मा, मोनू वर्मा, सुभाष वर्मा, राजेन्द्र वर्मा, बैजनाथ वर्मा, अशोक कुमार वर्मा, विनोद वर्मा, यदुनंदन सिंह वर्मा, प्रेम सागर वर्मा व गुड्डू वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने इस रास्ते को बनवाये जाने की मांग की है।

## गड्ढों में तब्दील सड़क पर दुसवारियो भरा सफ़र, सुबह से शाम तक सरकारी सिस्टम को कोस रहे सैकड़ों राहगीर

सकरन, सीतापुर। राष्ट्र पर सबकुछ न्योछावर करने वाले अमर शहीद भोलानाथ सिंह की जन्मस्थली अंदूपुर को जाने वाले मार्ग पर नहीं जा रहा क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों का ध्यान।विधान सभा बिसवां में सैकड़ों सड़कों के गड्ढामुक्त व निर्माण बाद भी अंदुपुर के निवासी एक अदद गड्ढा मुक्त सड़क को तरस रहे। भाजपा का अटूट गढ़ अंदुपुर जिसको सत्तासीन दल भी नहीं कर रहा गौर जबकि समूची विधान सभा में वोट प्रतिशत के मायने में नंबर वन पोलिंग के वोटर अपने आप को कर रहे ठगा महसूस, यही नहीं स्नातक, शिक्षक सहित सीतापुर विधान परिषद चुनावों में भाजपा का दिल खोलकर समर्थन करने वाले ग्रामवासी सत्तासीन एम एल ए, एम एल सी के मौन रूप व्यवहार से हतप्रभ।बिसवां सकरन के एकमात्र शहीद भोलानाथ सिंह की जन्मस्थली पर स्थानीय प्रशासन की बेरुखी व मौन रूप से ग्रामवासियों में असंतोष उत्पन्न कर रहा,अरसा व्यतीत होने के पश्चात गुमनामी में गुम हो चुके ।

# संस्तुति मात्रा की दर से ही उर्वरक प्रयोग करें किसान, उर्वरक की कोई कमी नहीं

कैनविज टाइम्स संवाददात

**जिला कृषि अधिकारी द्वारा उर्वरक की दुकानों का किया गया निरीक्षण अनियमितता पाये जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया**

सीतापुर । जनपद के समस्त कृषक बन्धुओं को सूचित करना है कि जनपद में निम्न विवरण के अनुसार उर्वरकों की उपलब्धता है जिसमें यूरिया 24698 मै टन, डीएपी 7544 मैटन, एनपीके 13014 मैटन, एमओपी 429 मै0टन, एसएसपी 8530 मै0टन उपलब्ध है।जनपद के किसी प्रकार के उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।

किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि संस्तुति मात्रा की दर से ही उर्वरक क्रय करें अनावष्यक भण्डारण न करें।आज दिनांक-30.06.2025 को जिला कृशि रक्षा अधिकारी, के साथ अधोहस्ताक्षरी द्वारा भ्रमण कर मैसर्स श्री अन्नपूर्णा ट्रेडर्स नेरीकलां,मैसर्स आईएफएफडीसी कृशक सेवा केन्द्र नेरीकलां, मैसर्स एग्री जंक्षन वन स्टॉप शाप ब्रम्हावली, मैसर्स शुक्ला खाद भण्डार काजीकमालपुर, मैसर्स अशोक खाद भण्डार हरगॉव, मैसर्स हीरालाल खाद भण्डार हरगॉव, मैसर्स रामसेवक खाद भण्डार हरगॉव, क्रय विक्रय समिति हरगॉव एवं गुप्ता फर्टिलाइजर्स हरगॉव का नरीक्षण किया गया, जिसमें मैसर्स शुक्ला खाद भण्डार काजीकमालपु के प्रतिनिधि द्वारा स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर न प्रस्तुत किये जाने के कारण उक्त फर्म को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।साथ ही निर्देषित किया गया कि समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेता अपने लाईसेंस की कापी प्रतिष्ठान पर चिपका कर रखेगें, स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर पूर्ण रखेगे, स्टॉक बोर्ड पर स्टॉक एवं दर का प्रतिदिन अंकन किया जाये तथा कृशकों को उर्वरक विक्रय की पॉश मषीन से निकली रसीद अवश्य उपलब्ध करायेगें।निजी क्षेत्र में उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध हो सके, के लिए जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। कन्ट्रोल रूम के नम्बर 8004894761, 9696055412, 9415379437 व 9151730701 पर समाधान पा सकते हैं तथा सहकारिता क्षेत्र के लिए कमरा नंम्बर 116 में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है जिसके मोबाईल नम्बर 7786049956, 9415103288, 7007557369 तथा सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता के दूरभाष 9415566046 पर शिकायत दर्ज कराकर समाधान पा सकते हैं।

## छात्र-छात्राओं का हुआ स्वागत



सीतापुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय भनवापुर कंपोजिट ब्लाक हरगांव में ग्रीष्मावकाश के उपरांत 1 जुलाई को विद्यालय खुलने पर सभी छात्र /छात्राओं का टीका,चंदन लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अवधेश जायसवाल ने कहा कि लगभग डेढ़ माह बाद स्कूल खुले है , पूर्व में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम को पुनः दोहरा ले। जो गृह कार्य दिया गया था उसे अपने शिक्षकों से निरीक्षित करा ले और पूरी ऊर्जा के साथ पढ़ाई करे।इस अवसर पर जय प्रकाश निगम,प्रवीण कुमार,सरोज कुमार,सोनम सिंह,सुखदेवसिंह,अभिषेक वर्मा,मेराज,नमिता गुप्ता,सगीर अहमद,वीरेश कुमार, धीरेन्द्र राठौर,रोहित शुक्ला,प्रशांत शुक्ला,स्मृति सिंह,सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं , कुछ अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# बिनौरा ग्राम पंचायत में प्रधान और सचिव ने मिलकर लूटी सरकारी रकम, ग्रामीणों में आक्रोश

**विकास खंड खैराबाद की पंचायत बिनौरा में लाखों का भुगतान जमीनी हकीकत कुछ और**

कैनविज टाइम्स संवाददा



सीतापुर। विकास खंड खैराबाद की ग्राम पंचायत बिनौरा में विकास कार्यों के नाम पर बड़े पैमाने पर वित्तीय धनराशि को प्रधान व सचिव की जोड़ी ने मिलकर आपस।के बंदरबाँट किया गया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं की धनराशि का जमकर दुरुपयोग किया गया है।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नल मरम्मत , नल रिबोर , दवा छिड़काव , इंटरलॉकिंग निर्माण , आंगनबाड़ी में बर्तन कार्य , ग्राम पंचायत में साफ सफाई आदि के नाम पर लाखो का भुगतान कराया गया।जिसमे काफी भारी अनिमिताये बर्ती गयी है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाकर मनरेगा जैसी योजनाओं में भी लाखों रुपये की बंदरबांट की गई है। जब भी पंचायत सचिव को किसी भी जानकारी के लिए फ़ोन किया जाता है तो पंचायत सचिव आम जनता का फ़ोन उठाना मुनासिब नही समझते है। जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों की मांग ऽ हो उच्चस्तरीय जांच, दोषियों के खिलाफ जांच कर उचित कार्यवाही की मांग की है । अब देखना होगा कि प्रशासन इस पर क्या संज्ञान लेता है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आगाज, डीएम ने किया शुभारंभ

**शहर से गुजरी जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहन, किया जागरूक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट से ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' का भव्य आगाज हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की मौजूदगी में अभियान का फीता काटकर शुभारंभ किया। इसके बाद जन जागरूकता रैली, वेक्टर कंट्रोल वाहनों का फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा उक्त का त्वरित एवं सही उपचार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। जिले में स्वास्थ्य से जुड़े दोनों प्रमुख अभियानो के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हो, भविष्य में उनके अच्छे परिणाम प्राप्त हो, इसके लिए पूरी टीम को शुभकामनाएं देती हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में संवेदनशीलता के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार काम कर रही है। उन्होंने स्वास्थ्य के क्षेत्र में ना केवल सरकार की ओर से किए गए प्रयासों का जिक्र किया बल्कि सकारात्मक परिणाम भी गिनाएं। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि संचारी रोगों व दिमागी बुखार के खिलाफ यह सिर्फ अभियान नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के लिए जनजागरुकता की लड़ाई है। राज्य सरकार इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने माहभर तक चलने वाले शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम ''संचारी रोग नियंत्रण अभियान'' की प्लानिंग व रूपरेखा को रेखांकित करते हुए इसकी आवश्यकता और प्रासंगिकता बताइ।इस जागरूकता रैली में आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम, स्वच्छता दूत भी बड़ी संख्या में शामिल रहे। यह रैली जागरूकता नारों का उदघोष करते हुए शहर के विभिन्न मार्गो से गुजरी। इस मौके पर डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव मौजूद रहे।

## संचारी रोगों को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करने का लिया संकल्प

जिले में संचारी रोगों और दिमागी बुखार (नवकी बीमारी) से बचाव के लिए जागरूकता अभियान के तहत डीएम ने शपथ दिलाई कि कि कोई भी सामान्य बुखार आगे चलकर जानलेवा दिमागी बुखार बन सकता है, जिससे शारीरिक और मानसिक विकलांगता तक हो सकती है। शपथ में लोगों ने संकल्प लिया कि वे शौच के लिए शौचालय का ही उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही व्यक्तिगत साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखेंगे, गांव के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखेंगे और समुदाय को भी स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।डीएम ने विशेष रूप से कहा कि यदि गांव में कोई बच्चा बुखार से पीड़ित होता है तो उसे तुरंत सरकारी अस्पताल में ले जाने के लिए उसके परिजनों को जागरूक किया जाए।अभियान के दौरान ''स्वस्थ व्यवहार अपनाना है, संक्रामक रोगों को हराना है'' का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया।

## सांड़ से टकराकर घायल हुए सब इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत



लखीमपुर खीरी। मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत बीती रात गस्त के दौरान कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश चंद्र शुक्ला की बाइक सांड से टकराई। सब इंस्पेक्टर की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत।मोहम्मदी कोतवाली में तैनात सब इंस्पेक्टर रमेश चंद शुक्ला बीती रात अपनी पिकेट से वापसी कर रहे थे तभी आवारा सांड से उनकी बाइक टकरा गई और गंभीर रूप से घायल हो गए जहां से उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया हालत गंभीर होने पर वहां से लखनऊ इलाज के लिए रेफर किए गए थे जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

## शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने पर जमा नदी ने शुरू किया कटान



लखीमपुर खीरी। शारदा नदी में समाया घर, शारदा नदी का जलस्तर बढ़ा नदी ने शुरू किया कटान , सदर तहसील के ग्राम पंचायत जंगल नंबर 11 के मजरा घोसियाना में शारदा नदी ने पक्के मकान काटने शुरू कर दिए है , नदी की जद में कई घर आ गए है अब नदी का रूख गांव की तरफ़ होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, ग्राम वासी नूरआलम अपने कटते हुए घर को निहार रहा है और शायद यही सोचता होगा कि जिस घर को तिनका तिनका जोड़कर घर बनाया था आज वह नदी में समाया जा रहा है और कुछ किया भी नहीं जा सकता।

## फूलबेहड़ पुलिस ने वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा द्वारा जनपद खीरी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी धौरहरा के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना फूलबेहड़ के नेतृत्व में थाना फूलबेहड़ पुलिस द्वारा, मु0सं0 2297/23, अ0सं0 198/23 धारा 323/498ए/506 भादवि व ৮ डीपी एक्ट में वारंटी अभियुक्त कल्लू पुत्र बुद्दराम को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी अभियुक्त का चालान माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

## झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत, किसानों की फसलों को भी मिला संजीवनी



मैगलगंज,खीरी। मैगलगंज कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में हो रही जोरदार और झमाझम बारिश , जिससे क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से राहत मिली। बीते कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और उमस से परेशान लोगों के लिए यह बारिश किसी संजीवनी से कम नहीं रही। वही तापमान में अचानक गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया और लोगों के चेहरों पर राहत के भाव नज़र आए। वहीं, बारिश का सबसे अधिक फायदा किसानों को मिला है। लंबे समय से बारिश न होने के कारण खेत सूखे पड़े थे और फसलें मुरझाने लगी थीं, लेकिन इस वर्षा से फसलों को पर्याप्त नमी मिल गई है, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है। स्थानीय किसानों का कहना है कि यदि इसी तरह कुछ और दिन बारिश होती रही तो फसल को बड़ी राहत मिलेगी।

## एडीएम ने की सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक

लखीमपुर, खीरी। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार की शाम कलेक्ट्रेट में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ शांति भूषण पाण्डेय ने संयुक्त रूप से किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। बैठक में अब तक किए गए चालानों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। एडीएम ने निर्देश दिए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया।एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई। बैठक में एडीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं गुड समेरिटन 'ला, के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता को लेकर निर्देश दिये।

# अधूरे पड़े रपटा पुल,घाघी की सफाई में खानापूर्ति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निघासन, खीरी। पिछले वर्ष की बाढ़ से हल्कान किसानों को अभी राहत नहीं मिल सकी। कि इस बार भी अनिश्चित समय पर बाढ़ ने दस्तक दे दी है।जिससे किसानों समेत बाढ़ से प्रभावित होने वाले गांवों के लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ नजर आ रही है।इधर डीएम खीरी दुर्गाशक्ति नागपाल की पहल से घाघी नाले की सफाई पर किसानों ने सवाल खड़े किए है।हालांकि रविवार को निघासन के किसान बख्शीस सिंह के साथ कई बड़े किसान पूर्व गृह राज्यमंत्री से मिलकर घाघी नाले की सफाई में प्रशासनिक अफसरों की लापरवाही से खानापूर्ति करने का आरोप लगाया है।उन्होंने बताया कि यह पता ही नहीं चल सका कि घाघी नाले की सफाई कब हुई है और कितनी जल्दी हो गई।इसमें अफसरों की बड़ी लापरवाही सामने आई है।जिस ढंग से सफाई करने के दिशा निर्देश और मानक थे उसके विपरीत काम करके सब चले गए।उन्होंने यह भी बताया कि बैलहा बांध पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है।इसे बनवाने के लिए भी कई बार क्षेत्रीय लोगों ने प्रयास लिए लेकिन घाघी की सफाई के दौरान इस बांध को भी बनवाने की मांग उठाई गई।डीएम ने आश्वासन भी दिया बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो सका है।जबकि शारदा का जलस्तर धीरे धीरे बढ़ रहा है। बाढ़ आने की प्रबल संभावना है।इस बार भी कई ग्राम पंचायत के वाशिंदे इस बांध की वजह से बाढ़ का दंश झेलेंगे।

# डॉक्टर्स डे : बेटियों को कैंसर से बचाने की पहल, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगवाएं वैक्सीन : डीएम

**बेटी के बचपन में वैक्सीन, उसके जीवनभर की हिफाज़त : डीएम आईएमए की अनूठी पहल पर सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान का आगाज**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। ''डॉक्टर्स-डे'' के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ वाणी गुप्ता, सीएमएस डॉ ज्योति मल्होत्रा, डॉ आरके कोली संग दीप जलाकर शुभारंभ किया।*वैक्सीन है सुरक्षा का कवच, बेटियों का बचपन सुरक्षित बनाएं : डीएम*कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने न केवल स्वयं अपने बच्चे को सर्वाइकल कैंसर वैक्सीन दिलवाने के लिए हामी भारी, बल्कि जिलेवासियों से भी अपील की कि वे इस गंभीर रोग से बचाव के लिए वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। उन्होंने कहा कि वैक्सीन सुरक्षा का कवच है, इसे अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित कर सकते हैं।कहा कि आईएमए द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीनेशन जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। सभी स्कूलों से अपील है कि वे इसमें सक्रिय भागीदारी करें, ताकि आने वाली पीढ़ी का स्वास्थ्य और भविष्य दोनों सुरक्षित हो सके।सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि यह सिर्फ स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि जनचेतना और जिम्मेदारी का विषय है। सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीनेशन एक प्रभावी उपाय है।उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में वैक्सीनेशन से संबंधित जानकारी व जागरूकता सामग्री वितरित की जाएगी।

**विशेषज्ञ बोले, यह टीका जितना जल्दी, उतना असरदार**

जिले की प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञों ने मंच से अपने विचार साझा किए और सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। महिला चिकित्सको ने यह बताया क़ियह वैक्सीन जितनी जल्दी लग जाये उतना प्रभावशाली है, 09 वर्ष से 14 वर्ष की बालिकाओ को 02 डोज़ तथा 14 वर्ष ऊपर 45 वर्ष तक की महिलाओ को 03 डोज़ लगाने जरूरी हैं।इस अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिले के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने मेडिकल (गक्क्ट्ठ) एवं इंजीनियरिंग (ऋ्क्क्ठ) जैसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में अपने परिश्रम से सफलता प्राप्त की।

# डीएम ने जीआईसी के छात्र सुरेश पाल को टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**डीएम ने कहा 20 वर्षो के पश्चात जनपद की टॉप 10 की सूची में जी.आई.सी. के छात्र ने नवम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को किया गौरवान्वित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में जीआईसी के छात्र सुरेश पाल पुत्र गंगाराम को हाईस्कूल की परीक्षा में 565/600 कुल 94.17 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिये कलेक्ट्रेट कार्यालय में टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुरेश पाल ने माध्यमिक शिक्षा परिषद की आयोजित हाईस्कूल की परीक्षा में जनपद में नवम स्थान एवं विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर राजकीय इण्टर कालेज, रायबरेली को गौरवान्वित किया है।उल्लेखनीय है कि विगत 20 वर्षो के पश्चात राजकीय इण्टर कालेज के छात्र सुरेश पाल द्वारा जनपद की टॉप-10 की सूची में नवम स्थान प्राप्त किया गया है।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, विद्यालय के प्रधानाचार्य रत्नेश कुमार व छात्र के अभिभावक उपस्थित रहें।

## फंदे से लटका मिला महिला का शव डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र स्थित उम्मीदों का शहर कॉलोनी में एक नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान 20 वर्षीय मुस्कान के रूप में हुई। उसकी शादी डेढ़ साल पहले आमिर से हुई थी। सोमवार देर रात मुस्कान का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। मृतका के परिजनों ने पति आमिर और सास नूरी पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक, शादी के कुछ महीने बाद से ही मुस्कान को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। आमिर और उसकी मां सोने की चेन और मोटरसाइकिल की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर मुस्कान के साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था।बता दे कि मृतका ने कई बार मायके फोन कर अत्याचारों की जानकारी दी थी। घटना से एक दिन पहले भी उसने अपनी मां से रोते हुए बात की थी। उसने बताया था कि पति ने उसे बुरी तरह पीटा है। परिजनों का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि सुनियोजित हत्या है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए हैं। कोतवाल के अनुसार, परिजनों की तहरीर के आधार पर मामले की गहन जांच की जा रही है।

## जिला कृषि अधिकारी ने थोक उर्वरक विक्रेता से वर्चुअल बैठक कर दिया निर्देश

उन्नाव। जिला कृषि अधिकारी शशांक द्वारा जनपद के समस्त उर्वरक प्रदायकर्ता कंपनी प्रतिनिधि, थोक उर्वरक विक्रेता से वर्चुअल बैठक के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि जिले में उनकी कंपनी द्वारा आपूर्ति किए जा रहे मुख्य उर्वरक जैसे डीएपी यूरिया एनपीके के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग ना करें और थोक विक्रेता किसी भी दशा में कंपनी से अन्य उत्पादों को क्रय नहीं करेंगे ना तो खुदरा विक्रेताओं को टैगिंग करेंगे। यदि किसी खुदरा विक्रेता द्वारा किसी कंपनी का अन्य उत्पाद कृषकों को मुख्य उर्वरकों के साथ टैगिंग की जाती है तो संबंधित खुदरा विक्रेता, थोक उर्वरक विक्रेता एवं कंपनी प्रतिनिधि व कंपनी के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज करते हुए वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। समस्त थोक विक्रेताओ को निर्देशित किया गया कि अपने समस्त खुदरा विक्रेताओ को सूचित करे कि जनपद में आपूर्तित एवं उपलब्ध उर्वरकों का कृषकों के मध्य उनकी कृषि जोत, फसल के अनुसार ही वितरण करें। साथ ही उर्वरकों की उर्वरकवार बिक्री दर तथा स्टॉक का अंकन रेट/स्टॉक बोर्ड पर प्रतिदिन अंकित किया जाये व स्टॉक/वितरण रजिस्टर अनिवार्य रूप से बनाया जाये। तथा कृषको को बिक्री किये गये उत्पाद की कैश मेमो/बिल आवश्य दे। ऐसी नही करने वाले विक्रेता के विरूद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरक का विक्रय निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर या मुख्य उर्वरक के साथ कोई अन्य उत्पाद जबरन देता है तो संबंधित कृषक अपनी शिकायत कंट्रोल रूम नंबर 7839882173 पर कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दर्ज कर सकते हैं।

## चालक की लापरवाही से ट्रक डिवाइडर पर चढ़ा, टला बड़ा हादसा



रायबरेली। थाना क्षेत्र अंतर्गत कन्नावा गांव के पास लखनऊ प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर उस समय हड़कंप मच गया जब अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया।चालक की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण देखने को मिला। प्राप्त जानकारी अनुसार एक डीसीएम चालक अपना डीसीएम लेकर प्रयागराज से लखनऊ जा रहा था। जैसे ही वह स्थानीय थाना क्षेत्र के कन्नावा गांव के पास पहुंचा, तभी रॉंग साइड पर स्थित एक सीएनजी टंकी उसे दिखाई दी, जहां वह सीएनजी भराने के लिए डिवाइडर के ऊपर से अपनी गाड़ी लेकर जाने लगा। तभी उसका डीसीएम डिवाइडर के बीचों बीच में फस गया, और लखनऊ से रायबरेली की ओर जा रही है तेज रफ्तार कार उसकी चपेट में आते आते बाल बाल बच गई नही तो बड़ा हादसा हो जाता। फिलहाल प्रत्यक्षदर्शियो की मानी जाए तो उनका कहना है कि डीसीएम चालक की लापरवाही के कारण एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया फिलहाल सभी सुरक्षित हैं किसी के जख्मी होने की कोई खबर नहीं है।

## महिला थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों को समझाकार भेजा घर

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के आदेश एवं निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिला थाना पर आवेदिका किरण पत्नी सुनील कुमार निवासी नक्शापुर थाना खीरों रायबरेली खुशबू पत्नी अशफाक निवासी नसीराबाद वार्ड नंबर थाना नसीराबाद रायबरेली दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी में पारिवारिक विवाद को लेकर काफी तनाव था, जिससे दोनों अलग- रह रहे थे। महिला थाने द्वारा तत्काल प्रभाव से दोनों पक्षों को एवं उनके परिवारीजन को बुलाकर, काफी समझाने-बुझाने पर पति-पत्नी आपस में सुलह समझौता कर लिए एवं एक साथ रहने को तैयार हुए।

## विधायक राहुल लोधी हर संभव मदद का दिया आश्वासन



रायबरेली। खीरो विकासखंड के महारानीगंज में हुई हत्या पर क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी ने पहुंचकर परिवार से की मुलाकात हर संभव मदद का दिया। आश्वासन आपको बताते चलें 1 जुलाई 2025 समय करीब 4 बजे खीरों विकासखंड के महारानीगंज में हत्या पर विधायक राहुल लोधी पहुंचे पीड़ित परिवार के घर जिसमें व्यापारी की हो चुकी है मौत वही पत्नी गंभीर रूप से है। घायल एम्स में चल रहा है इलाज राहुल लोधी के द्वारा जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों को गिरफ्तार कर की जाए कार्यवाही अन्यथा विधायक और रायबरेली के सपा कार्यकर्ता करेंगे आंदोलन।

# डीएम ने जागरूकता रैली, प्रचार प्रसार व फॉगिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जनपद में शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ मंगलवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कंपोजिट विद्यालय चक अहमदपुर में बच्चों , शिक्षकों, आंगनवाड़ी कार्यकर्तियों, आशा बहु, जिला स्तरीय अधिकारियो को शपथ दिला कर किया। संचारी रोगों से बचाव के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके साथ ही जागरूकता रैली, प्रचार प्रसार व फॉगिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों से बचाव पूरी तरह संभव है। जागरूकता और व्यापक साफ सफाई से संचारी रोगों से बचा जा सकता है। संचारी रोग जैसे डेंगू, मलेरिया , चिकनगुनिया मच्छरों के काटने से ही होते हैं। इसलिए सभी लोग साफ सफाई रखें और अन्य लोगों को भी जागरूक करें । मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा स्टॉप डायरिया कैंपेन व 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान कोई सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग सहित कुल 13 विभाग सहयोग कर रहे हैं। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डी. एस. अस्थाना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ पुष्पेंद्र कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह ,नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी स्वर्ण सिंह मौजूद रहे।

# स्कूलों के नए सत्र की शुरुआत, जिलाधिकारी ने बच्चों का स्वागत करते हुए दी बधाई



**नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक जाएगें घर–घर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। बेसिक शिक्षा विभाग में आज से गर्मी की छुट्टियों के बाद सत्र शुरू हो गया है। नए सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल चलो अभियान, नामांकन मेला और पुस्तक वितरण का कार्यक्रम किया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि परिषदीय विद्यालयों की स्थिति बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूलों चलो अभियान के माध्यम से विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ़ाने के लिए शिक्षक, विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य व मां समूह के सदस्य घर-घर जाएंगे। वहीं, बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने राही ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय झकरासी में बच्चों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। पहले दिन विद्यालय खुलने पर बच्चों का रोली-चंदन लगाकर स्वागत किया जाएगा।

# कोतवाली प्रभारी ने प्रशस्ति पत्र देकर होमगार्ड को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। विगत माह की भांति इस माह भी 1 जुलाई 2025 को लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर कोतवाली प्रभारी व पीसी इंद्रमणि सिंह द्वारा होमगार्ड बृजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि, प्लाटून कमांडर इंद्रमणि सिंह चौहान ने यह जानकारी देते हुए बताया कि, महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 जुलाई को कोतवाली परिसर महराजगंज में होमगार्ड बृजेश कुमार सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ,पेशकार अशफाक,सीओ,दिवान सूरज कुमार वर्मा, एसआई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहारिर रविकांत पाण्डेय ,दीवान अजय चौधरी, हिमांशु ,कुंदन, धर्मेंद्र कुमार पांडेय, बी. ओ. राजेश कुमार राय,ए. सी. सी. बुध्दिसेन शर्मा, पी.सी रमेश मौर्य ,राजेश कुमार सिंह , राम प्रताप यादव, जगदीश गुप्ता, रामदास यादव, राम प्रकाश, कमलाकान्त, सन्तोष द्विवेदी, शिवकरन यादव, मुकेश कुमार यादव, रामराज यादव ,लाल मोहम्मद , दिनेश कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह,रामकुमार सिंह, जगदेव मिश्रा ,राम भुवन सिंह, धर्मदास, सुरेश यादव, छेदीलाल ,रामकुमार यादव, रामयस मौर्य, ईशा मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# छोटी काशी गोला में डीएम–एसपी ने की बैठक, परखी तैयारियां

**कांवड़ यात्रा की तैयारियों में जुटा प्रशासन, डीएम–एसपी ने किया मार्गों का निरीक्षण**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। आगामी श्रावण मास में गोला गोकर्णनाथ में लगने वाले श्रावण मेले को लेकर मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नीलकंठ मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू', भाजपा नेता मोंटी गिरी, प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारियों और समाजसेवियों संग बैठक की। उन्होंने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से साझा रणनीति तैयार की और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए।

**श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, सुविधा-सुरक्षा सर्वोपरि : डीएम**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तैयारियों की गहन समीक्षा करते हुए सभी को श्रावण मास की शुभकामनाएं दीं। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। श्रद्धालु हमारे अतिथि हैं, उनका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। सावन मेले के पारंपरिक स्वरूप को देखते हुए हर विभाग को जरूरी जिम्मेदारियां दी गई हैं। श्रद्धालुओं के लिए यात्रा मार्ग पर एंबुलेंस, औषधियां, कंट्रोल रूम, साफ-सफाई और सीसीटीवी निगरानी जैसे प्रबंध किए जा रहे हैं। डीएम ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रखी गई गोला कॉरिडोर की नींव अब आकार ले रही है। उन्होंने संकेत दिया कि श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा जैसे आयोजन भी इस बार आकर्षण का केंद्र होंगे।डीएम ने बताया कि सड़कों की मरम्मत, कंट्रोल रूम की स्थापना और अन्य सभी तैयारियों पर हर विभाग पूरी मुस्तैदी से जुटा है। उन्हें विश्वास है कि जनसहयोग और प्रशासन की संयुक्त प्रयासों से इस बार का श्रावण मेला दिव्य और भव्य रूप लेगा।एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सभी के सेवा भाव से श्रावण मास अच्छे से गुजरता है। श्रद्धालुओं की सुविधा आपकी छोटी-सी मेहनत से बड़ी राहत बन सकती है। अफसरों से आग्रह किया कि परंपरागत व्यवस्थाओं को नए दृष्टिकोण और समर्पण से और बेहतर बनाया जाए। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार सभी विभाग मिलकर पूरी प्रतिबद्धता से काम करेंगे और स्वयंसेवक की भावना से सहयोग देंगे।नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने श्रावण मेले के लिए पालिका की ओर से की जाने वाली व्यवस्थाओं को रेखांकित किया। मेले के दौरान सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिलता है। वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरी ने श्रावण मास की मुख्य धार्मिक तिथियों और जलाभिषेक के विशेष दिवसों की जानकारी साझा की।बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कांवड़ रूट पर ट्रांसफार्मर व खुले तारों की जांच कर सुरक्षा प्रमाण पत्र लिया जाए। विद्युत लाइटिंग की भी सुरक्षा जांच कर रिपोर्ट सुनिश्चित की जाए। दुकानों पर रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगाई जाए। कंट्रोल रूम में अधिकारी सतर्क रहें। सीसीटीवी, खोया-पाया केंद्र, पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम, पार्किंग और बैरिकेडिंग की व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं।इससे पहले डीएम-एसपी ने पालिका अध्यक्ष, एडीएम, एएसपी व अन्य अफसरों संग गोला गोकर्णनाथ के कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रूट डायवर्जन, ट्रैफिक व्यवस्था, पेयजल, अस्थाई शिविरों, प्राथमिक चिकित्सा व एंटी स्नैक वेनम की व्यवस्थाएं देखीं और रुक-रुक कर अफसरों को जरूरी निर्देश दिए। कार्यों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया गया।

**गोला में पॉलिथीन बैन की नई पहल, डीएम-एसपी ने बांटे कैरी बैग**

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ की ओर से पॉलिथीन पर रोक के लिए एक नई पहल की गई। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी संकल्प शर्मा ने पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला 'रिंकू' के साथ नगर में कैरी बैग वितरण योजना का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को पुनः प्रयोग योग्य थैले वितरित किए और लोगों से पॉलिथीन के प्रयोग से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा के लिए यह सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीपीआरओ विशाल सिंह, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नकली दवाएं और मिलावटी खाद्य पर चलेगा डंडा

**सीमावर्ती क्षेत्रों में होगी सघन छापेमारी**

**एडीएम ने दिए निर्देश, कांवड़ यात्रा मार्गों और बाजारों पर विशेष निगरानी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन परामर्श समिति की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा, औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य और राजस्व समेत संबंधित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। बैठक का संचालन सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय)बृजेंद्र शर्मा ने किया।बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने निर्देश दिए कि नकली, अधोमानक व मिथ्याछाप दवाओं के निर्माण और विक्रय को रोकने के लिए खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में अभिसूचना आधारित सघन छापेमारी की जाए। मेडिकल स्टोरों का सघन निरीक्षण हो और पाई गई खामियों पर कठोर प्रवर्तन कार्रवाई की जाए।श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा और आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को गुणवत्तायुक्त खाद्य और पेय पदार्थ मिलें, इसके लिए समस्त भंडारों और दुकानों की नियमित जांच की जाएगी। यात्रा मार्गों पर मीट, मछली और अंडे की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा एनजीओ और धार्मिक संगठनों द्वारा संचालित पंडालों में परोसे जा रहे भोजन की गुणवत्ता की भी निगरानी होगी।आवश्यकता पड़ने पर खाद्य नमूने लेकर लैब में परीक्षण के लिए भेजे जाएंगे।एडीएम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि दुग्ध उत्पाद, बंद पैकेट वाले खाद्य पदार्थ, होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग यूनिट और किचन की नियमित जांच करें। खाद्य रंग, मिलावटी तेल और एक्सपायरी आइटम की बिक्री पर रोक लगाने को कहा गया।बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक के लिए संयुक्त टीमें बनाकर नियमित अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। दुकानों पर रेट लिस्ट लगवाने और कैश मेमो देने को अनिवार्य किया गया है। साथ ही क्षेत्रवार बाजारों का निरीक्षण कर बिक्री रिकॉर्ड की भी जांच की जाएगी।एडीएम ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी क्षेत्रवार जिम्मेदारियां लें और विशेष सतर्कता बरतें। लोगों को जागरूक करने के लिए आईईसी गतिविधियों का सहारा लिया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित हो।

# कागजों में बेदखल,फिर भी सार्वजनिक जमीन पर काबिज हैं प्रभावशाली

**तहसीलदार कोर्ट द्वारा बेदखली आदेश के अनुपालन में रूचि नही दिखा रहा प्रशासन, सरकार के आदेश पर ठेंगा दिखा रहे राजस्व कर्मी,उच्चाधिकारी भी मौन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नसीराबाद,रायबरेली। गांव की सार्वजनिक जमीनों को खाली करने के चाहे जितने अभियान चलें, कोर्ट और सरकार चाहे जितना सख्त हो जाये, पर यहां सलोन तहसील में अवैध कब्जेदार कागज में बेदखल होता है,जमीन पर से नहीं। अब इसमें हल्का लेखपालों की मनमानी कहें या तहसील के जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी।इस हकीकत का खुलासा सलोन तहसील के विभिन्न राजस्व गांवो में देखने को मिल रहा है। विदित हो कि सरकारी जमीन नाली, चकरोड, खलिहान, ऊसर,बंजर,खेल का मैदान, तालाब, चारागाह, ग्राम समाज की परती और आबादी क्षेत्र सहित जो भी सरकारी जमीन है। ग्राम पंचातय स्तर पर इसके रख-रखाव की जिम्मेदारी भूमि प्रबंधन समिति की होती है। समिति में लेखपाल मंत्री होता है। अवैध कब्जे से मुक्त कराने के शासन के आदेश पर प्रशासन अभियान चलाता है। पर इस अभियान का कितना असर होता है इसकी हकीकत खोलने के लिए कई मामले पर्याप्त है। यही नहीं प्रशासन जिन जमीनों को दबंगों के कब्जे से खाली कराने में कहीं भी पेंचीदी नजर आती है तो लेखपाल (भूमि प्रबंधन समिति का मंत्री) उसके खिलाफ तहसीलदार कोर्ट में धारा 67 का मुकदमा दायर करता है। अधिकांश मामलों में इस मुकदमें में जमीन खाली कराने का आदेश सरकार के पक्ष में होता है। इस मुकदमें का वादी राजस्व विभाग का लेखपाल होता है। कोर्ट से बेदखली आदेश के बाद भी राजस्व विभाग की नाकामी के चलते अधिकांश मामलों को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। बानगी के लिए तहसील क्षेत्र के महमदपुर नमकसार समेत तहसील के विभिन्न राजस्व गांवों में खलिहान,ऊसर,तालाब आदि सार्वजनिक जमीनों पर अवैध कब्जे का मामला आया। जिसमें तहसीलदार कोर्ट से तत्कालीन तहसीलदार ने अवैध कब्जा करने वाले को बेदखल करते हुए जुर्माना भी ठोंका। लेकिन एक वर्ष बीत जाने के बाद भी तहसीलदार कोर्ट के आदेश पर अनुपालन ही नहीं हो सका। इस बारे में सलोन तहसीलदार दीपिका सिंह ने कहा कि सरकारी जमीनों पर हुए अवैध कब्जे को लेकर कोर्ट से बेदखली के आदेशों की जानकारी नही है,अगर ऐसा है तो अवैध कब्जा धारकों पर कार्यवाही कर सुरक्षित भूमि को कब्जा मुक्त करवाया जाएगा।

# मनरेगा में हो रहे भ्रष्टाचार पर मूक दर्शक बने हुए हैं बीडीओ व प्रमुख

**इन गांवो में चल रहा मनरेगा में भ्रष्टाचार का खेल गुड़ सरा,वीरपुर मालौना और धोबाहाराय**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के हलधर मऊ विकास खंड में मनरेगा योजना बेपटरी हो चुकी है और यहां भ्रष्टचार अपनी चरम सीमा पर है।बीडीओ, एपीओ व तकनीकी सहा यक से लेकर अन्य जिम्मेदार अधिकारी जान-बूझकर आंखें बंद किए हुए हैं।सरकारी धन की बंदरबांट का आलम यह है कि फर्जी मस्टर रोल के जरिए केंद्र सर कार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना को पलीता लगाया जा रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि आखिर यहां मनरे गा योजना में भ्रष्टाचार पर कब नकेल लगेगी।बताते चलें कि हलधर मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायत उमरिया को मनरेगा पोर्टल पर खंगालने की कोशिश की तो डबल रोल का खेल बदस्तूर जारी मिला है। ग्राम पंचायत उमरिया में जगदंबा के खेत से गणेश के खेत तक नाला खुदाई का चार कार्यों पर मस्टर रोल में 128 श्रमिक दिखाए गए लेकिन जी फोटो अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है और सच्चाई से पर्दा उठ गया है।इसी तरह ग्राम पंचायत वीरपुर में भी तीन कार्यों के लिए 75 श्रमिकों का मस्टर रोल चल रहा है, लेकिन गाँव में मनरेगा का भ्रष्टाचार के आगे दम घुट रहा है।मनरेगा पोर्टल पर जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें सभी एक जैसी दिखाई दे रही हैं।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि डबल रोल का खेल ब्लॉक हल धर मऊ में बेखौफ जारी है।जिस तरह से हलधर मऊ विकास खंड की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है,वह सिस्टम पर सवाल खड़ा कर ता है।ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है बल्कि जांच के नाम सिर्फ पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लि या जाता है।ऐसे में इस योजना का लाभ लोगों को न हीं मिल पा रहा है।ग्रामीण इसके लिए खंड विकास अधिकारी,प्रमुख और तकनीकी सहायक को ज्यादाजिम्मेदार बता रहे हैं।इस संबंध में सीडीओ अंकिता जैन का कहना है कि मामले की जांच कराकर कार्र वाई की जाएगी।

### फर्जी मस्टर रोल,फर्जी मनरेगा श्रमिक

ग्राम पंचायतों में फर्जी मस्टर रोल तैयार कर मनरेगा योजना के तहत तालाब खुदाई,नाला सफाई व चक मार्ग पर मिट्टी पटाई का कार्य दिखाकर धन की बंदर बांट की जा रही है।हद तो यह है कि यहां एक दिन में कहीं 128, कहीं 108, तो कहीं 105 तो कही 75 श्रमिकों की हाजिरी लगाई जा रही है।वहीं दूसरी तर फ,सूत्र बताते हैं कि धरातल पर सिर्फ नाम मात्र श्रमि क काम करते हैं।इस कारनामे को अंजाम देने में सिर्फ प्रधान व एपीओ ही जिम्मेदार नहीं है,बल्कि ब्लॉक के अफसर,ब्लॉक प्रमुख और बीडीओ की भी इसमें बरा बर की हिस्सेदारी बताई जाती है।बेरोजगारों को रोज गार मुहैया कराने के नाम पर निदुरा,उमरिया,गुड़सरा, वीरपुर मालौना,और धोबाहाराय के प्रधान ने अपने रसूख से मनरेगा योजना को पलीता लगाने का ऐसा जाल बुन रखा है,जिसे भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कहा जा सकता है।

### ग्रामीणों का आरोप,बीडीओ ने दे रखी लूट की छूट

गांव वालो का आरोप है कि हलधर मऊ ब्लॉक के बीडीओ ने मातहतों को लूट करने की खुली छूट दे रखी है।ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारी भी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर इस लूट में शामिल बताए जाते है इससे स्पष्ट है कि अधिकारियों और कर्म चारियों की मिलीभगत से एक ही फोटो को बार-बार इ स्तेमाल करके मनरेगा योजना में हेराफ़ेरी की जा रही है,साथ ही पारदर्शिता के लिए बनाया गया एनएमएम एस ऐप को भी भ्रष्टाचार का मजबूत हथियार बना लिया गया है।बताते हैं कि पंचायतों के निर्माण कार्य की मॉनीटरिंग करने वाले अधिकारी पोर्टल पर दर्ज फोटो व मस्टर रोल की जांच नहीं करते हैं,जबकि इस तरह का फर्जीवाड़ा करने में सहयोग कर रहे हैं,जो प्रश्नचिन्ह है।सबूत होने के बाद भी जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। इससे भी गड़बड़ी करने वालों के हौसले बुलंद हैं और वह लगातार मनरेगा योजना को पलीता लगा रहे हैं।

## एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की शुरुआत, कमिश्नर ने किया पौधरोपण



गोण्डा। आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने मंगलवार को आयुक्त कार्यालय परिसर में पौधरोपण कर ल्लएक पेड़ मां के नाम 2.0ङ्क वन महो त्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया।इस अवसर पर आयुक्त ने लोगों से आह्वान किया कि वे इस अभियान से जुड़ें और अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं।उन्होंने कहा, ल्लएक पेड़ मां के नाम लगाना न सिर्फ एक भावनात्मक पहल है, बल्कि यह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी दर्शाता है।वन महोत्सव' कार्यक्रम एक जुलाई से शुरू होकर सात जुलाई तक चलेगा,जिसके दौरान पूरे मण्ड ल में विभिन्न स्थानों पर सघन वृक्षारोपण गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।इसमें स्कूल,कॉलेज,सरकारी कार्यालय, सार्वजनिक स्थान और ग्राम पंचायतें शामि ल होंगी।

## युवाओं में बढ़ती नशे की लत चिंता का विषय: सुशील मिश्रा

**गलत संगत में पड़कर युवा नशे के जाल में फंस कर अपना दिमागी संतुलन खो रहा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। नशे का जाल,इसमें युवाओं में बढ़ती नशे की लत को लेकर चिंता व्यक्त की गई है।गोंडा जिले के क स्बा या शहर में अवैध मादक पदार्थ बड़ी आसानी सेखुले बिक रहे है।जो युवाओं को बड़ी आसानी से उप लब्ध हो जाते हैं।युवा पीढ़ी के ऐसे अभिभावक,जो अ पनी व्यापारिक व्यस्तताओं में उलझे रहते हैं,अपने ब च्चों को समय नहीं दे पाते।वह कहां जाता है,किससे मिलता है,उसके मित्रों की आदतों की जानकारी लेने की चिंता नहीं करते हैं।ऐसी लापरवाही से ही युवा पी ढ़ी नशे की गिरफ्त में आती चली जाती है।गलत संगत में पड़कर नशा करने की छोटी-छोटी शुरुआत से ही धीरे-धीरे नशे की आदत उसके शरीर पर गहरी पकड़ बना लेती है।ऐसी अवस्था में नशे की भूख उसके लिए असहनीय हो जाती है,तब नशीले पदार्थों का सेवन क रने के लिए अपने अभिभावकों पर पैसा लेने के लिए दबाव डालने लगता है।मना करने पर तरह-तरह की ध मकियां देने लगता है।पैसा नहीं मिलने पर चोरी जैसी बुराई को अपना लेने में भी शर्म महसूस नहीं करता है।ऐसी परिस्थिति आने पर नशे की लत पर अंकुश लगा ने में अभिभावक भी असमर्थ हो जाते हैं।युवाओं की चिंताजनक स्थिति होने के बाद ही नशे के जाल से नि कालने के लिए अभिभावकों की चेतना जागृत होती है पर शायद तब तक देर हो चुकी होती है।नशे की आद त के शिकार युवाओं के मां-बाप सामाजिक बदनामी से डरकर किसी परामर्श आश्रम में भेज कर उसका इलाज कराने से भी हिचकने लगते हैं।बॉक्स नशे पर पुलिस को लगाम लगाने की जरूरतअब सरकारी तंत्र के पुलिस विभाग को युवाओं में बढ़ती नशे की लत पर लगाम लगाने के लिए दृढ़ इ च्छाशक्ति का परिचय देना होगा।जिस युवा पीढ़ी के बल पर सरकार देश के विकास की प्रगति के स्वप्न देख रही है,वह युवा नशे के जाल में फंस कर अपना दिमागी संतुलन खोता जा रहा है।

## जमीनी विवाद को ले कर दो सगे भाइयों में खूनी संघर्ष



बहराइच। थाना खैरीघाट क्षेत्र के दलजीत पुरवा गांव में जमीन को लेकर दो सगे भाइयों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों परिवार एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। जिसमें शौकत और लड्डुन के परिवारों के सदस्य आपस में भिड़ गए और लाठी-डंडों से एक-दूसरे पर हमला कर दिया। मारपीट में दोनों पक्षों के कुल चार लोग घायल हुवे जिनमें शौकत की हालत गंभीर बताई जा रही है।बताया जा रहा है कि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच बचाव कर विवाद शांत कराया। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच काफी समय से जमीन और पेड़ को लेकर विवाद चल रहा था जिसके कारण दोनों परिवारों में जम कर लाठी डंडे चले।थाना प्रभारी खैरीघाट ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## विभिन्न कार्यक्रमों के साथ सपा लोहिया वाहिनी ने मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीडीए जननायक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिवस समाजवादी लोहिया वाहिनी बहराइच द्वारा लोक कल्याण दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें महाराजा सुहेलदेव मेडिकल कॉलेज में लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव की अगुवाई में लोहियावाहिनी के पदाधिकारी द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया जिसमें पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में जिला अध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव, महासचिव मोबीन खान, उपाध्यक्ष अमरदीप यादव, राशिद खान, प्रेम सागर यादव, दुलारे यादव, रिंकू सिंह सहित आदि लोगों ने रक्त दान किया। इसके उपरांत जिला अस्पताल के चिल्ड्रेन वार्ड में पदाधिकारी द्वारा फल व बिस्किट वितरण किया गया और आंबेडकर पार्क में वृक्षारोपण कर लोक कल्याण दिवस के रूप में अपने नेता का जन्म दिन नौजवानों ने मनाया। इस अवसर पर शैलेश शैलू, रितेश यादव, धनीराम यादव, सुरेंद्र यादव, शैलेंद्र यादव, हरविंदर यादव, मोनू, विशाल, अन्नू गुप्ता सहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मिलावट रोकने के लिए डीएम सख्त,खाद्य पदार्थों की जांच व सैंपलिंग बढ़ाने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**गोण्डा।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में खाद्य एवं औषधि सतर्कता समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता,मिलावट रोकथाम,औषधियों की उपलब्धता,गुणवत्ता नियंत्रण एवं जन-जागरूकता संबं धी बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में जिलाधि कारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि आमजन को शुद्ध व गु णवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उत्पाद उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।इसके लिए संबंधि त विभाग नियमित जांच अभियान चलाएं और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें।उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि होटल,मिठाई की दुकानों,किराना दुकानों, डेयरियों व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से सैंपलिंग कराई जाए तथा रिपोर्ट को समयबद्ध तरीके से प्रयोग शालाओं में भेजा जाए।इसके साथ ही उन्होंने सभी दुकानदारों को लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र अनिवार्य रूप से दुकान में प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।औषधि निरीक्षक को निर्देशित करते हुए जिला धिकारी ने कहा कि नकली, अवैध व एक्सपायरी दवाओं की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाए। उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालकों के लाइसेंस की समीक्षा करने तथा नियमों के अनुसार कार्य कर रहे स्टोरों की सूची अपडेट करने को भी कहा।बैठक में आमजन को जागरूक करने हेतु विद्यालयों, ग्राम सभाओं तथा शहरी क्षेत्रों में जागरूकता शिविरों एवं कार्यशालाओं के आयोजन का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ समाज की नींव शुद्ध खाद्य एवं औषधियों पर निर्भर करती है, अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिका री,जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी, औषधि निरीक्षक, उद्योग प्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पशु स्वामी को शीघ्र मिलेगी पशु क्षति सहायता: अखिलेश कुमार सिंह

**कैसरगंज के ग्राम रेवलिया के पश्चिम पुरवा में बिजली करंट उतरने से ग्राम रेवलिया निवासी कामता की दो भैंस व दो पड़िया की मृत्यु हो गयी है।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कैसरगंज, बहराइच। उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि विगत सोमवार को तहसील कैसरगंज के ग्राम रेवलिया के पश्चिम पुरवा में बिजली करंट उतरने से ग्राम रेवलिया निवासी कामता पुत्र गोकुल की दो भैंस व दो पड़िया की मृत्यु करंट लगने से हो गयी है। उपजिलाधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार कैसरगंज द्वारा तत्काल मौके पर जांच की गई। पशुपालन विभाग की टीम द्वारा करंट से मृत्यु पशुओं का पोस्टमार्टम कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पशु स्वामियों को विद्युत विभाग से नियमानुसार पशु क्षति का मुआवज़ा दिलाये जाने हेतु राजस्व व विद्युत विभाग द्वारा आग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## थानों पर नहीं हो रही फरियादियों सुनवाई

**फरियादियों को आला अधिकारियों तक लगानी पड़ती है गुहार**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा'' उत्तर प्रदेश पुलिस का है,लेकिन आंकड़े इस बात की गवाही दे रहे हैं कि पुलिस का निचले तंत्र पर से लोगों का भरोसा उठ रहा है,वैसे तो बड़े अधिकारियों का यह आदेश है कि थानों में फरियादियों को न्याय मिल ना चाहिए इस के बावजूद इंसाफ देना तो दूर,थानों में कई मामलों में सुनवाई तक नहीं हो पाती है ऐसी परिस्थिति में आला अफसरों के यहां फरियादियों की भीड़ बढ़ती जा रही है सोमवार से लेकर शनिवार तक देवीपाटन मंडल के डीआईजी से लेकर गोण्डा एसपी कचहरी स्थित कार्या लय अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए आम लोगों की भीड़ लगी रह ती है।सब की एक ही समस्या रहती है कि थाना स्तर पर उनकी बात नहीं सुनी जा रही है इसलिए अभी आपके पास आए हैं।

### आला अधिकारियों के पास उमड़ रही भीड

देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमित पाठक के जिम्मे चार जिले का महत्वपूर्ण काम है मंडल होने के नाते देवीपाटन मंडल डीआईजी को कई अहम जिम्मे दारियां दिन भर निभाना होता है लेकिन आप को जानकर हैरानी होगी कि देवीपाटन मंडल डी आईजी का आधा समय लोगों की फरियाद सुनने में निकल जाता है,ऐसा कोई भी दिन नहीं होता है जिस दिन दस से बीस शिकायत डीआईजी के पास ना आए।वैसे पुलिस अधीक्षक विनीत जायस वाल के पास अपनी फरियाद लेकर पहुंचने वालें एक दिन के आंकड़ों की बात करें तो एक दिन में सैकड़ो से ज्यादा लोग एसपी के कार्यालय पहुंचक र शिकायत करते नजर आते हैं कि उक्त थानेदार ने उनकी बात नहीं सुनी यह आंकड़ा तो सिर्फ एसपी का है अगर पूरे जिले की बात करें तो अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी,सीओ सिटी,सीओ सदर के कार्यालय पहुंचकर हर दिन दर्जनों लोग अपनी फरियाद सुनाते हैं।

### क्या कहते हैं फरियादी

बड़े अधिकारियों के द्वार पर फरियाद लगाने वाले कई लोग तो कैमरे पर कुछ भी कहने से सिर्फ इस लिए बचते हैं क्योंकि उन्हें यह डर रहता है कि क हीं थाना स्तर से मामला बिगड़ ना जाए,मौखिक रूप से एक व्यक्ति ने बताया कि देहात कोतवाली में उनकी फरियाद नहीं सुनी गई है दरअसल,जिस के बाद मजबूरी बस उन्हें एसपी के यहां अपनी फरियाद लेकर आना पड़ा है।ऐसे कई लोग हैं जिन की फरियाद थानों में अनसुनी कर दी जाती है इस लिए वे पुलिस कप्तान के पास आकर अपनी फरि याद लेकर पहुंचते हैं।

### क्या फ़ेल हो रहा निचला तंत्र

लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने पर ही प हुंचते हैं.अगर वहां उनकी बात नहीं सुनी जाती है तब वे एसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारि यों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में गोण्डा पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल हो चुका है...? एसपी विनीत जयसवाल के अनुसार जन शिका यत एसपी कार्यालय में वे आम लोगों से मिलते हैं एसपी अपने जूनियर अधिकारियों का बचाव करते हुए एसपी बताते हैं कि ऐसा नहीं है कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है वर्तमान समय में छोटी-छोटी बातों को लेकर भी लोग उन तक पहुंचते हैं लेकिन कुछ ऐसे मामले भी होते हैं जिनमें थाना स्तर से लोगों को उचित न्याय नहीं मिल पाता है या फिर थाना उन्हें उचित माध्यम समझा नहीं पाता है ऐसे में लोग उनके पास पहुंचते हैं,लेकिन यह कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलिस का निचला तंत्र फ़ेल है।

## मंत्री दानिश के कैमरामैन की सड़क हादसे में मौत्र



गोंडा। जिले के कोतवाली कर्नलगंज अंतर्गत जहांगि रवा रेलवे क्रासिंग के पास मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया।लखनऊ से गोंडा की ओर आ रहे एक कार सवार युवक की खड़ी ट्रक से टकराकर मौत हो गई।मृतक की पहचान बांस गांव निवासी 22 वर्षीय नितेश तिवारी के रूप में की गई है, जो उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी के साथ कैमरामैन के तौर पर कार्यरत था।प्राप्त जान कारी के अनुसार,भंभुआ चौराहे को पार करने के बाद रेलवे क्रासिंग बंद होने के चलते वहां वाहन खड़े थे,सब से पीछे एक ट्रक खड़ी थी।नितेश इसी दौरान अपनी कार लेकर वहां पहुंचा और संभवतः नींद की झपकी में कार ट्रक के पिछले हिस्से में जा घुसी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया,घटना की सूचना पाकर भंभुआ पुलिस चौकी प्रभारी अंकित सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और क्षतिग्रस्त कार से नितेश को बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पो स्टमार्टम के लिए भेज दिया है।इस हादसे से परिवार में कोहराम मच गया है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वास्थ्य विभाग की अनोखी पहल

**नवजात शिशुओं की माँ को पौधा व ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट देकर सम्मानित करते हुए सीएचसी अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जरवल, बहराइच। विकास खंड जरवल क़स्बा के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद मे सीएससी अधीक्षक ने जरवल के तीन नवजात को पौधा और ग्रीन बोर्ड सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।ननकी,संगीता और सुशीला ने सीएचसी में नवजात को जन्म दिया था।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद के अधीक्षक डॉक्टर कुंवर रीतेश ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं नवजात स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात को पौधा और ग्रीन गोल्ड सार्टीफिकेट देकर सम्मानित किया जा रहा है।यह अभियान 01 जुलाई से 07 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें जन्म लेने वाले समस्त नवजात शिशुओं को वृक्षारोपण हेतु वृक्ष के साथ-साथ प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रसव केन्द्रों में जन्में नवजात शिशुओं को ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट के साथ एक पौधा भेंट के रूप में प्रदान किया गया है।इससे लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## 14 कार्यकर्ताओ ने धूमधाम से मनाया पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन

**फखरपुर के बरकाती हॉउस मे केक काट कर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते हुए समाजवादी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फखरपुर, बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हाजी इम्तियाज अली उर्फ़ लड्डन नेता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के आवास बरकाती हाउस में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य गुफरान अली बरकाती के नेतृत्व मे समाजवादी कार्यकर्ताओ ने केक काटकर बहुत ही धूमधाम से मनाया उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन। कार्यकर्त्ताओं ने केक काटते हुए प्रतिकात्मक रूप से उनकी तस्वीर को सामने रख कर केक काटा व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के यशश्वी जीवन, लम्बी उम्र,दीर्घायु होने की व हमेशा स्वस्थ रहने की कामना की इस मौके पर गुफरान अली बरकाती ने लोगों से कहा की हर नौजवान गरीब किसान मजदूर अगड़ा पिछड़ा अल्पसंख्यक को साथ लेकर चलने वाले पूर्व मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव जी को 2027 में मुख्यमंत्री बनाना है, जिसके लिए सभी समाजवादी कार्यकर्त्ताओं को तन मन से बूथ स्तर से जुड़ कर लोगों को समाजवादी पार्टी के कार्यकाल के दौरान किये गए उनके बेहतरीन कार्यों से लोगों को अवगत कराये, व समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराये,इस मौके पर अदीब खान,कलाम अहमद,मोहसिन खान,काशान अली,फैज खान आदि समाजवादी साथी कार्यकर्ता लोग मौजूद थे।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली गई रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। सर्व शिक्षा अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय बरातबोझ के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान की रैली निकाल कर लोगों को जागरूक किया। शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उद्देश्य से मंगलवार को स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा ने किया रैली उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर से शुरू हुई और गांव की गलियों में घूमते हुए वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। रैली में बच्चों शिक्षकों और ग्रामीणों का उत्साह देखने लायक था। स्कूली बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ रंग-बिरंगे पोस्ट और तख्तियां थामे नारे लगा रहे थे।जो गांव की गलियों में गूंज रहे थे। शिक्षा है अनमोल रतन पढ़ने का तुम करो जतन ''सब पढ़े सब पढ़े''आओ स्कूल चले हम ''जैसे नारे सुनकर स्वाभाविक रूप से ग्रामीणों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। बच्चों की आवाज में यह नारे इतनी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ गूंज रहे थे।कि हर कोई उन्हें देखना और सुनने के लिए रुकता नजर आया इस रैली में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा सहायक अध्यापिका, शिक्षामित्र सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा हैं। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता वर्मा ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया तथा ग्रामीणों से अपील कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें तथा उनके उज्जवल भविष्य की नींव मजबूत करें।

# अखिलेश का मनाया 52वां जन्मदिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एव सयुस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' ने सपा मुखिया अखिलेश यादव का 52 वां जन्मदिन अपने कैम्प कार्यालय पूरनपुर पर वरिष्ठ सपा नेताओं,कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीयों के साथ केक काटकर एव व्रहद पौधरोपण जिसमे 52 पौधे लगाकर किया गया समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव का 52 वां जन्मदिन मंगलवार को उत्तर प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया इसी क्रम मे जन्मदिन पर सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कार्यकर्ताओं,पार्टी पदाधिकारीयों एवं समर्थको के साथ बड़ा केक काटा, मिष्ठान वितरण किया तथा पौधरोपण किया गया एव गाव गाव जाकर भी अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किया।इस अवसर पर सपा नेता राजकुमार ''राजू'' ने कहा कि ''हम सभी को 2027 में अखिलेश यादव को दोबारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना है। आज पूरे प्रदेश मे कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू बांटा गया इसी क्रम मे हमने भी 52 पेड़ लगाए है। और अपने नेता के दीर्घायु होने की कामना की गई है। अखिलेश यादव को जिस तरह जनता ने बड़ी जिम्मेदारी दी है।हम लोग उस जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए बड़ी लगन और निष्ठां के साथ संगठन को मजबूत करते हुए जन जन तक पार्टी क़ा संदेश पहुंचाने का कार्य करेंगे। सपा के पूर्व जिला अध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन पीडीए दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।इस दौरान सपा सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यो को जनता के सामने रखने का काम किया जा रहा है।साथ ही लोकतंत्र बचाने के लिए पीडीए कार्यक्रम जगह जगह आयोजित किये जाएगे। वरिष्ठ सपा नेता गुरदयाल सिंह ने कहा की लोकसभा चुनाव से पहले अखिलेश यादव ने पिछड़े,दलित और अल्पसंख्यक समुदायों के मतदाताओं को लुभाने के लिए पीडीए का नारा दिया था।विधानसभा उपाध्यक्ष सतीश वर्मा ने कहा सपा ने लोकसभा चुनाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 37 सीट जीती थीं। इस जन्मदिन पर हम सब ये संकल्प लेते है। ये प्रदर्शन हम सब फिर से दोहराएँगे।वरिष्ठ नेता कौशल वाजपेयी ने अखिलेश यादव के जन्मदिन पर समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प सभी को दिलाया वरिष्ठ नेता ओम शर्मा ने भी पीडीए मुहिम के बारे मे विस्तार से बताया कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने किया।

### करंट लगने से महिला की बिगड़ी हालत अस्पताल में भर्ती

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर लाह की रहने वाली मीना देवी पत्नी हुकुम चंद उम्र 30 वर्ष पानी की मोटर चला रही थी। तभी अचानक पानी की मोटर से करंट लगने से महिला बेहोश होकर घर में गिर गई। जब इसकी जानकारी महिला के परिजनों को लगी तो उनके होश उड़ गए। महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर के द्वारा उपचार किया जा रहा है।

### भड़के अभिवावक एसडीएम से शिकायत

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** खंड शिक्षा कार्यालय के अंतर्गत लगभग 105 सरकारी स्कूलों का विलय करने के लिए आदेश पारित कर दिया गया है। उसी के चलते पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव रसूलपुर पचपुखरा का प्राथमिक विधालय घाटमपुर गांव के विद्यालय में विलय कर दिया गया है। प्राथमिक विद्यालय विलय होने की जानकारी लगने पर करीब दो दर्जन से ज्यादा छात्र-छात्राओं की शिक्षा खत्म होने की संभावना है। दरअसल छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने मंगलवार एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके गांव से लगभग तीन से चार किलोमीटर की दूरी पर घाटमपुर का विद्यालय है और नेशनल हाईवे के रास्ते को पार करके गोमती नदी व बंदरों का खतरा बना रहता है। ऐसी परिस्थितियों में छोटे बच्चे अकेले स्कूल कैसे पहुंच पाएंगे। विद्यालय बंद होने से बच्चे शिक्षा हासिल नहीं कर पाएंगे। महिलाओं ने विद्यालय विलय करने का विरोध कर गांव के विद्यालय को शुरू करने की मांग की है। इस मौके पर इंद्रजीत कौर, हरदीप कौर,मनजीत कौर, दलबीर कौर, लखविंदर कौर सहित आदि लोग मौजूद रहे है।

### प्राथमिक विद्यालय में विधायक ने छात्र-छात्राओं को वितरण की किताबें

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला के प्राथमिक विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने छात्र-छात्राओं को निशुल्क किताबें में वितरण की इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार,प्रधान प्रतिनिधि तकी खान,दिल नवाज खान ,दवीरा खानम ,अरशद, जब्बार,ग्राम पंचायत सदस्य सैफ रजा मोन्टू सहित अन्य लोग मौजूद रहे है।

### भाजपा की नगर कार्यकारिणी घोषित

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भाजपा प्रदेश संगठन की अनुमति पर नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान की संस्तुति पर पदाधिकारियों व सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है।नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सूरज बाथम, नवनीत मिश्रा, मानस शुक्ला शुक्ला, प्रदीप सिंह मुखिया, स्वप्निल बिरला,सपना चौहान,अमन वाल्मीकि, अंकित वाल्मीकि,गौरव गुप्ता,रवि वर्मा, उपेन्द्र भारती,कमल चौहान,वीरेंद्र यादव, कुलवीर सिंह,अलोक त्रिवेदी, सहित मंडल महामंत्री मंडल मंत्री, मंडल कोषाध्यक्ष,मंडल मीडिया प्रभारी,आईटी संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा मंडल सदस्य भी बनाए गए हैं। नगर अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों के उज्जल भविष्य की कामना की है दिए गये दायित्वों का पूरी इमानदारी से पालन करे वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्तयो से बूथ मजबूत कर चुनाव जीतने की रणनीति बताई आगामी चुनाव की तैयारी पर विस्तृत चर्चा की चुनाव जीतने के लिए बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करना सबसे जरूरी है। बूथ जीतो, चुनाव जीतो का फार्मूला अपनाना होगा। उन्होंने बताया कि हर सदस्य को बूथ की जिम्मेदारी दी जाएगी। सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक बूथ पर पार्टी की स्थिति मजबूत हो। मतदाताओं का प्रतिशत कैसे बढ़े, इस पर भी काम करना होगा। नए वोटर्स शत-प्रतिशत मतदान करें, इसकी जवाबदेही भी सदस्यों की होगी। बूथ स्तर की कमियों को पार्टी के बड़े पदाधिकारियों तक पहुंचाना होगा उन्होंने मंडल से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता से सांगठनिक विषय पर जानकारी प्राप्त किया। वहीं संगठन मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं को कई दिशा निर्देश दियाभाजपा संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता सीख रहा है।भाजपा संगठन एक समुद्र है यहां आनेवाले कार्यकर्ता कितना सीख सकते हैं। यह उनकी झमता को दिखाता है। संगठन के कार्यकर्ता अपने दायित्वों का निर्वहन इमानदारी से करें। उन्होंने बैठक में अच्छी उपस्थिति देखकर कहा भाजपा बहुत मजबूत संगठन है। कार्यकर्ता संगठन पद्धति से कार्य करें। संगठन को धोखा देने वाले लोग कभी सफल नहीं हो सकते हैं। भाजपा एक अनुशासित पार्टी है।

### डीपीआरओ के आदेश की खुलेआम अवहेलना, खंड विकास अधिकारियों ने नहीं किया सचिवों को रिलीव

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में अफसरशाही के स्तर पर लापरवाही और आदेशों की अनदेखी का बड़ा मामला सामने आया है।जिला पंचायत राज अधिकारी रोहित कुमार द्वारा किए गए ग्राम पंचायत अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर विकास खंड स्तर पर हठधर्मिता देखने को मिल रही है।मरौरी,बिलसंडा,पूरनपुर सहित अन्य ब्लॉकों से सचिवों के ट्रांसफर हुए एक सप्ताह से अधिक बीत चुका है।लेकिन संबंधित खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) ने अब तक उन्हें रिलीव नहीं किया है। इससे नए तैनाती स्थलों पर विकास कार्य ठप पड़े हैं और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।ट्रांसफर आदेश में स्पष्ट रूप से निर्देश था।कि सभी सचिव तत्काल प्रभाव से अपने नए कार्यस्थलों पर योगदान करें, परंतु बीडीओ स्तर पर आदेश की अवहेलना करते हुए सचिवों को उनके वर्तमान कार्यस्थलों पर रोके रखा गया है।नए स्थान पर सचिवों की अनुपस्थिति के कारण संबंधित ग्राम पंचायतों में शासन की योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। सरकारी पत्राचार, स्वच्छता,मनरेगा,आवास, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, पेयजल सहित अनेक कार्य रुक गए हैं। ग्रामीण ब्लॉक के चक्कर लगते लगाते थक गए हैं।इससे न सिर्फ शासन की मंशा पर सवाल उठ रहा है। बल्कि ग्रामीण जनता को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।सूत्रों के अनुसार, डीपीआरओ कार्यालय पूरे घटनाक्रम की निगरानी कर रहा है और यदि खंड विकास अधिकारी जल्द ही सचिवों को रिलीव नहीं करते हैं।तो उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की जा सकती है।अबप्रश्न यह है।कि जिलाधिकारी के अनुमोदन के बावजूद आदेशों की अनदेखी आखिर क्यों?अब यह देखना होगा कि जिला प्रशासन इस लापरवाही पर क्या रुख अपनाता है।

### स्वच्छता अग्रदूत के रूप में नामित किए गए पद से दिया त्यागपत्र

**सुल्तानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विगत वर्ष नगर पालिका परिषद द्वारा गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन के स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम एवं अनवरत चलाए जा रहे स्वछता श्रमदान को देखते हुए ‟स्वच्छता एवं सेवा ब्रांड एंबेसडर‟ (स्वच्छता अग्रदूत) के रूप में नामित किया गया था, नगर पालिका परिषद के उक्त नामांकन से गोमती मित्र मंडल को उम्मीद थी कि नगर पालिका परिषद द्वारा श्री सीताकुंड धाम के विकास के लिए उठाई गई मांगों का पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से निस्तारण किया जाएगा, लेकिन बीते वर्षों में किसी भी एक मांग का ना तो निस्तारण ही किया गया ना ही सीता कुंड धाम के समुचित विकास के प्रति नगर पालिका परिषद द्वारा रुचि दिखाई गई। मीडिया प्रभारी ने बताया कि इससे छुब्ध होकर गोमती मित्रों से निर्णय करने के बाद मदन सिंह ने पद छोड़ने से संबंधित पत्र नगर पालिका परिषद प्रशासन को भेज दिया है तथा आगे एक बड़े आंदोलन की तैयारी करने का भी संकेत दिया है।

# गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी सुविधा उपलब्ध : अमित मिश्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। पूरनपुर से खुटार जाने वाले रोड नेशनल हाईवे 730 कजरी निरंजनपुर में स्थित मेडिकेयर हॉस्पिटल एवं पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी के चेयरमैन पं0 अमित मिश्रा ने बताया हमारे यहां आयुष्मान कार्ड से सभी प्रकार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध है द्य गरीब असहाय और जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए मुक्त सर्जरी सुविधा भी उपलब्ध है द्य आई. सी. यू. एवं वेंटीलेटर की सुविधा भी उपलब्ध है मेडिकेयर हॉस्पिटल में गरीब और असहाय लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी सुविधा और आयुष्मान कार्ड के माध्यम से सभी प्रकार का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाने के उद्देश्य से की गई है।

आयुष्मान कार्ड के लाभः

मुफ्त इलाजः आयुष्मान कार्ड धारकों को मेडिकेयर हॉस्पिटल में सभी प्रकार की सर्जरी और इलाज मुफ्त में किया जा रहा है।

## मेडिकेयर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड से सभी प्रकार की मुफ्त सुविधा उपलब्ध

विस्तृत कवरेजः आयुष्मान कार्ड के माध्यम से बच्चेदानी का ऑपरेशन हर्निया हाइड्रोसील का ऑपरेशन गुर्दे एवं पित्त की पथरी का दूरबीन द्वारा सफल ऑपरेशन और अन्य गंभीर बीमारियों का इलाज भी मुफ्त में किया जा रहा है।

मेडिकेयर हॉस्पिटल की पहलः

गरीब और असहाय लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी*: मेडिकेयर हॉस्पिटल में गरीब और असहाय लोगों के लिए मुफ्त सर्जरी सुविधा प्रदान की जा रही है।

आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज*: मेडिकेयर हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्ड धारकों को सभी प्रकार का मुफ्त इलाज प्रदान किया जा रहा है।

पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ट्रस्ट एवं मेडिकेयर हॉस्पिटल के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारीः

सफल सर्जरी : 1000+ सफल सर्जरीः गुर्दे की पथरी, पित्त की पथरी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, हाइड्रोसील, हर्निया जैसी गंभीर बीमारियों का सफल इलाज किया गया है। 5000+ आंखों का सफल ऑपरेशनः मोतियाबिंद, नाखूना आदि आंखों की समस्याओं का सफल इलाज किया गया है।

सामाजिक कार्यः 5000+ कंबलों का वितरणः पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए हैं। आयुष्मान भारत योजनाः निशुल्क इलाजः पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक ट्रस्ट द्वारा आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी मरीजों को निशुल्क इलाज प्रदान किया जा रहा है।

यह ट्रस्ट स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाने के लिए काम कर रहा है और जरूरतमंद लोगों की मदद कर रहा है।

# आयोजित हुई बैठक उपस्थित रहे प्रधान और सचिव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला में स्थित पंचायत भवन में सचिव एवं प्रधान की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में उपस्थित सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण नरेंद्र कुमार ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में बताया जिनमें वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, छात्रवृत्ति योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और विकलांग व्यक्तियों के लिए योजनाएं प्रमुख हैं। जो समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्गों को आर्थिक और सामाजिक सहायता प्रदान करती हैं।समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित कुछ प्रमुख योजनाएं वृद्धावस्था पेंशन योजना,बुजुर्गों को आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है। बैठक में मुख्य रूप से सचिव आरके गौतम, ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार, सोनू वर्मा सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने सचिव और प्रधान द्वारा बताई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को ध्यान से सुना और उसका लाभ लेने के लिए आवेदन करने की बात कही है।

# दुर्घटना संभावित स्थलों का किया गया स्थलीय निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से आज पीडबल्यूडी की अधिशासी अभियंता चित्रा वर्मा, प्रभारी निरीक्षक यातायात राम निरंजन यादव तथा टीएसआई नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा यातायात पुलिस बल के साथ जिले के चिन्हित हॉटस्पॉट स्थलों का भौतिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कटवां मोड़, गब्दिया पुल, टेडुही मोड़, मछली मंडी, गोलाघाट महाराणा गेट, तथा केएनआई गेट जैसे प्रमुख दुर्घटना संभावित स्थलों पर पहुंचकर सड़क की स्थिति, ट्रैफिक मूवमेंट और सुरक्षा संकेतों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने स्थानीय स्तर पर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान यातायात विभाग द्वारा इन स्थलों पर रिफ्लेक्टिव साइनेज, स्पीड ब्रेकर और बैरिकेडिंग की जरूरत पर विशेष जोर दिया गया। अधिशासी अभियंता ने सड़क की चौड़ाई, मोड़ की दिशा और विजिबिलिटी सुधारने के लिए तत्काल कदम उठाने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक राम निरंजन यादव ने बताया कि जनमानस की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और यातायात पुलिस दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। यह संयुक्त निरीक्षण आने वाले दिनों में सड़क सुरक्षा के स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# ग्रीष्मावकाश के बाद खुला विद्यालय, बच्चों का हुआ स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुलतानपुर। शिक्षाक्षेत्र बल्दीराय के कंपोजिट विद्यालय भवानी शिवपुर में ग्रीष्मावकाश के बाद विद्यालय पुनः खुलने पर अध्यापकों द्वारा सभी बच्चों का रोली टीका लगाकर और पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया।

विद्यार्थियों में एक नई जागृति एवं उत्साह देखने को मिला। एक तरफ जहां पुराने विद्यार्थी नई कक्षा में आकर खुश थे. वहीं दूसरी तरफ नये विद्यार्थी विद्यालय पहुंचकर प्रसन्नता महसूस कर रहे थे। प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दुबे ने कहा कि प्रवेश उत्सव मनाने का मुख्य मकसद, गर्मी की छुट्टी के बाद विद्यालय पुनःखुलने पर बच्चों में शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ाना है। विभाग का मानना है कि गर्मी की छुट्टी के कारण विद्यालय बंद था ऐसे में विद्यालय आने की निरंतरता टूट जाती है, बच्चे विद्यालय जाने से कतराते हैं। जिसे देखते हुए विद्यालय आने के साथ पढ़ाई में रुचि बढ़ाने को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा स्वागत सप्ताह मनाने का पहल किया गया है। वहीं इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय में छात्रों की उपस्थित बढ़ाना भी है। बच्चों ने संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक रैली निकाली और शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर शिक्षकों द्वारा बच्चों को संचारी रोगों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई और रैली के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को संचारी रोगों से बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई और उन्हें स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों से बचाव करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस दौरान पूर्व प्रधान प्रतिनिधि कृष्णराम यादव, शिक्षक शिवाकांत मिश्र, इंद्रजीत, दीपिका यादव, गुडलक सिंह, अभय प्रताप सिंह, राजदेव यादव, डी.एल.एड. प्रशिक्षु साक्षी यादव व रसोईया रेशम पाल, श्रीमती, शिवकला पाल, कलावती वर्मा सहित अधिक संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।

# नवग्रह वाटिका की स्थापना कर डीएम ने वन महोत्सव सप्ताह का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। 'एक पेड़ मां के नाम'' पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के तहत ''वन महोत्सव सप्ताह'' का शुभारम्भ ट्रांजिट हॉस्टल गौरीगंज के परिसर में जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल व अपर जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी ने नवग्रह वाटिका की स्थापना कर किया। नवग्रह वाटिका में सूर्य, चंद्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहु और केतु ग्रहों से संबंधित पौधों जैसे आक, खैर, ढाक, गूलर, दूब, पीपल, कुश, लटजीरा व शमी के पौधे लगाये गये।जिलाधिकारी संजय चौहान ने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुये कहा कि वृक्षों के बिना जीवन संभव नहीं है इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया।

उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वनों को बढ़ाना हमारा उद्देश्य है इस वर्ष के वृक्षारोपण अभियान में विशेष ध्यान यह रखा जा रहा है कि जो वृक्ष रोपित किये जाएं उनको केवल रोपित करके ही उद्देश्य की पूर्ति न मान लिया जाय बल्कि उनका अधिक से अधिक संरक्षण भी जरूरी है इसके लिये सभी विभागों को इसमें शामिल करते हुये आज से इस अभियान का शुभारम्भ किया जा रहा है इसके साथ ही बृहद स्तर पर वृक्षारोपण के लिये शासन के निर्देश पर विशेष तिथि का निर्धारण किया जायेगा जिसमें पूरे जनपद में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाया जायेगा। उन्होंने वृक्षारोपण की महत्ता को समझाते हुए कहा कि विश्व में ऐसे तमाम देश हैं जहां पर्यावरण सिस्टम ठीक नहीं है।

# पिस्टल और कारतूस के साथ दो शातिर धरे गए

तिलोई अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने एक अदद पिस्टल,तीन जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस के साथ दो अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधियो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर वसीम अहमद पुत्र मुस्तकीम अहमद निवासी पाण्डेय का पुरवा मजरे खेखरुआ थाना शिवरतनगंज वर्तमान पता तिवारी पुर मजरे सेमरौता थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब सत्ताइस वर्ष एवं नौशाद पुत्र इम्तियाज निवासी ग्राम मनीमनोहर थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब बाइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में वसीम अहमद के कब्जे से एक अदद पिस्टल, एक जिन्दा कारतूस व एक मिस कारतूस एवं नौशाद के कब्जे से दो जिंदा कारतूस बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि दोनो ही युवक शातिर किस्म के अपराधी है जिनके विरुद्ध कई जनपदों में चोरी, धोखाधड़ी व अन्य धाराओं में अभियोग पंजीकृत है।उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# अखिलेश यादव के जन्मदिन पर बावन जरूरतमंदों को भेंट की साइकिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का बावनवां जन्मदिन धूमधाम से सपा के केंद्रीय कार्यालय में जिलाध्यक्ष राम उदित यादव व संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा मुखिया के जन्मदिन को विशेष बनाते हुए पार्टी के युवा नेता डॉ सिंधुजीत सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर चिन्हित बावन जरूरतमंदों को साइकिल भेट किया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ पार्टी पदाधिकारियों द्वारा अखिलेश यादव के चित्र पर माल्यार्पण एवं केक काटकर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित साइकिल वितरण समारोह में लाभार्थियों को क्रमबद्ध रूप से साइकिलें प्रदान की गईं। इस पहल को स्थानीय जनता एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने गरीब, श्रमिक, छात्र और ग्रामीण जरूरतमंदों के लिये एक सकारात्मक और सहायक कदम बताया है। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी सदैव वंचितों की आवाज़ बनकर उनके उत्थान के लिये कार्य करती रही है और आगे भी करती रहेगी। युवा सपा नेता डॉ. सिंधु जीत सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन हम केवल एक औपचारिक उत्सव के रूप में नही बल्कि सेवा और समाजवाद के मूल सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के रूप में मनाते रहे हैं। आज उनके बावनवे जन्मदिन पर बावन चिन्हित जरूरतमंदों को साइकिलें वितरित कर हमने यह संदेश दिया है कि समाजवादी पार्टी हमेशा गरीब, श्रमिक और वंचित वर्ग के साथ खड़ी है।यह पहल हमारे नेता के जनहितकारी विज़न को जन जन तक पहुंचाने का एक प्रयास है।सपा के जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि हमारे नेता और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन जनसेवा के माध्यम से मनाना हम सबके लिये गर्व की बात है।

## स्त्री-द्वेष की सोच

कोलकत्ता में कानून की एक छात्रा से सामूहिक दुराचार के मामले में पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेताओं की अनर्गल टिप्पणी स्त्री की मर्यादा के खिलाफ शर्मनाक व संवेदनहीन प्रतिक्रिया है। एक बार फिर शर्मनाक ढंग से पीड़िता पर दोष मढ़ने की बेशर्म कोशिश की गई है। टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा ने पार्टी के नेताओं के बयान पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। वहीं इससे भी बदतर स्थिति यह है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं। विडंबना यह है कि पीड़िता के प्रति निर्लज्ज बयानबाजी अकेले पश्चिम बंगाल का ही मामला नहीं है, देश के अन्य राज्यों में भी ऐसी संवेदनहीन टिप्पणियां सामने आती रही हैं। देश के विभिन्न राज्यों में कई जघन्य अपराधों के बाद टिप्पणियों में पितृसत्तात्मक रीति-रिवाजों को ही उजागर किया जाता है। गाहे-बगाहे शर्मनाक टिप्पणियां की जाती रही हैं। यदि 21वीं सदी के खुले समाज में हम महिलाओं के प्रति संकीर्णता की दृष्टि से मुक्त नहीं हो पा रहे हैं, तो इसे विडंबना ही कहा जाएगा। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही कि ये वे लोग हैं जिन्हें जनता अपना नेता मानती है और लाखों लोग उन्हें चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में कानून बनाने व व्यवस्था चलाने भेजते हैं। यहां उल्लेखनीय है कि कोलकत्ता में कानून की छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के बाद एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है और कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं कि मामले में कानून अपना काम करेगा, लेकिन मामला यहीं खत्म नहीं हो जाना चाहिए। इस मामले में टीएमसी नेताओं की टिप्पणियां निस्संदेह निंदनीय हैं, लेकिन पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा भी कड़े शब्दों में इसकी निंदा की जानी चाहिए। ममता बनर्जी के सामने एक और चुनौती है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज बलात्कार- हत्याकांड और उसके बाद देश भर में उपजा आक्रोश अभी भी यादों में ताजा है। निस्संदेह, केवल टिप्पणियों से पार्टी को अलग कर देना ही पर्याप्त नहीं है। सार्वजनिक जीवन में जीवन-मूल्यों के खिलाफ जाने वाले लोगों के लिये परिणाम तय होने चाहिए। अन्यथा समाज में ये संदेश जाएगा कि ऐसे कुत्सित प्रयासों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होती है। यह भी कि यह एक स्वीकार्य व्यवहार है। यह तर्क से परे है कि किसी पीड़िता को पूर्ण भौतिक व मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करना एक आवश्यक कर्तव्य के रूप में निहित क्यों नहीं, चाहे कोई भी पार्टी सत्ता में क्यों न हो। किसी अपराध की रोकथाम अच्छे शासन का एक उपाय है, लेकिन जब कोई अपराध होता है तो प्रभावी प्रतिक्रिया भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

टीएमसी की महिला नेत्री महुआ मोइत्रा ने पार्टी के नेताओं के बयान पर निराशा व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया है कि इन राजनेताओं के बयान में स्त्री-द्वेष पार्टी लाइन से परे है। वहीं इससे भी बदतर स्थिति यह है कि जिस पार्टी के नेताओं ने ये दुर्भाग्यपूर्ण बयान दिए हैं, उस पार्टी की सुप्रीमो एक महिला ही है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि ममता बनर्जी जैसी तेजतर्रार मुख्यमंत्री के शासन और नेतृत्व के वर्षों के दौरान टीएमसी के भीतर संवेदनशीलता लाने और मानसिकता में बदलाव लाने के प्रयास विफल होते नजर आ रहे हैं।

# दहकती धरती बनी विश्व के लिए चुनौती

जलवायु परिवर्तन से बढ़ता तापमान एक वैश्विक संकट है, जिसके प्रभाव पर्यावरण, समाज, और अर्थव्यवस्था पर गहरे और दीर्घकालिक हैं। इसके समाधान के लिए सरकारों, उद्योगों, वैज्ञानिकों, और व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जलवायु परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है। इसके तटीय एवं हिमालयी क्षेत्र, और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था इसे जोखिम में डालते हैं। इस खतरे से निपटने के लिए भारत ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना, इंटरनेशनल सोलर अलायंस और स्मार्ट सिटी जैसी कई पहल शुरू की हैं। पेरिस समझौते के तहत वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का वादा किया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार 1850-1900 की तुलना में वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। यह बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, और जैव विविधता पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। जलवायु परिवर्तन मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों (जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, और नाइट्रस ऑक्साइड) के उत्सर्जन के कारण होता है, जो वातावरण में गर्मी को रोककर पृथ्वी के तापमान को बढ़ाते हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों ने इन गैसों के उत्सर्जन को तेजी से बढ़ाया है। नतीजतन, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और मौसम की चरम घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां कृषि और जल संसाधनों पर निर्भरता अधिक है, यह समस्या और भी गंभीर है। बढ़ते तापमान के कारण गर्मी की लहरें (हीटवेव) अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत में, विशेष रूप से उत्तर और मध्य भारत में, गर्मी की लहरों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं। हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों में पानी की उपलब्धता अनिश्चित हो रही है। उदाहरण के लिए, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियां, जो भारत और दक्षिण एशिया की जीवनरेखा हैं, प्रभावित हो रही हैं।अनियमित मानसून और सूखे ने जल संकट को और गहरा दिया है, जिससे पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की कमी हो रही है। तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा से फसलों की पैदावार भी प्रभावित हो रही है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, गेहूं और चावल जैसी प्रमुख फसलों की उत्पादकता में कमी देखी जा रही है।कीटों और रोगों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे खाद्य सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।तापमान वृद्धि के कारण चक्रवात, बाढ़, सूखा, और जंगल की आग की घटनाएं बढ़ रही हैं। भारत में, केरल (2018, 2019) और उत्तराखंड (2021) की बाढ़ इसका उदाहरण हैं।प्राकृतिक आपदाओं से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो रहा है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से विकासशील देशों को सालाना अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है।कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में उत्पादकता की कमी से आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ रहा है। इस खतरे को कम करने के लिए भारत सरकार सौर, पवन, और जलविद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ऊर्जा-कुशल उपकरणों, इमारतों, और परिवहन प्रणालियों को प्राथमिकता दी जा रही है। देश में परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना इस कवायद का हिस्सा है। वहीं भारत ने अपनी राष्ट्रीय वन नीति के तहत 33 प्रतिशत भूमि को वन क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रखा है। कार्बन उत्सर्जन में कमी करने के साथ उद्योगों में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाकर भी चुनौती से निपटा जा सकता है। सरकारी प्रयासों के अलावा आम आदमी को भी भविष्य की चुनौती से लड़ने के लिए तैयार होना होगा। भारतीय जनमानस को स्कूलों, समुदायों और मीडिया के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और समाधानों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है। पानी और बिजली की बचत, पुनर्चक्रण, और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग जैसे छोटे-छोटे कदम इस अभियान का अहम हिस्सा हैं। स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के माध्यम से इस वैश्विक चुनौती से निपटा जा सकता है। लोग अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों का दान भी चलन में लाना होगा। जिससे लोग पर्यावरण के प्रति जागरुक हो सकें। भारत जैसे देशों के लिए, जहां संसाधन सीमित हैं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवाचार महत्वपूर्ण हैं। यदि हम अभी कार्रवाई नहीं करते, तो भविष्य की पीढ़ियों को इसका भारी मूल्य चुकाना पड़ सकता है। पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकेले उत्तर प्रदेश में 210 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं। यही प्रयास देश की अन्य राज्य सरकारे भी कर रही हैं इसके अतिरिक्त, भारतीय वन सर्वेक्षण (आईएसएफआर) 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल उत्तर प्रदेश में 559.19 वर्ग किलोमीटर वन और वृक्ष आच्छादन में वृद्धि हुई है। फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग के अनुसार, यूपी का ग्रीन कवर पिछले 8 सालों में 3.38 लाख एकड़ बढ़ा है और वन क्षेत्र के बाहर वृक्षावरण में 3.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। सरकारी प्रयासों से लगाए गए पौधों में 70-75 प्रतिशत जीवित हैं, जबकि निजी और स्वैच्छिक संगठनों द्वारा लगाए गए पौधों की जीवितता दर 65-70 प्रतिशत है। वन विभाग के अनुसार, 2021-22 में 77 प्रतिशत, 2022-23 में 84 प्रतिशत, 2023-24 में 90 प्रतिशत, और पिछले साल 96 प्रतिशत पौधे जीवित रहे। यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के वृहद पौधरोपण अभियानों और जनसहभागिता के कारण संभव हुई है। इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारे भी संजीदा दिख रही है जो एक शुभ संकेत है अब जरूरत है आम जन मानस को इस अभियान से जुड़ने की तभी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। **-राजेन्द्र सिंह**

विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार 1850-1900 की तुलना में वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.1 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। यह बढ़ता तापमान न केवल पर्यावरण, बल्कि मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, और जैव विविधता पर भी गंभीर प्रभाव डाल रहा है। जलवायु परिवर्तन मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों (जैसे कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, और नाइट्रस ऑक्साइड) के उत्सर्जन के कारण होता है, जो वातावरण में गर्मी को रोककर पृथ्वी के तापमान को बढ़ाते हैं। औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों ने इन गैसों के उत्सर्जन को तेजी से बढ़ाया है। नतीजतन, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और मौसम की चरम घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां कृषि और जल संसाधनों पर निर्भरता अधिक है, यह समस्या और भी गंभीर है। बढ़ते तापमान के कारण गर्मी की लहरें (हीटवेव) अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं। भारत में, विशेष रूप से उत्तर और मध्य भारत में, गर्मी की लहरों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं।



# साहित्य सभा में चीरहरण

**हरीश शिवनानी**

पिछले सप्ताह पटना में हुई घटना से एक फिर यह साबित हो गया है कि स्त्री कहीं भी सुरक्षित नहीं है। और यह भी कि, वो स्त्री चाहे गांव-देहात की अशिक्षित हो, कस्बे-कूचे की अल्पशिक्षित या फिर नगर-महानगर की उच्च-शिक्षित। इस प्रकरण ने हिन्दी साहित्य के चरित्र को भी उजागर कर दिया है जो कथनी में बड़े-बड़े आदर्श, नैतिकता, स्त्री-मुक्ति, उसकी गरिमा,अस्मिता और स्त्री सशक्तीकरण पर लंबे लंबे अकादमिक विमर्श रच कर उसको सात-सात सलाम ठोकता है लेकिन व्यवहार में अपने शीर्षासन को लाख-लाख जतन करने पर भी नहीं छुपा पाता। इक्कीसवीं सदी में पितृसत्तात्मकता और स्त्री सशक्तीकरण हमारे साहित्यिकों के बौद्धिक व्यायाम का प्रिय आसन रहा है। व्यवहार में इसके अर्थ-गाम्भीर्य को कितने पित्तरों या कितनी स्त्रियों को आत्मसात किया है, यह विचारणीय विषय है। इसे पटना-प्रकरण से भी समझा जा सकता है। पटना कांड में जिस 'नई धारा ' संस्था के राइटर्स रेजिडेंसी का प्रसंग बताया जा रहा है उसकी भूमिका भी सवालों के घेरे में है। यह बात अब सार्वजानिक वितान में आ ही चुकी है कि हिन्दी के एक वरिष्ठ कवि और लेखक ने रेजिडेंसी में एक युवा कवयित्री के साथ अभद्र,अश्लील, आपत्तिजनक हरकत की है। इसके बाद काफी बवाल मचा और अंत में कवयित्री के कड़े विरोध के बाद वरिष्ठ कवि को वहां से बेआबरू होकर रुखसत होना पड़ा। प्रकरण का क्लाइमेक्स यह है पटकथा की सर्वाइवर और उत्पीड़क के बीच चालीस बरस का फासला है। इस भदेस प्रकरण से हिन्दी साहित्य की दुनिया को भी उबाल दिया। जनवादी लेखक संघ, जन संस्कृति मंच ने कड़ी भर्त्सना की है तो राजस्थान प्रगतिशील लेखक संघ ने उसे संगठन से ही बाहर का रास्ता दिखा दिया। इन सबके बावजूद महत्वपूर्ण प्रश्न यह उठता है कि सामाजिक, नैतिक और सबसे बढ़कर विधिक रूप से अपराध की श्रेणी में आने वाले कृत्य के आरोपी के खिलाफ कानूनी कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे? पुलिस में मामला दर्ज क्यों नहीं करवाया जा रहा है ? स्त्री-मुक्ति के डंडों से पितृसत्तात्मकता के खिलाफ ढोल पीटने वाली स्वयं कवयित्री और उसकी समर्थक स्त्रीवादी कवि-लेखक समाज उसके माफीनामे लिखने या रेजिडेंसी से निकल जाने पर ही क्यों समझौता कर बैठे? इसके बाद नई धारा संस्था ने जो वक्तव्य जारी किया है वो भी लीपापोती करने वाला ही है। उत्पीड़क के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई के संबंध में अब तक चुप्पी ही पसरी हुई है। इन चुप्पियों ने ही पितृसत्तात्मकता को स्त्री को डुबोने का हथियार थमाया है। गौरतलब तो यह है कि पटना की घटना की सर्वाइवर किसी गांव-देहात या कस्बे की घूंघट या पल्लू ओढ़े बैठी रहने वाली कोई परंपरागत महिला नहीं, शहर की आधुनिक उच्च शिक्षित, बिंदास जीवन शैली जीने वाली हिन्दी-अंग्रेजी साहित्य की अध्येता है। इस अभद्र प्रकरण में इस चुप्पी का समर्थन करने वाले-वालियों के भी अपने तर्क हैं। सोशल कंडीशनिंग की तरह बड़े जतन से पनपाए गए कुछ प्रलोभन, कुछ भय भी स्त्री को कानूनी कदम उठाने से रोकते हैं। दरअसल हिन्दी साहित्य और समाज की संरचना विक्टिम ब्लेमिंग नहीं, सत्ता के अनुरूप रंग बदलती है। बरसों से क्रांति की अलख जगाने वाले, व्यवस्था को जड़ से उखाड़ फेंकने का फतवा जारी करने वाले क्रांतिकारी हिन्दी लेखक ऐसे किसी मसले पर एकजुट नहीं हो सकते। ऐसे समय में क्रांति की मशाल बुझ जाती है। यह कौन-सा भय है जो गलत को गलत, दुराचारी को दुराचारी कहने से इन क्रांतिकारियों को रोकता है द्य ऐसे क्रांतिकारी संगठन मंचों पर, सोशल मीडिया पर दम तो भरते हैं सत्ता से, सरकार से लड़ने का, व्यवस्था उखाड़ फेंकने का, लेकिन अपराधी को सरेआम बेनकाब करने का वक्त आते ही चुप्पी मारकर पीछे खिसक जाते हैं। असली क्रांति तो यह है कि पीड़िता को मुखर होकर पुलिस में मामला दर्ज करवा कर कथित कवि को अदालत तक घसीटना चाहिए। विक्टिम ब्लेमिंग अब गुजरे जमाने की बात हो चुकी है। इस प्रसंग ने समाज और साहित्यिक जगत को आत्म-आलोड़न और आत्म चिंतन का एक अवसर दिया है। ऐसे किसी भी मामले को अंजाम तक पहुंचाना भी एक सामाजिक, साहित्यिक जवाबदेही मानी जानी चाहिए। कोई भी मामला किसी सार्वजनिक वितान पर आकर व्यक्तिगत नहीं, सार्वजनिक हो जाता है उसके बाद यह मामला आपसी नहीं रह जाता। यह अवश्य है कि प्राथमिकता में व्यक्तिगत निजता की सुरक्षा का पूरा ध्यान हो।

## सेहत मंत्र

### जरूरत से ज्यादा नमक सेहत के लिए बन सकता है परेशानी का सबब

नमक के बिना खाने का कोई स्वाद नहीं है। किसी भी डिश में नमक को जरूर शामिल किया जाता है। हालांकि, ऐसे कई लोग होते हैं, जिन्हें कुछ ज्यादा ही नमक खाने की आदत होती है। वे अक्सर अपने खाने में ऊपर से नमक डालकर खाते हैं। अगर लगातार ऐसा किया जाए तो इससे आपकी सेहत को नुकसान उठाना पड़ सकता है। जी हां, जरूरत से ज्यादा नमक कई तरह की हेल्थ प्रोब्लम्स की वजह बन सकता है। अगर आपको बहुत अधिक नमक खाने की आदत है तो यह काफी हद तक संभव है कि इससे आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत का सामना करना पड़े। इससे आपको हृदय रोग से लेकर स्ट्रोक और गुर्दे की समस्या हो सकती है। इसलिए आप नमक का सेवन सीमित मात्रा में ही करें। जब आप बहुत अधिक नमक का सेवन करना शुरू कर देते हैं तो इससे आपको बार-बार प्यास लगना शुरू हो जाता है। नमक का अत्यधिक सेवन रक्त में सोडियम की मात्रा को बढ़ाता है। जिससे आपको अधिक प्यास लगने लगती है। हो सकता है कि इससे आपको बार-बार मुंह सूखने की शिकायत हो। इतना ही नहीं, शरीर में सोडियम का लेवल अधिक होने से वाटर रिटेंशन की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में हाथ-पैरों में सूजन व ब्लोटिंग जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं। किडनी शरीर से अतिरिक्त सोडियम को फिल्टर करनेका काम करती है। लेकिन नमक का अधिक सेवन करने से किडनी को जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, जिससे उसकी कार्यक्षमता हो सकती है। इससे किडनी के डैमेज होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यह संभव है कि इससे आपको क्रोनिक किडनी डिसीज या गुर्दे की पथरी की शिकायत हो जाए। सोडियम के अधिक सेवन से कैल्शियम यूरिन के जरिए बाहर निकल सकता है। जिसकी वजह से समय के साथ, इससे बोन डेंसिटी कम हो सकती है। जिसके कारण फ्रैक्चर का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है।

## धर्म मंत्र

### पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

## पर्यटन



### सिक्किम की प्राकृतिक खूबसूरती देख दीवाने हो जाएंगे आप

सवा चार लाख की आबादी वाले राज्य में 70 से ज्यादा बौद्ध मठ? चौंकिए नहीं यह तथ्य बिल्कुल सही हैं। हम बात कर रहे हैं भारत के पूर्वोत्तर में स्थित सिक्किम राज्य की। इस राज्य के बारे में एक और तथ्य भी है कि शायद यही एकमात्र राज्य ऐसा बचा है जहां कि संपूर्ण बौद्ध धर्म, कला, संस्कृति तथा सभ्यता को संभालकर रखा गया है। सिक्किम में स्थित सभी मठ ऐतिहासिक और प्राचीन महत्व के हैं। यहां पर आने वाले हर आगंतुक के लिए प्राकृतिक सौंदर्य से भी ज्यादा बौद्धमठ महत्वपूर्ण होते हैं। पेमयांग्तसे, ताशिदिंग, रूमटेक, फोडांग, दॉदरूल, ऐन्चे, रालांग तथा फ़ेन्सांग जैसे मठ ज्यादा लोकप्रिय हैं जिनमें कि विभिन्न देवताओं तथा मूर्तियों व चित्रकारी के दर्शन होते हैं। नमिंग्प्पा संप्रदाय से संबद्ध पेमयांग्से मठ प्रमुख होने के साथ ही सर्वाधिक लोकप्रिय मठ भी है। साढ़े तीन सौ वर्ष पुराना यह मठ लगभग छह हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित है। सिक्किम के प्रथम नरेश चोग्याल फुंतसोग नामग्याल के काल में स्थापित इस मठ में अतीत में सिर्फ अग्रणी जाति के लोगों को ही दर्शन करने की इजाजत थी। लेकिन आज किसी भी प्रकार की कोई बंदिश नहीं है, कोई भी सैलानी इस मठ के दर्शन कर सकता है। राजधानी से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रूमटेक मठ अराधना का स्थल होने के साथ ही बौद्ध धर्म शिक्षा का प्रमुख केन्द्र भी है। यहां की परंपरागत शैली में बना यह विशाल मठ कारग्यद संप्रदाय से संबद्ध है। आवासीय घरों के बीच बना यह रूमटेक मठ दूर से नेकलेस में चमचमाते मोतियों-सा आभास देता है। जैसे ही आप मठ के पास पहुंचेंगे तो आपको हवा में फहराते रंग-बिरंगे झंडे आपका स्वागत करते हुए लगेंगे। यहां आने पर आपको लामाओं की तीन पीढ़ियां बाल, युवा और बुजुर्ग को एक साथ देखने और मिलने का अवसर प्राप्त होगा। इन लामाओं के बारे में सर्वविदित है कि इनका जीवन कठोर परन्तु संयत और अनुशासनबद्ध होता है। यहां दो मठ 'दादारूल', और 'ऐन्चे मठ' तो विशेष रूप से दर्शनीय हैं।

# स्कूली बसों पर चला नियमों का डंडा

**बिना फिटनेस और दस्तावेजों के नहीं चलेगी मनमानी**

**फिटनेस फ़ेल, कार्रवाई तय, 15 जुलाई तक चलेगा विशेष चेकिंग अभियान, अब तक 6 स्कूल बसों पर कार्रवाई**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में संचालित निजी व सरकारी शिक्षण संस्थानों द्वारा प्रयोग की जा रही बसों और वैनों पर अब परिवहन नियमों की अनदेखी महंगी पड़ सकती है। बच्चों की सुरक्षा और सड़क नियमों के अनुपालन को लेकर परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। 1 जुलाई से 15 जुलाई तक जिले में एक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य स्कूल वाहनों की फिटनेस, वैध कागजात, प्रदूषण प्रमाण पत्र और सुरक्षा उपकरणों की अनिवार्यता को सुनिश्चित करना है। इस अभियान के तहत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) श्रीमती अंकिता शुक्ला के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न मार्गों पर स्कूली वाहनों की जांच की जा रही है। मंगलवार को अभियान के दौरान 6 स्कूल बसों को नियमों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनका चालान किया गया। ये वाहन या तो बिना फिटनेस प्रमाण पत्र, प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र के पाए गए या उनमें सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा प्रावधानों की कमी पाई गई।श्रीमती अंकिता शुक्ला ने स्पष्ट किया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं बल्कि बच्चों की जान की हिफाजत सुनिश्चित करना है। परिवहन विभाग के अनुसार, स्कूल वाहनों की जाँच केवल चालान तक सीमित नहीं रहेगी बल्कि उन्हें आवश्यक दस्तावेज पूरा करने, अग्निशमन यंत्र रखने, इमरजेंसी दरवाजे और फर्स्ट एड किट जैसे सुरक्षा उपायों से भी लैस करना होगा। साथ ही ड्राइवरों की नशामुक्ति जांच, प्रशिक्षण, और पहचान पत्र भी अनिवार्य किया जाएगा।

इस अभियान के जरिए डग्गामारी यानी बिना अधिकृत परमिट के सवारी ढोने वाले स्कूल वाहनों पर भी रोक लगेगी। खासकर वे स्कूल वैन जो नियमों को ताक पर रखकर छात्रों की जान जोखिम में डाल रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर दंडित किया जाएगा।परिवहन विभाग ने अभिभावकों से भी अपील की है कि वे स्कूल प्रबंधन से बच्चों की सुरक्षा और वाहनों के दस्तावेजों की जानकारी लें। यदि कोई वाहन नियमों का उल्लंघन करता पाया जाए तो उसकी सूचना तत्काल परिवहन विभाग या स्थानीय प्रशासन को दें।

यह विशेष चेकिंग अभियान न केवल स्कूल प्रशासन को नियमों के प्रति जवाबदेह बना रहा है बल्कि समाज को बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूक भी कर रहा है। उम्मीद है कि इस प्रयास से भविष्य में कोई भी विद्यालय अपने वाहन नियमों की अनदेखी नहीं करेगा।




> कई स्कूल वाहन या तो फिटनेस के बिना सड़कों पर दौड़ रहे हैं या उनके ड्राइवर सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर रहे हैं। ऐसे वाहनों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने वाहनों के कागजात दुरुस्त कराएं और उन्हें समय पर नवीनीकृत भी कराएं।''
>
> **श्रीमती अंकिता शुक्ला**
> **स.संभागीय परिवहन अधिकारी**
> **बाराबंकी**

## आकाशीय बिजली गिरी श्रमिक की मौत

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रमपुरवा गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से धान की रोपाई कर रहे एक मजदूर की मौत हुई। जबकि अन्य दो मजदूर झुलस कर गंभीर जख्मी हुए। यह हादसा विजय वर्मा पुत्र रामनाथ के खेत में दोपहर करीब दो बजे घटित हुआ। पवन उर्फ धीरेन्द्र अपने भाई और गांव के अन्य नौ मजदूरों के साथ धान की रोपाई कर रहा था। अचानक मौसम का मिजाज बदला कड़क के साथ बारिश होने लगी। इसी आकाशीय बिजली गिरी और पवन कुमार उर्फ धीरेन्द्र तथा अन्य दो लोग घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने पवन कुमार 36 वर्ष को मृत घोषित कर दिया। इस दर्दनाक घटना की सूचना मिलते ही कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा,एसडीएम कार्तिकेय सिंह व तहसीलदार वैशाली अहलावत ने मौके पर पहुंचे और घायलों का हाल जाना। तथा पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पवन की असमय मृत्यु से परिवार पर मुसीबत का पहाड़ टूट पड़ा।मृतक पवन के दो बच्चे, एक लड़का और लड़की है। दोनों अभी नाबालिक है। पत्नी का बुरा हाल है।

## सपा मुखिया के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 52वां जन्मदिन नगर के छाया चौराहा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने केक काटा और सभी का मुंह मीठा कराया। इसी क्रम में अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष शांति ओम के नेतृत्व में अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक में आयोजित शिविर रक्तदान किया।

## हेलो कंट्रोल रूम, रेलवे का फोन अलर्ट हुआ अमला, पता चला रेलवे का मार्कड्रिल ,समाई सांस

**बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हेलो कंट्रोल रूम मै स्टेशन मास्टर सफदरगंज बोल रहा हूं बरेली-बनारस रूट पर रसौली-सफदरगंज के बीच एक ट्रेन के पटरी से उतरने की सूचना पर हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन हरकत में आया। दोनों अपर पुलिस अधीक्षक, एडीएम और तीन थानों की पुलिस फोर्स तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना हुए। मौक़ेपर पहुंचे अधिकारियो को पता चला कि रेलवे का यह मार्क ड्रिल था। बताते चले कि सोमवार की रात्रि मे सफदरगंज रेलवे स्टेशन मास्टर ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि बरेली से बनारस जा रही एक्सप्रेस नम्बर 14236 सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर गेट नम्बर 169 पर पटरी से उतर गयी है सूचना पाते ही अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी रितेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी सहित तीन थानो की पुलिस ने मौक़ेपर पहुंच गये तब पता चला कि ट्रेन हादसा नही था डी आर एम सुनील वर्मा के आदेशानुसार यह रेलवे विभाग की पूर्व नियोजित मॉक ड्रिल थी। करीब एक घंटे तक यह भ्रम बना रहा कि कोई रेल हादसा हुआ है। रेलवे विभाग ने स्पष्ट किया कि यह ड्रिल आपदा की स्थिति में विभागीय तैयारी और स्थानीय प्रशासन की तत्परता को जांचने के लिए की गई थी। ड्रिल के बाद ट्रेन को आगे जाने की अनुमति दे दी गई। इस मॉक ड्रिल से यह साबित हुआ कि जिला प्रशासन आपदा की सूचना पर तेजी से प्रतिक्रिया देता है।

## अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा चार यात्री घायल

**बेलहरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के नगर पंचायत बेलहरा के लच्छीपुर चौराहे मंगलवार दोपहर सवारियों से भरा एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। यह ई-रिक्शा पैंतेपुर से सवारियां लेकर बेलहरा आ रहा था तभी यह हादसा हुआ। इस हादसे में ई-रिक्शा पर सवार चार लोग घायल हो गए। घायलों में शिवराजपुर निवासी अनीता पांडे (27) पैंतेपुर निवासी अफसाना खातून(30)मोहम्मद हकीक (30)और सुमन (18)शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों का इलाज एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर सभी का उपचार जारी है। लापरवाही से फर्राटा भरते ई-रिक्शा चालकों की मनमानी राहगीरों और सवारियों पर भरी पड़ रही है। पूर्व में ई-रिक्शो से हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों को अपनी जाने गवानी पड़ी है जबकि तमाम लोग घायलों भी हो चुके हैं। बावजूद इनपर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। कस्बे में ई-रिक्शा स्टैंड की कोई व्यवस्था न होने से फतेहपुर,महमूदाबाद और रामपुर मथुरा जाने वाली सड़कों पर सैकड़ों ई-रिक्शा अतिक्रमण करके खड़े रहते हैं जिससे यातायात बाधित होता है तो वहीं इनकी मनमानी आमजन के लिए परेशानी का सबक बनती जा रही है जिससे लोगों में काफी आक्रोश है।

# समाजसेवी सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा सम्पन्न

**वरिष्ठ पदाधिकारियों, व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अर्पित की पुष्पांजलि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । जनपद बाराबंकी की सामाजिक और राजनीतिक चेतना के प्रेरणास्रोत रहे परम आदरणीय सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' जी की प्रथम पुण्यतिथि पर मंगलवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर व क्षेत्र के प्रतिष्ठित पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक संगठन के पदाधिकारियों सहित आमजन ने पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार बार के भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष रह चुके परम आदरणीय ननकऊ साहू , उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन हैदरगढ़ के संरक्षक व पूर्व सभासद स्कंद तिवारी तेजतर्रार व लोकप्रिय नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी , भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व मंडल अध्यक्ष भानु मिश्रा , भाजपा सेक्टर संयोजक सोनू द्विवेदी , उद्योग व्यापार संगठन हैदरगढ़ के सक्रिय पदाधिकारी योगेश द्विवेदी 'लंबरदार' संगठन के उपाध्यक्ष शादाब अहमद ' मंडल प्रभारी विकास पांडे , मीडिया सेल प्रभारी विष्णु शुक्ला , संयुक्त मंत्री सत्यम मिश्रा, मंत्री व फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. राहुल साहू, फार्मासिस्ट जिला अध्यक्ष हनुमान जी, भाजपा के पूर्व बूथ अध्यक्ष नीलू मिश्रा, वर्तमान बूथ अध्यक्ष मोनू शुक्ला, विनोद शुक्ला, बद्दू शुक्ला, श्यामू आर्य, सुरेंद्र रावत सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओं ने सुधीर कुमार सिंह 'सिद्धू' जी के सरल, समर्पित व संघर्षशील व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने सदैव जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता दी तथा सामाजिक समरसता को मजबूती प्रदान की। उनकी पुण्यतिथि हम सभी को समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का समापन दो मिनट के मौन व श्रद्धा सुमन अर्पण के साथ किया गया।

# विद्यालयों के युग्मन नीति के विरोध में यूटा ने सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में छात्र संख्या 50 से कम होने पर उन्हें युग्मन/पेयरिंग की नीति के तहत विलय किए जाने के प्रस्ताव का यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) ने विरोध किया है। इसी क्रम में यूटा जनपद बाराबंकी के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन माननीय कैबिनेट मंत्री सतीश शर्मा व हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत के माध्यम से प्रेषित किया। ज्ञापन में बताया गया कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में प्रारंभ किए गए सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम और मजरे में विद्यालयों की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को आवश्यक, निःशुल्क और सुलभ प्राथमिक शिक्षा प्रदान की जा सके। इस अभियान को बाद में मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी गई। यूटा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में युग्मन नीति को छात्र और शिक्षक विरोधी करार दिया गया। संगठन का मानना है कि इस निर्णय से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की शिक्षा बाधित होगी, बल्कि विद्यालयों की अनावश्यक विलय प्रक्रिया से शिक्षण संस्थानों की संख्या घटेगी और शिक्षकों के पदों में कटौती भी तय है। यह नीति न केवल शिक्षा व्यवस्था के साथ अन्यायपूर्ण है बल्कि ग्रामीण छात्रों के भविष्य के साथ एक क्रूर मज़ाक भी है।



इस अवसर पर जिला संयुक्त मंत्री साकिब किदवई, जिला संगठन मंत्री दीपक मिश्रा, जिला महिला उपाध्यक्ष श्रीती बैसवार, ब्लॉक अध्यक्ष सिद्धौर देवेन्द्र निरंजन, हैदरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष अभय सिंह, संग्राम वर्मा, देवेंद्र कुमार, पवन किशोर, रामू, अमित कुमार, संदीप गौतम, आशीष वर्मा, चंद्र विजय सिंह, शैलेन्द्र रावत, राजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, आलोक श्रीवास्तव, ब्रजेंद्र मिश्रा, मोहित सिंह, सत्यधर द्विवेदी सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

# सेवा, समर्पण और सफलता की कहानी जितेंद्र प्रताप तिवारी बने जेल अधीक्षक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश के जेल प्रशासन विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 30 जून की तारीख एक नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आई, जब राज्य सरकार द्वारा जारी पदोन्नति सूची में बाराबंकी जिला कारागार में तैनात जेलर श्री जितेंद्र प्रताप तिवारी का नाम प्रमुखता से शामिल किया गया। उन्हें पदोन्नत कर जेल अधीक्षक बनाया गया है।

इस उपलब्धि की खबर जैसे ही सामने आई, न सिर्फ बाराबंकी जिला कारागार में, बल्कि पूरे जेल प्रशासन विभाग में खुशी की लहर दौड़ गई। अपने मृदुभाषी, अनुशासित, और संवेदनशील कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले श्री तिवारी को यह पदोन्नति उनके वर्षों के उत्कृष्ट सेवा अनुभव और प्रशासनिक दक्षता के लिए प्रदान की गई है।

श्री जितेंद्र प्रताप तिवारी ने वर्ष 1998 में डिप्टी जेलर के रूप में अपने करियर की शुरुआत की थी। उनकी पहली नियुक्ति उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिला कारागार में हुई। इसके पश्चात उन्होंने लखनऊ, सीतापुर, मुरादाबाद, ललितपुर, फतेहपुर एवं नोएडा जैसे महत्वपूर्ण जिला कारागारों में अपनी सेवा दी, जहां उन्होंने जेल व्यवस्था को न सिर्फ अनुशासित ढंग से संचालित किया, बल्कि कैदियों के पुनर्वास के लिए भी सकारात्मक प्रयास किए। वर्ष 2017 में उन्हें डिप्टी जेलर से पदोन्नत कर जेलर बनाया गया और इसके पश्चात उनकी तैनाती बाराबंकी जिला कारागार में की गई, जहाँ उन्होंने अपने नेतृत्व में जेल प्रशासन को सुचारू, पारदर्शी और मानवीय दृष्टिकोण से संचालित किया। श्री तिवारी की पदोन्नति की सूचना मिलते ही सहयोगी अधिकारियों, कर्मचारियों, शुभचिंतकों और परिचितों ने उन्हें बधाइयों का सिलसिला शुरू कर दिया। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें उनके कार्यों की सराहना करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह पदोन्नति न केवल श्री तिवारी के लिए गर्व का विषय है, बल्कि उन सभी कर्मठ अधिकारियों के लिए प्रेरणा भी है, जो अपने कर्तव्य पथ पर निष्ठा, ईमानदारी और परिश्रम से कार्य कर रहे हैं।

**अनुशासन के प्रतीक रहे जितेंद्र तिवारी 2017 में बने थे जेलर**



**नेपाल ने छोड़ा पानी, सरयू का जलस्तर लाल निशान पार**

# गांवों में बाढ़ का खतरा गहराया

**कटान से कांप रही ज़िंदगियाँ, प्रशासन सतर्क पर संसाधन सीमित**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। सरयू नदी का रौद्र रूप एक बार फिर क्षेत्रवासियों के लिए चिंता और दहशत का सबब बन गया है। नेपाल द्वारा सरयू नदी में लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और मंगलवार को यह खतरे के लाल निशान को पार कर गया। नदी की विकराल होती धारा अब गांवों की ओर बढ़ रही है, जिससे लोगों में अफरा-तफरी और अनिश्चितता का माहौल गहराता जा रहा है। गांवों पर मंडरा रहा खतरा, रात की नींद उड़ गईसनावा, टेपरा, कहारन पुरवा, तेलवारी जैसे नदी के किनारे बसे गांवों में लोगों की आंखों से नींद गायब है। ग्रामीणों के मुताबिक सोमवार की रात से जलस्तर ने तेजी से बढ़ना शुरू किया और तब से हर घंटे हालात और भयावह होते जा रहे हैं। ग्रामीण हीरालाल और राजाराम बताते हैं, ल्हर बार की तरह इस बार भी पानी धीरे-धीरे खेतों को लील रहा है। कटान शुरू हो चुकी है। हम बेबस हैं, हमारा सब कुछ यहीं है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बाढ़ खंड विभाग की कार्यप्रणाली इस बार भी असंवेदनशील और असंतुलित रही है। ग्रामीणों ने कहा कि जहां कटान वास्तविक रूप से हो रही है, वहां परक्यू पॉइन (बाढ़ नियंत्रण व्यवस्था) नहीं लगाए जा रहे, जबकि दूसरी जगहों पर खानापूर्ति की जा रही है। गांव के बुजुर्ग रामचेत कहते हैं, ल्हम हर साल यही झेलते हैं, लेकिन अब तो प्रशासन को समझ जाना चाहिए कि हम सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, हम ज़िंदा इंसान हैं।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मंगलवार की शाम उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने सनावा गांव का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ तहसीलदार महिमा मिश्रा और अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहे। उन्होंने नदी के वर्तमान जलस्तर की जानकारी ली और ग्रामीणों से संवाद किया। एसडीएम ने बाढ़ खंड व सिंचाई विभाग समेत अन्य संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने और बाढ़ संभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी असामान्य स्थिति में प्रशासन को तुरंत सूचित करें। हालांकि राहत दलों को अलर्ट पर रखा गया है, लेकिन ग्रामीणों की चिंता यह है कि क्या केवल अलर्ट रहने से जमीनी सच्चाई बदलेगी? जिनके घर खतरे में हैं, जिनकी फसलें जलस्तर के नीचे समा रही हैं, वे राहत का इंतज़ार नहीं, सुरक्षा और समय पर कार्यवाही की उम्मीद कर रहे हैं। बाढ़ खंड के अवर अभियंता प्रदीप वर्मा का कहना है कि कटान रोकने के लिए प्रयास तेज़ी से किए जा रहे हैं। ''स्थिति गंभीर है लेकिन हम लगातार कार्य कर रहे हैं। जहां खतरा ज्यादा है वहां प्राथमिकता दी जा रही है,'' उन्होंने बताया। हर साल की तरह इस बार भी गांवों की किस्मत सरयू के पानी के रहम पर है। जिन बच्चों ने नदी किनारे खेलना सीखा, जिन बुजुर्गों ने वहीं जीवन जिया, आज वे अपनी मिट्टी से उजड़ने के डर में जी रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता स्वागत योग्य है, लेकिन जरूरत है ठोस और मानवीय दृष्टिकोण से कार्य करने की ऽ ताकि संकट केवल रिपोर्टों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके।





# गैंगवार, हत्या, मामले में 12 लोगों को आजीवन कारावास, पांच लोगों को तीन वर्ष कैद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। थाना पटरंगा जो अब अयोध्या का भाग है के सरैठा गांव में वर्ष 2007 में हुऐ गंगवार, हत्या, बलबा मामले की सुनवाई पूरी करने के बाद विशेष न्यायाधीश वीना नारायण ने एक पक्ष के 12 आरोपियों को आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख अठारह हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया।साथ ही दूसरे पक्ष के पांच लोगों को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देकर तीन वर्ष कारावास की सजा से दण्डित किया। अभियोजन कथानक के अनुसार थाना पटरंगा के गांव सरैथा जो अब अयोध्या में है,पूर्व में बाराबंकी में था,के निवासी कृष्ण मगन ने बताया कि वह पंचायत का प्रधानी चुनाव जीत गए थे इससे गांव के अजय वा उनके साथी रंजीत मानते थे। 4 मार्च 2007को वे शिव नगर चौराहे पर मंशा राम के साथ गए थे,इसी बीच गांव के अजय सिंह वा सहाजराम आ गए और कोटे की दुकान को लेकर विवाद शुरू हो गया।इसी दौरान मंशा राम अपने घर वापस लौट आए।कुछ देर बाद अजय ,जगन्नाथ,विनोद,कृष्ण मगन सिंह,राम चंदर तिवारी,सहज राम,करुणा शंकर,संजय मिश्रा,साहब बक्स,रामसागर यादव,मुन्ना सिंह,मुकुट सिंह,प्रमोद,राम प्रसाद,कट्टा, फर्शा,लाठी डंडा तथा राकेश तिवारी,राम विजय,जमुना मिश्रा बन्दूक वा कई लोगो के साथ आ गए और फायर तथा मारपीट करने लगे इससे चेतराम, सुन्दर लाल,दरबारी,राम सिंह,लालाराम,मिलन, ननकू को मारपीट कर घायल कर दिया,आग लगा दी। घायल चेतराम की मृत्यु हो गई थी। लम्बे समय तक चली सुनवाई के बाद न्यायालय ने कृष्ण मगन सिंह,अजय सिंह,जगन्नाथ,विनोद सिंह,सहज राम,करुणा शंकर,संजय मिश्रा,साहब बक्स सिंह,मुन्ना सिंह,मुकुट सिंह,प्रमोद सिंह वा राकेश तिवारी को दोषी करार देकर आजीवन कारावास तथा प्रत्येक को एक लाख अठारह हजार रूपये अर्थ दण्ड से दण्डित किया।दौरान मुकदमा राम चंदर,राम सागर,राम प्रसाद,राम विजय,जमुना मिश्रा वा हरि मगन सिंह की मृत्यु हो गई। इनमे जगन्नाथ,संजय मिश्रा तथा मुकुट सिंह के कोर्ट पर हाजिर न रहने के कारण कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट का भी आदेश दिया। दूसरे पक्ष से पुलिस ने 10 आरोपियों के विरुद्ध चार्ज शीट कोर्ट में दायर की थी।इनमे राम सिंह,मंशा राम,अमरेश, ननकु वा सर्वजीत को विभिन्न धाराओं में दोषी करार देकर तीन वर्ष के कारावास वा अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

**कमेला गांव की जलभराव की समस्या पर त्वरित संज्ञान, मौके पर पहुंचकर समस्या देखी, तत्काल हल के निर्देश दिए**

# जनसरोकार के प्रति संवेदनशीलता, फरियादी के गांव पहुंचे एसडीएम, मातहतों को दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। जब संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा एक साथ किसी प्रशासनिक अधिकारी के व्यक्तित्व में समाहित हो जाएं, तो वह सिर्फ पद नहीं निभाता, बल्कि लोगों की उम्मीद बन जाता है। हैदरगढ़ तहसील के उपजिलाधिकारी मोहम्मद शम्स तबरेज खान इसी उम्मीद और भरोसे का नाम बनते जा रहे हैं।

गत दिवस तहसील परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कमेला गांव की निवासी लीलावती पत्नी राम खेलावन ने फरियाद करते हुए बताया कि उसके घर का भू-स्तर नीचा होने के कारण वर्षा के मौसम में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। परिणामस्वरूप उसका परिवार महीनों तक कीचड़ और गंदगी से भरे वातावरण में जीने को मजबूर हो जाता है। यह एक ऐसी व्यथा थी, जो वर्षों से अनसुनी रह गई थी–पर इस बार हालात अलग थे।

जनसुनवाई में इस गंभीर समस्या को सुनते ही एसडीएम मो. शम्स तबरेज खान ने मामले को गंभीरता से लिया और लेखपाल दीपचंद्र शर्मा के साथ स्वयं कमेला गांव के लिए रवाना हो गए। उनका यह क़दम न केवल संवेदनशीलता का प्रतीक था, बल्कि यह भी दर्शाता है कि वह ''कर्म के जरिए जवाब देने'' वाले अधिकारी हैं। गांव पहुंचते ही उन्होंने स्थल का निरीक्षण किया और पाया कि जलभराव की स्थिति वास्तव में चिंताजनक है। इस पर उन्होंने ग्राम प्रधान राजेश कुमारी पंचायत चंद्र भानु पांडेय को तत्काल निर्देशित किया कि जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था हेतु सोखता गड्ढा तत्काल बनवाया जाए, जिससे भविष्य में ऐसी स्थिति से ग्रामीणों को दो-चार न होना पड़े।



## ज्ञान के केंद्र में रुचि, युवाओं से संवाद

निरीक्षण के बाद एसडीएम खान गांव में बनी लाइब्रेरी पहुंचे, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे करीब 50 युवा अध्ययनरत मिले। उन्होंने न केवल छात्रों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली, बल्कि एक संरक्षक की तरह उन्हें सफलता के सूत्र भी दिए। अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास–ये तीन चीजें किसी भी युवा को सफलता के शिखर तक पहुंचा सकती हैं। संसाधनों की कमी बाधा नहीं, बल्कि प्रेरणा बननी चाहिए, ऐसा प्रेरणादायक संदेश उन्होंने छात्रों को दिया।

एसडीएम के इस सरल, सुलभ व प्रेरणात्मक व्यवहार ने युवाओं में नई ऊर्ज़ा और जोश का संचार किया। विद्यार्थियों ने भी बताया कि अधिकारी महोदय के आने से उन्हें यह विश्वास हुआ है कि प्रशासन उनकी पढ़ाई, सुविधाओं और भावनाओं के प्रति भी सजग है। एसडीएम श्री खान ने ग्राम प्रधान राजेश कुमारी और सचिव चंद्र भानु पांडेय की भी सराहना की, जो गांव में शिक्षा, स्वच्छता और जागरूकता को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि अगर स्थानीय नेतृत्व सक्रिय हो और प्रशासन सहयोगी, तो गांवों की तस्वीर बदलते देर नहीं लगती।

इस पूरे घटनाक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि जब प्रशासन आम जनता के दर्द को अपनी जिम्मेदारी समझता है, तब व्यवस्था सिर्फ नियमों की किताब नहीं रहती, बल्कि राहत और उम्मीद की शक्ल ले लेती है। एसडीएम मो. शम्स तबरेज खान की त्वरित कार्रवाई, मानवीय दृष्टिकोण और युवाओं से संवाद ने साबित कर दिया कि प्रशासनिक पद एक दायित्व है, न कि सुविधा। कमेला गांव की इस घटना ने क्षेत्र के लोगों में यह विश्वास और गहरा कर दिया है कि जब जिम्मेदार हाथों में कमान होती है, तो समस्याएं समाधान में बदलती हैं और प्रशासन जनविश्वास का दूसरा नाम बन जाता है।

## इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिये भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

एजेंसी




बर्मिंघम। भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली। सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा ,'' रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहनीं। हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। उन्होंने कहा ,'' टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी। पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है। अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे। बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी। हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया।

## मुंबई से क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे यशस्वी जायसवाल

एजेंसी



मुंबई। भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आगामी 2025-26 घरेलू सत्र में मुंबई की ओर से ही खेलते नजर आएंगे। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उनके गोवा जाने के लिए जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को वापस लेने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है।

एमसीए अध्यक्ष अजिक्य नाइक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ''यशस्वी हमेशा से मुंबई क्रिकेट की एक गौरवशाली उपज रहे हैं। हमने उनके एनओसी वापसी के आवेदन को स्वीकार कर लिया है और वह आगामी घरेलू सत्र में मुंबई के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस साल अप्रैल में जायसवाल ने गोवा के लिए खेलने के इरादे से एनओसी मांगी थी, जिसे एमसीए ने ह्रचौंकाने वाला कदमङ्ग बताया था। हालांकि, एक महीने बाद उन्होंने पुनः एमसीए को पत्र लिखकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ गोवा स्थानांतरित होने का विचार कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने वह योजना बदल दी है और वे मुंबई के लिए ही खेलना चाहते हैं। 23 वर्षीय जायसवाल ने अंडर-19 स्तर से ही मुंबई का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2019 में मुंबई के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक 10 प्रथम श्रेणी मैचों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए हैं। इसमें उनके चार शतक, दो अर्द्धशतक और उत्तर प्रदेश के खिलाफ 181 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है। हाल ही में समाप्त हुए घरेलू सत्र में उन्होंने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में मुंबई की ओर से भाग लिया था, हालांकि टीम को उस मैच में हार का सामना करना पड़ा। वह विदर्भ के खिलाफ सेमीफाइनल में खेलने वाले थे, लेकिन अभ्यास के दौरान टखने की चोट के चलते बाहर हो गए। फिलहाल जायसवाल इंग्लैंड में भारतीय टेस्ट टीम के साथ हैं। उन्होंने लीड्स में सीरीज के पहले मैच में शतक जमाया था, हालांकि भारत वह मुकाबला पांच विकेट से हार गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अबराम फूड ने कमजोर लिस्टिंग से किया निराश अपर सर्किट के बावजूद घाटे में आईपीओ निवेशक

**नई दिल्ली।** खाद्यान्न और खाद्य तेल का कारोबार करने वाली कंपनी अबराम फूड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को काफी निराश किया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 98 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी एंट्री 7.76 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 90.40 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर टूट कर 86.01 रुपये के स्तर तक गिर गया। हालांकि, इसके बाद खरीदारी शुरू हो जाने से थोड़ी देर बाद ही ये शेयर 94.92 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। अपर सर्किट पर पहुंचने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को आज पहले दिन ही 3.14 प्रतिशत का नुकसान हो गया। अबराम फूड का 13.99 करोड़ रुपये का आईपीओ 24 से 26 जून के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 28.49 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इसमें रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 16.05 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले 14.28 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी नई मशीनरी खरीदने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 48 लाख रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1.02 करोड़ रुपये और 2024-25 में 3.26 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 39 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) से बढ़ कर 64.09 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

### सिराज ने हैदराबाद में रेस्तरां खोला

**हैदराबाद।** भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज ने हैदराबाद शहर में अपना पहला रेस्तरां जोहारफा खोला है जिसमें मुगलई, पारसी, अरबी और चीनी व्यंजन परोसे जायेंगे। सिराज ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा ,'' जोहारफा मेरे दिल के काफी करीब है। हैदराबाद शहर ने मुझे पहचान दी और अब इस रेस्तरां के जरिये मैं शहर को कुछ लौटाना चाहता हूं। यहां लोगों को घर जैसा खाना परोसा जायेगा। इससे पहले सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, विराट कोहली और जहीर खान भी रेस्तरां खोल चुके हैं।

### शेल लुब्रिकेंट्स ने राज पेट्रो स्पेशियलिटीज का अधिग्रहण किया पूरा

**नयी दिल्ली।** शेल लुब्रिकेंट्स ने राज पेट्रो स्पेशियलिटीज का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लेन-देन के वित्तीय विवरण का खुलासा किए बिना शेल ने कहा कि उसने ब्रेनटैग समूह से राज पेट्रो स्पेशियलिटीज प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत शेयर हिस्सेदारी हासिल कर ली है। शेल के कार्यकारी उपाध्यक्ष (ग्लोबल लुब्रिकेंट) जेसन वोंग ने कहा कि पेट्रो स्पेशियलिटीज के जुड़ने से शेल के व्यापार के स्तर का विस्तार करने में मदद मिलेगी। राज पेट्रो की चेन्नई और सिलवासा में विनिर्माण सुविधाएं हैं। यह ट्रांसफॉर्मर तेल से लेकर पेट्रोलियम जेली, सफ़ेद तेल, मोम और स्नेहक तक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। मुंबई में मुख्यालय वाली 80 साल से अधिक पुरानी इस कंपनी का 2017-18 में जर्मनी की ब्रेनटैग ने अधिग्रहण कर लिया था। शेल लुब्रिकेंट्स, शेल पीएलसी का एक हिस्सा है जो दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनियों में से एक है। शेल लुब्रिकेंट्स दुनिया के सबसे बड़े लुब्रिकेंट आपूर्तिकर्ताओं में से एक है। 'लुब्रिकेंट' ऐसे पदार्थ होते हैं जो दो गतिशील सतहों के बीच घर्षण और टूट-फूट को कम करने के लिए लगाए जाते हैं। ये मशीनों और इंजनों के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करते हैं और उनकी दक्षता बढ़ाते हैं।

### कोल इंडिया, हिंदुस्तान कॉपर महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में मिलकर करेंगे काम

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मंगलवार को कहा कि उसने महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए हिंदुस्तान कॉपर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीआईएल ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि दोनों कंपनियों ने तांबा और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर सहयोग के लिए सोमवार को गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इससे पहले, सीआईएल और आईआरईएल (इंडिया) लिमिटेड ने महत्वपूर्ण खनिजों के विकास पर सहयोग एवं सहभागिता के लिए एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य खनिज रेत और दुर्लभ खनिजों सहित महत्वपूर्ण खनिजों की परस्पर सहमत परिसंपत्तियों के विकास को बढ़ावा देना है। सीआईएल की घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और दुर्लभ पृथ्वी तत्व जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कच्चे माल हैं। पवन टर्बाइन और बिजली तंत्र से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरी निर्माण तक इनका उपयोग बढ़ा है।

### हीरो मोटर्स ने 1,200 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किए दस्तावेज

**नयी दिल्ली।** वाहन कलपुर्ज़ा विनिर्माता कंपनी हीरो मोटर्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,200 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष सोमवार को दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, आईपीओ 800 करोड़ रुपये के नए शेयर और 400 करोड़ रुपये के शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। नए निर्गम से हासिल 285 करोड़ रुपये का उपयोग ऋण के भुगतान के लिए और 237 करोड़ रुपये का उपयोग उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में कंपनी की सुविधा में क्षमता विस्तार के लिए उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। इसके अलावा, एक हिस्से का इस्तेमाल अज्ञात अधिग्रहणों और अन्य रणनीतिक पहलों एवं सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के माध्यम से कार्बन मुक्त विकास को वित्तपोषित करने के लिए किया जाएगा। हीरो मोटर्स ने अगस्त 2024 में आईपीओ के जरिये 900 करोड़ रुपये जुटाने के लिए सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे। हालांकि अक्टूबर में कंपनी ने इसे वापस ले लिया था। हीरो मोटर्स भारत की अग्रणी मोटर वाहन प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है। यह अमेरिका, यूरोप, भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) क्षेत्र में मोटर वाहन मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को उच्च इंजीनियरिंग वाले 'पावरट्रेन' समाधानों के विनिर्माण और आपूर्ति में लगी हुई है।

## गेंदबाजों के लिए हो सकता है एक और कठिन सप्ताह : वोक्स

एजेंसी




बर्मिंघम, 1 जुलाई (हि.स.)। इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले माना है कि यह सप्ताह गेंदबाजों के लिए एक और चुनौतीपूर्ण हो सकता है। वोक्स अब इंग्लैंड की गेंदबाजी इकाई में सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी हैं, और इस भूमिका का वह पूरा आनंद ले रहे हैं। वोक्स ने सोमवार को एक बयान में कहा, ''मैंने अपने करियर का अधिकांश हिस्सा जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ खेला है, इसलिए अब हालात कुछ अलग हैं। यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है। मैं युवा खिलाड़ियों को अनुभव बांट रहा हूं और उनसे भी सीख रहा हूं। हर बार जब आप मैदान पर उतरते हैं तो कुछ नया सीखते हैं और यही यात्रा चलती रहती है। 36 वर्षीय वोक्स ने यह भी कहा कि वह एंडरसन की तरह 41 साल की उम्र तक क्रिकेट नहीं खेलेंगे लेकिन उम्र को लेकर जितनी बातें होती हैं, वह उन्हें ज्यादा अहमियत नहीं देते। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि मैं 41 की उम्र में इंग्लैंड के लिए खेल रहा होऊंगा। लेकिन जब तक मैं टीम के लिए योगदान दे रहा हूं और अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं, तब तक खेलता रहूंगा। अगर कभी ऐसा समय आता है जब कोई कंधे पर हाथ रखकर विदाई की बात करे, तो वह भी ठीक है। लेकिन फिलहाल मैं खेल का पूरा लुत्फ उठा रहा हूं,'' उन्होंने कहा। हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की ओर से पांच शतक लगे और कुल मिलाकर दोनों टीमों ने मिलकर 1,673 रन बनाए। वोक्स ने स्वीकार किया कि पिच बल्लेबाजों के अनुकूल थी जिससे गेंदबाजों को काफी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने कहा, ''हम जानते हैं कि भारतीय बल्लेबाज कितने मजबूत हैं। हेडिंग्ले में पिच बहुत फ्लैट थी, जिससे गेंदबाजी करना मुश्किल हो गया था, लेकिन हम 20 विकेट लेने में सफल रहे। बल्लेबाजों के हावी होने के बाद भी हमने मैच में वापसी की, जो एक अहम काबिलियत है। एजबेस्टन में भी हालात कुछ ऐसे ही हो सकते हैं, मौसम अच्छा है, तो गेंदबाजों के लिए यह एक और मुश्किल सप्ताह हो सकता है। इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में 371 रनों का पीछा कर जीत दर्ज की, जो टेस्ट इतिहास में उनकी दूसरी सबसे बड़ी सफल रन चेज थी। वोक्स ने कहा कि टीम को अपने खेलने के तरीके पर भरोसा है और वे इसे आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा,''आप जब अच्छा खेलकर जीतते हैं तो आत्मविश्वास बढ़ता है। हम जानते हैं कि हमें और बेहतर होना है। पिछले सप्ताह जो चीजें हमने ठीक नहीं कीं, उन्हें इस बार सुधारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, ''हम अपनी क्रिकेट शैली को लेकर संतुष्ट हैं, यही ब्रांड पिछले कुछ वर्षों में हमें सफलता दिलाता आया है। हम उसी पर कायम रहेंगे, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है और हम उस पर काम करेंगे। दूसरा टेस्ट कल से एजबेस्टन में खेला जाएगा।

## स्मृति मंधाना आईसीसी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

दुबई। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 की श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी। मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके कैरियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढकर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं।

## सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार, सोना-चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी



नई दिल्ली। पिछले कई दिनों से लगातार गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में सपाट स्तर पर कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। सोना और चांदी दोनों चमकीली धातुओं के भाव में आज भी बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,410 रुपये से लेकर 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,290 रुपये से लेकर 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,07,700 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## लगातार चौथे महीने सस्ता हुआ कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर, भाव में 58.50 रुपये की कटौती


एजेंसी



नई दिल्ली। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर को सस्ता कर दिया। हालांकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम के गैस सिलेंडर के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। गैस की कीमत तय करने के लिए हर महीने की शुरुआत में होने वाले रिवीजन के बाद कॉमर्शियल गैस की कीमतों में आज 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर तक की कमी की गई है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने लगातार चौथे महीने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती की है। कीमत में की गई कटौती के बाद अब दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर के लिए 1,665 रुपये का भुगतान करना पड़ेगा, जबकि जून में इसकी कीमत 1,723.50 रुपये थी। वहीं मई में इसके लिए 1,747.50 रुपये, अप्रैल के महीने में इस सिलेंडर के लिए 1,762 रुपये और उसके पहले मार्च के महीने में 1,803 रुपये का भुगतान करना पड़ता था। इस तरह मार्च के बाद अभी तक 19 किलो वाले एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम में 138 रुपये की कटौती हो चुकी है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में की गई कटौती के बाद अब कोलकाता में इसकी कीमत 1,826 रुपये से घट कर 1,769 रुपये हो गई है। इसी तरह मुंबई में आज से ये सिलेंडर 1,674.50 रुपये की जगह 1,616 रुपये के भाव पर मिल रहा है। वहीं चेन्नई में 19 किलोग्राम वाले गैस सिलेंडर की कीमत 1,881 रुपये से कम होकर 1,823.50 रुपये हो गई है। गौरतलब है कि पिछले कुछ महीने से कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में लगातार कटौती की जा रही है।

## सीतारमण ने स्पेन के एफएफडी4 शिखर सम्मेलन में भारत के सुधारों, निवेश अवसरों पर दिया जोर

एजेंसी





नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण इस समय स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक दौर पर हैं। उन्होंने मंगलवार को स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण पर संयुक्त राष्ट्र के चौथे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (एफएफडी4) में भारत के सुधारों और निवेश अवसरों पर प्रकाश डाला। सेविले में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच के शिखर सम्मेलन में निर्मला सीतारमण ने सतत विकास के लिए निजी पूंजी जुटाने की जोरदार वकालत की। इस शिखर सम्मेलन का विषय ''एफएफडी4 के परिणाम से कार्यान्वयन तकः अनवरत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता का दोहन'' है।उन्होंने जर्मनी की आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्री रीम अलाबली-राडोवन से मुलाकात की। सीतारमण ने हाल ही में संघीय मंत्री के तौर पर अलाबली-राडोवन की नियुक्ति पर उन्हें बधाई दी। उन्होंने भारत-जर्मनी हरित एवं सतत विकास साझेदारी के तहत सहयोग के विभिन्न पारस्परिक क्षेत्रों पर चर्चा की, जिसमें हरित एवं नवीकरणीय ऊर्जा, शहरी गतिशीलता एवं सतत शहरी विकास; तथा पारिस्थितिकी के माध्यम से सतत आजीविका शामिल हैं। जर्मन की संघीय आर्थिक सहयोग एवं विकास मंत्री रीम अलाबली-राडोवन ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की आशा व्यक्त की तथा कहा कि जर्मनी भारत के साथ अधिक सहयोग करना चाहेगा। इस मुलाकात के दोनों नेताओं ने फिनटेक, व्यापार, निवेश, खनन और रक्षा के साथ-साथ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, विशेष रूप से रेलवे में सहयोग की संभावनाओं पर गहन रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। इससे पहले वित्त मंत्री ने सेविले में पेरू के विदेश मंत्री एल्मर शियालर साल्सेडो से मुलाकात की। सीतारमण ने इस मुलाकात के दौरान रेल संपर्क बनाने और रोलिंग स्टॉक के निर्माण में भारत की विशेषज्ञता पर प्रकाश डाला। साल्सेडो ने कहा कि वह पेरू में विकसित किए जा रहे तीन रेल संपर्कों के लिए अंतरराष्ट्रीय बोलियों में भारत की भागीदारी की प्रतीक्षा कर रहे हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने पेरू को निर्यात में विविधता लाने में भारत की रुचि को साझा किया। उन्होंने विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, फार्मास्युटिकल्स, वस्त्र, इंजीनियरिंग सामान और आईटी सेवाओं और पेरू से तांबा और लिथियम जैसे महत्वपूर्ण खनिजों के आयात को महत्व दिया, जो भारत के ऊर्जा परिवर्तन और औद्योगिक विकास के लिए संभावित कुंजी है। इसके अलावा केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री ने स्पेन के सेविले में न्यूजीलैंड के विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी, विश्वविद्यालय, सांख्यिकी एवं प्रशांत क्षेत्र के लोगों के मंत्री डॉ. डॉ. शेन रेती एमपी से मुलाकात की। दोनों मंत्रियों ने रक्षा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी एवं कृषि में आपसी हित के क्षेत्रों में सहयोग तथा लोकतंत्र, कानून के शासन एवं लोगों के बीच मजबूत संबंधों में निहित साझा मूल्यों पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान सीतारमण ने बैंकिंग, बुलियन एक्सचेंज, पूंजी बाजार, फंड इकोसिस्टम, फिनटेक, बीमाकर्ता एवं (पुनः) बीमाकर्ता के संदर्भ में गिफ्ट-आईएफएससी में उपलब्ध विश्व स्तरीय अवसरों पर चर्चा की। वित्त मंत्री ने शैक्षिक आदान-प्रदान को भारत-न्यूजीलैंड संबंधों की आधारशिला बताया, जिसमें कई भारतीय छात्र न्यूजीलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. डॉ. शेन रेती एमपी ने द्विपक्षीय रूप से शिक्षा क्षेत्र के संबंधों को बढ़ाने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की और प्रशांत क्षेत्र के साथ जुड़ने में न्यूजीलैंड के अनुभव को भी साझा किया।

# राजनाथ ने अमेरिकी रक्षा मंत्री के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने पर बात की

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने रक्षा क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग, प्रशिक्षण , सैन्य आदान-प्रदान और रक्षा उद्योग में सहयोग का दायरा बढ़ाने के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की है।

श्री सिंह में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि उन्होंने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ टेलीफोन पर सार्थक बातचीत की रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि दोनों नेता इस महत्वपूर्ण और पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी की गति को इसके सभी क्षेत्रों - अंतर-संचालन, रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं का एकीकरण, रसद साझाकरण, संयुक्त सैन्य अभ्यासों में वृद्धि और अन्य समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ सहयोग पर आगे बढ़ाने पर सहमत हुए।



रक्षा मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत को अमेरिका द्वारा दिए गए अटूट समर्थन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद का पाकिस्तान का लंबा ट्रैक रिकॉर्ड वैश्विक स्तर पर जाना जाता है और वह दुनिया भर के आतंकवादियों के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित आतंकवादियों को वहां छूट प्राप्त है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारत आतंकवाद का जवाब देने और उसका बचाव करने और भविष्य में किसी भी सीमा पार हमले को रोकने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, आनुपातिक और आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निष्क्रिय करने पर केंद्रित थी। रक्षा मंत्री ने अमेरिकी रक्षा मंत्री को उनके प्रभावशाली नेतृत्व के लिए बधाई दी, जिसने अमेरिका और भारत के बीच रक्षा सहयोग को नए स्तरों पर पहुंचा दिया है। श्री पीट हेगसेथ ने द्विपक्षीय रक्षा साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए श्री सिंह को व्यक्तिगत बैठक के लिए अमेरिका आने के लिए आमंत्रित किया।

श्री सिंह ने अपनी पोस्ट में कहा कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी को और बढाने और क्षमता निर्माण में सहयोग को मजबूत करने के लिए जारी एवं नई पहलों की समीक्षा करने के लिए यह चर्चा की गई। वह जल्द ही अमेरिकी रक्षा मंत्री से मिलने के लिए उत्सुक हैं। इस साल जनवरी में श्री हेगसेथ को अमेरिकी रक्षा मंत्री नियुक्त किए जाने के बाद से यह टेलीफोन पर उनकी तीसरी बातचीत थी।

# गरीबों को दंडित करने का प्रावधान है मोदी सरकार का जीएसटी : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने वस्तु एवं सेवा कर-जीएसटी को जनता के साथ आर्थिक अन्याय और गरीबों को दंडित करने वाला प्रावधान करार देते हुए कहा है कि यह जीएसटी महज कारपोरेट भाई भतीजावाद तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में जीएसटी के आठ साल पूरा होने पर कहा ़आठ साल बाद, मोदी सरकार का जीएसटी कोई कर सुधार नहीं है -यह आर्थिक अन्याय और कॉर्पोरेट भाई-भतीजावाद का एक क्रूर साधन है। इसे गरीबों को दंडित करने, एमएसएमई को कुचलने, राज्यों को कमजोर करने और प्रधानमंत्री के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए बनाया गया था। एक 'अच्छा और सरल कर'बनाने का वादा था लेकिन देश की जनता को जीएसटी के रूप में दुःस्वप्न मिला जिसमें पाँच-स्लैब हैं और अब तक इसमें 900 से अधिक बार संशोधन किया गया है। यहाँ तक कि कारमेल पॉपकॉर्न और क्रीम बन भी इसके भ्रम में फँस गए हैं। उन्होंने कहा कि नौकरशाही बड़े कॉरपोरेट्स के पक्ष में है और वे इसकी खामियों को एकाउंटेंट की सेना के साथ दूर कर सकते हैं, जबकि छोटे दुकानदार, एमएसएमई और आम व्यापारी लालफीताशाही में फंसे हुए हैं और जीएसटी पोर्टल दैनिक उत्पीड़न का स्रोत बना हुआ है। इससे देश के सबसे बड़े रोजगार सृजक एमएसएमई को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ा है। आठ साल पहले जीएसटी लागू होने के बाद से 18 लाख से अधिक उद्यम बंद हो गए हैं। अब हालात यह हैं कि नागरिकों को चाय से लेकर स्वास्थ्य बीमा तक हर चीज़ पर जीएसटी का भुगतान करना पड़ रहा हैं जबकि कॉर्पोरेट सालाना एक लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा कर छूट का आनंद लेते हैं। श्री गांधी ने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल को जानबूझकर जीएसटी के दायरे से बाहर रखा गया है, जिससे किसान, ट्रांसपोर्टर और आम लोग परेशान हैं। जीएसटी बकाया को गैर-भाजपा शासित राज्यों को दंडित करने के लिए हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है और यह मोदी सरकार के संघीय ढांचे विरोधी एजेंडे का प्रमाण है। उन्होंने जीएसटी को यूपीए सरकार का एक दूरदर्शी विचार बताया और कहा कि इसका उद्देश्य बाज़ारों को एकीकृत कर कराधान को सरल बनाना था लेकिन इसके खराब क्रियान्वयन, राजनीतिक पूर्वाग्रह और नौकरशाही के अतिरेक ने धोखा दिया है। एक सुधरी हुई जीएसटी को लोगों को प्राथमिकता देनी चाहिए और इस कर प्रणाली को व्यापार के अनुकूल और संघीय भावना के अनुरूप होना चाहिए। उनका कहना था कि देश को एक ऐसी कर प्रणाली की ज़रूरत है जो केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के लिए ही नहीं बल्कि सभी के लिए हो। इससे देश के छोटे दुकानदार से लेकर किसान तक हर भारतीय देश की प्रगति में हिस्सेदार बन सकेगा।



# सेल में हुए करोड़ों के घोटाले पर चर्चा जरूरी : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंग्रेस ने कहा है कि स्टील अथारिटी आफ इंडिया- सेल में करोड़ों रुपए का घोटाला हुआ है और इसमें शामिल कंपनियों की जांच कराने के बजाय इसे उजागर करने वाले ईमानदार अधिकारी पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर उसे ही नौकरी से निकाला गया है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ अजय कुमार ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार में लगातार अपराध और घोटाले हो रहे हैं और सरकार इन सब पर चुप्पी साधे है। उनका कहना था कि हाल ही में चार हजार करोड़ रुपए का स्टील घोटाला सामने आया है लेकिन इस पर कोई कार्रवाई करने के बजाय घोटाले को उजागर करने वाले अधिकारी को ही नौकरी से निकाल दिया गया है। डॉ कुमार ने कहा कि इस घोटाले को लेकर मीडिया घरानों को चर्चा करानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि देश की नवरत्न कंपनी सेल में कई सौ करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। यह घोटाला सेल ढांचागत विकास की परियोजनाओं के लिए सस्ते में दिये जाने वाले स्टील को महंगे दाम पर बेचने में हुआ है। सेल ने सस्ते दाम में 11 लाख टन स्टील 100 कंपनियों को बेच दिया। इसमें बहुत घोटाला हुआ है। उनका कहना था कि सेल में ढांचागत विकास की परियोजनाओं की मदद के लिए सस्ते में स्टील देने का प्रावधान है जिसके तहत कम दाम पर स्टील बेचने के नियम हैं । कंग्रेस नेता ने कहा कि सामान्य परिवार में जन्मे राजीव भाटिया सेल में जनरल मैनेजर बने और ईमानदारी से काम करते हुए इस पद पर पहुंचे।

# तेजस्वी बिहार में भड़काना चाहते हैं सांप्रदायिक तनाव: गौरव भाटिया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव पर तीखा हमला करते हुए मंगलवार को कहा कि वह बिहार में सांप्रदायिक तनाव भड़काना चाहते हैं और देश को इस्लामी मुल्क बनाने की कोशिश हो रही है।

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हाल ही में राजद नेता तेजस्वी यादव वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ पटना में आयोजित एक रैली में शामिल हुए थे और कहा था कि वक्फ कानून को कूड़ेदान में डाल दिया जायेगा। तेजस्वी यादव बिहार में सांप्रदायिक तनाव भड़काना चाहते हैं। देश को इस्लामी मुल्क बनाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने तेजस्वी के '20 महीने' वाले बयान पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार की जनता ने यादव परिवार को एक दशक से भी ज़्यादा का वक्त दिया है, लेकिन उन्होंने मानव जीवन का मूल्य ही खत्म कर दिया। तेजस्वी ने अपने बयान में युवाओं से कहा था कि आप लोगों ने उन्हें 20 साल दिया, अब मुझे 20 महीना देकर देखिए। भाजपा प्रवक्ता ने श्री यादव को 'नमाज़वादी' बताते हुए उच्चतम न्यायालय का अपमान करने और संविधान विरोधी होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने श्री यादव के वंशवाद पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे अभी तक अपनी पार्टी में परिवार से बाहर का कोई अध्यक्ष नहीं बना पाए और न ही किसी को मुख्यमंत्री बनने का मौका दिया। उन्होंने श्री यादव के वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ दिए गए बयानों पर भी कड़ी आपत्ति जतायी और कहा कि यह मामला शीर्ष अदालत में लंबित है और न्यायालय ने अपना आदेश सुरक्षित रखा है। श्री भाटिया ने सवाल उठाया, तेजस्वी यादव का ऐसा अराजकतावादी रवैया क्यों है और वह सुप्रीम कोर्ट को क्यों नीचा दिखा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब उच्चतम न्यायालय ने कोई फैसला नहीं सुनाया है, तो वह कैसे दावा कर सकते हैं कि यह कानून असंवैधानिक है।

श्री भाटिया ने कहा कि तेजस्वी यादव और राजद 'समाजवादी नहीं बल्कि नमाज़वादी' हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के दलितों, महादलितों और अन्य समुदायों को मजबूत करना चाहते हैं, लेकिन श्री यादव को यह पसंद नहीं है। उन्होंने कहा, आप शरिया शरिया शरिया करें और हम संविधान की बात करेंगे। मैं मौलाना तेजस्वी यादव से पूछना चाहता हूं, क्या आपने कभी संविधान पढ़ा है।

# भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में जहाज में लगी आग बुझाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने रविवार को उत्तरी अरब सागर में टैंकर एमटी यी चेंग 6 पर लगी आग को बुझा कर बचाव अभियान में चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया। भारतीय नौसेना ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। नौ सेना ने बताया कि रविवार तड़के मिशन पर तैनात आईएनएस तबर को 'मेडे डिस्ट्रेस कॉल' से एमटी यी चेंग 6 के इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना मिली थी। यह यूएई के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में था । सूचना मिलते ही आईएनएस तबर संकटग्रस्त जहाज के पास पहुंच गया और जहाज मास्टर से संपर्क स्थापित कर अग्निशमन अभियान शुरू किया। चालक दल की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, चालक दल के सात सदस्यों को जहाज की नावों से तुरंत आईएनएस तबर में ले जाया गया। जहां मेडिकल जांच में वे सभी सुरक्षित पाए गए। आईएनएस तबर ने मास्टर सहित चालक दल के सदस्यों के साथ अग्निशमन उपकरणों और नियंत्रण दल की सहायता से जहाज के इंजन कक्ष में लगी आग पर नियंत्रण पाया। भारतीय नौसेना कर्मियों और जहाज़ के चालक दल के शुरुआती अग्निशमन प्रयासों के परिणामस्वरूप आग पर काबू पाया गया। भारतीय नौसेना के 13 अतिरिक्त कर्मियों (5 अधिकारी और 8 नाविक) ने भी आग बुझाने में मदद की। भारतीय नौसेना की अग्निशमन टीम और चालक दल के सदस्यों के निरंतर प्रयासों से आग पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया है। नौसेना कर्मियों के इस प्रयास से न केवल जहाज और सभी भारतीय चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई, बल्कि इसने भारतीय नौसेना की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, परिचालन तैयारियों, समुद्री सुरक्षा के प्रति मानवीय दृष्टिकोण को उजागर करते हुए हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की भूमिका की पुष्टि भी की।

## राजीव बिंदल तीसरी बार हिमाचल के और महेन्द्र भट्ट दूसरी बार उत्तराखंड के भाजपा अध्यक्ष निर्वाचित

**नयी दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष मंगलवार को निर्विरोध निर्वाचित हो गये। श्री राजीव बिंदल को तीसरी बार हिमाचल प्रदेश में और श्री महेन्द्र भट्ट को दूसरी बार उत्तराखंड में पार्टी की कमान मिली है। आंध्र प्रदेश में श्री पी.वी.एन माधव और तेलंगाना में श्री एन रामचंद्र राव प्रदेश अध्यक्ष चुने गये हैं। मध्य प्रदेश में श्री हेमंत विजय खंडेलवाल ने प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए अकेले नामांकन भरा है, जिनके चुने जाने की घोषणा बुधवार को की जायेगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के सभी नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्षों को बधाई दी है। गौरतलब है कि तेलंगाना में श्री राव को प्रत्याशी बनाये जाने का गोशामहल से विधायक टी राजा ने विरोध किया था और सोमवार को उन्होंने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। इसके अलावा श्री वी.पी. रामलिंगम को पुड्डुचेरी में सोमवार को पार्टी अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा की गयी थी।

## संविधान को खत्म करना चाहती है मोदी सरकार: देवेन्द्र

**नयी दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने मोदी सरकार पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की सामाजिक समानता की विचारधारा और संविधान को खत्म करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री यादव ने मंगलवार को कहा कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी में दो जुलाई को प्रखंड स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों में जय बापू, जय भीम और जय संविधान विषय पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा डॉ. अम्बेडकर की विचारधारा को खत्म करने और संविधान को क्षीण करने के अपने संकीर्ण राजनीतिक एजेंडे को थोपने के लिए विभाजनकारी नीति अपनाकर देश की प्रगति और विकास को रोक रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अभिव्यक्ति की आजादी और सामाजिक समानता के गांधीवादी विचारों को जानबूझकर नष्ट करने का प्रयास कर रही है। दलितों, आदिवासियों और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए डॉ. अंबेडकर की विचारधारा के तहत समान अधिकार, सामाजिक विकास, समानता के लिए, राजनीतिक सक्रियता में भागीदारी देने के लिए रणनीतियां निर्धारित की गयी हैं। संविधान को खत्म करने लिए विशेष एजेंडा के तहत इन वर्गों के अधिकारों को खत्म करने, संवैधानिक संस्थानों पर कब्जा करके स्वतंत्र राष्ट्र को नष्ट करना चाहते है, जबकि इन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में कोई भूमिका नहीं निभायी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा की बांटने और देश को बर्बाद करने वाले एजेंडे को लागू नहीं होने देगी।

## उपराज्यपाल सक्सेना ने दिए 'आहत वीर सम्मान पत्र-2025'

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए जख्मी या शहीद दिल्ली पुलिस कर्मियों को मंगलवार को 'आहत वीर सम्मान पत्र-2025' से सम्मानित किया। श्री सक्सेना ने दिल्ली पुलिस के चौथे कमिश्नरेट दिवस समारोह में उन पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के लिए 'आहत वीर सम्मान पत्र' प्रदान किया, जिन्होंने सेवा के दौरान कुछ प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करते हुए जख्मी हुए या शहादत दी। 'आहत वीर सम्मान पत्र-2025' दिवंगत चार पुलिस कर्मियों - एएसआई सतबीर सिंह, कांस्टेबल हेमंत यादव, विक्टर एन. और निखिल यादव को दिया गया। सेवा के दौरान घायल होने पर 'आहत वीर सम्मान पत्र-2025' प्राप्त करने वाल पुलिस कर्मियों में इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार त्यागी, एसआई अशोक कुमार, एएसआई दीपक कुमार तिवारी और कांस्टेबल मणिकांत सिंह की टीम शामिल है। मुख्य अतिथि ने 'स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ पुलिस स्टेशन' श्रेणी के लिए पुरस्कार दिया। ग्रेटर कैलाश थाने को प्रथम स्थान के लिए चुना गया, एसएचओ इंस्पेक्टर भानु प्रताप ने प्रथम स्थान की ट्रॉफी प्राप्त की।

# पेज एक का शेष

## निद्राजीत बन जनता...

बिस्मिल जैसे बलिदानियों की गाथाएं जुड़ी हैं। राष्ट्रपति ने गोरखपुर के विश्व प्रसिद्ध गीता प्रेस पर भी बात की। उन्होंने कहा कि लगभग 100 वर्ष से गीताप्रेस गोरखपुर ने भारत के जनमानस को धर्म और संस्कृति से जोड़े रखने का महान काम किया है। गीताप्रेस का प्रकाशन संस्कृत और हिंदी के अलावा अनेक भाषाओं में उपलब्ध है। ओड़िया भागवत के नाम से विख्यात अतिबड़ी जगन्नाथ दास द्वारा रचित भागवत महापुराण को ओडिशा के लोग बहुत सम्मान से पढ़ते हैं। ओड़िया भागवत का प्रकाशन व प्रसार भी गीताप्रेस गोरखपुर द्वारा किया गया है। कल शाम को गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन का अवसर मिला। वहां गीताप्रेस द्वारा उड़िया भाषा में प्रकाशित शिवपुराण और भागवत की प्रतियां भेंट की गईं। यह पुस्तकें गोरखपुर के अमूल्य सौगात और स्मृति के रूप में सदैव रहेंगी। राष्ट्रपति ने कहा कि गोरखपुर में कुछ वर्षों से इंफ्रास्ट्रक्चर का बहुत तेज गति से विकास हो रहा है। गोरखपुर इंडस्ट्रियल डवलपमेंट अथॉरिटी (गीडा) की गतिविधियों का बड़े पैमाने पर विस्तार हुआ है। यहां के टेरोकाटा के कलात्मक उत्पाद देश-विदेश में निरंतर लोकप्रिय हो रहे हैं। यहां के निवासियों में ऐसी अनेक उपलब्धियों से नई ऊर्जा व आकांक्षा का संचार हो रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि महायोगी गुरु गोरखनाथ जैसे विलक्षण विभूति के पवित्र नाम से जुड़े इस विश्वविद्यालय में आकर उनके प्रति श्रद्धा का और अधिक संचार हो रहा है। यह विश्वविद्यालय समृद्ध, प्राचीन परंपराओं का नवनिर्मित व प्रभावशाली आधुनिक केंद्र है। यह उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में मेडिकल एजुकेशन व चिकित्सा सेवा के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। यहां उच्च स्तरीय सुविधाओं का निर्माण किया गया है, जिनका लाभ जनसामान्य को सुलभ होगा। इस विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 100 आयुष कॉलेज उत्कृष्टता से लाभान्वित हो रहे हैं। आयुष पद्धतियों में स्नातक से लेकर उच्चतम उपाधियों के स्तर पर भी शिक्षण एवं शोध कार्य किया जाएगा। यहां आयुष पद्धति से जुड़े रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की शिक्षा दी जाएगी। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विश्वस्तरीय व स्वीकार्य बनाने के लिए शोध कार्य पर विशेष बल दिया जाएगा। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा आदि भारत के पुरातन प्रणालियों में स्वस्थ रहने की वैज्ञानिक पद्धति बताई गई है। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती है कि इन पर आधारित पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा। आयुर्वेद पर आधारित प्राचीन जीवनशैली में दिनचर्या, ऋतचर्या, रात्रिचर्या पर बहुत ध्यान दिया जाना चाहिए। संतुलित आहार, विहार व विचार को महत्व देना चाहिए। आयुर्वेद धरती से जुड़ी है। खेतों व जंगलों में औषधियों, वनस्पतियों व जड़ी-बूटियों का खजाना आज भी मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। राष्ट्रपति ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की सर्वसमावेशी और उपयोगी दृष्टि के आधार पर हमने विदेश में उत्पन्न हुई चिकित्सा पद्धतियों को भी आयुष पद्धतियों में शामिल किया है। आज यूनान तथा मध्य एशिया के देशों में यूनानी चिकित्सा पद्धति का उतना उपयोग नहीं होता, जितना उपयोग भारत में होता है। जर्मनी में विकसित हुई होम्योपैथिक चिकित्सा को हमारे देश ने पूरी तरह अपना लिया है। 2014 में केंद्र व 2017 से यूपी सरकार ने आयुष विभागों की स्थापना करके देश-विदेश की इन सभी उपयोगी पद्धतियों को नई ऊर्जा के साथ प्रोत्साहित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विवि का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग व सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। राष्ट्रपति ने भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की भी चर्चा की। विद्वानों की मान्यता है कि नाथ परंपरा के योगियों ने चिकित्सा के लिए खनिजों व धातुओं पर आधारित भस्म के प्रभावी व सुरक्षित प्रयोग किए थे। हठयोग की प्रतिष्ठा करके महायोगी गोरखनाथ ने राष्ट्र का समग्र पुनर्जागरण किया है। उसका प्रभाव अद्वितीय है। योग के क्षेत्र में गुरु गोरक्षनाथ की महानता को समझाने के लिए गोस्वामी तुलसीदास ने कहा था- गोरख जगायो जोग यानी गुरु गोरखनाथ ने योग की परंपरा को फिर से जगाया था। उन्होंने जनसाधारण में भी हठयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार किया था।

## डिजिटल इंडिया के...

नहीं, हमने उस सोच को बदला और भारतीयों की तकनीक का उपयोग करने की क्षमता पर विश्वास किया। जहां दशकों तक सिर्फ यह सोचा गया कि तकनीक का उपयोग अमीर और ग़रीब के बीच की खाई को और गहरा करेगा, हमने उस मानसिकता को बदला और तकनीक के माध्यम से उस खाई को खत्म किया। श्री मोदी ने कहा, ़जब नीयत सही होती है, तो नवाचार वंचितों को सशक्त करता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो तकनीक हाशिए पर खड़े लोगों के जीवन में परिवर्तन लाती है। उन्होंने कहा कि यही विश्वास डिजिटल इंडिया की नींव बना- एक ऐसा मिशन जो सभी के लिए पहुंच को लोकतांत्रिक (आसान) बनाने, समावेशी डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और अवसरों को उपलब्ध कराने के लिए शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि 2014 में, इंटरनेट की पहुंच सीमित थी, डिजिटल साक्षरता कम थी, और सरकारी सेवाओं की ऑनलाइन पहुंच बेहद सीमित थी। कई लोगों को संदेह था कि भारत जैसा विशाल और विविध देश वास्तव में डिजिटल बन सकता है या नहीं। उन्होंने कहा है कि आज यह 140 करोड़ भारतीयों के जीवन के माध्यम से दिया जा चुका है। शासन से लेकर शिक्षा, लेन-देन और निर्माण तक, डिजिटल इंडिया हर जगह है। इन 10 वर्षों में डिजिटल प्रौद्योगिकी की पहुंच के मामले में अमीर गरीब की खाईं पाट गयी है। 2014 में देश में 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे। आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इसी तरह 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल, जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी का 11 गुना है, अब दूरस्थ गांवों को भी जोड़ रही है। उन्होंने लिखा है कि भारत का 5जी नेटवर्क विस्तार कार्यक्रम विश्व में सबसे तेज़ गति से प्रगति कर रहा है और मात्र दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किये गये हैं। इंडिया स्टैक ने आनलाइन लेन-देन के यूपीआई जैसे प्लेटफार्म को सक्षम बनाया है। इससे अब सालाना 100 अरब से अधिक डिजिटल लेन-देन हो रहे हैं। विश्व में होने वाले कुल रियल-टाइम डिजिटल ट्रांजैक्शन में से लगभग आधे भारत में होते हैं। मोदी ने इसी संदर्भ में कहा है कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से 44 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे नागरिकों को हस्तांतरित की गयी है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई और 3.48 लाख करोड़ रुपये की लीकेज रोकी गयी है। उन्होंने कहा, स्वामित्व जैसी योजनाओं ने 2.4 करोड़ से अधिक प्रॉपर्टी कार्ड जारी किये हैं और 6.47 लाख गांवों का नक्शा बनाया गया है, जिससे वर्षों से चली आ रही भूमि संबंधी अनिश्चितता का अंत हुआ है। सभी के लिए अवसरों का लोकतंत्रीकरण भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था अब पहले से कहीं अधिक सूक्ष्म, छोटे और मझोले उद्यमियों को सशक्त बना रही है। उन्होंने डिजिटल आनलाइन बाजार के क्षेत्र में भी देश की प्रगति का उल्लेख किया और कहा है कि ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) एक क्रांतिकारी प्लेटफॉर्म है, जो विक्रेताओं और खरीदारों के विशाल बाजार से सीधा संपर्क स्थापित कर नये अवसरों की खिड़की खोलता है। जेम (गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस) आम आदमी को सरकार के सभी विभागों को सामान और सेवायें बेचने की सुविधा देता है। इससे न केवल आम नागरिक को एक विशाल बाजार मिलता है, बल्कि सरकार की बचत भी होती है। उन्होंने लिखा है कि ओएनडीसी ने हाल ही में 20 करोड़ लेन-देन का आंकड़ा पार किया है- जिसमें पिछले 10 करोड़ सिर्फ छह महीनों में हुये हैं। इसके माध्यम से बनारसी बुनकरों से लेकर नागालैंड के बांस शिल्पियों तक, अब विक्रेता बिना बिचौलियों के पूरे देश में ग्राहक तक पहुंच रहे हैं। उन्होंने लेख में मुद्रा लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा और क्रेडिट योग्यता को अकाउंट एग्रीगेटर फ्रेमवर्क के माध्यम से आंकने की व्यवस्था का भी जिक्र किया है। प्रधानमंत्री ने आधार, कोविन, डिजिलॉकर, फास्टैग, पीएम-वाणी, और वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन जैसी भारत के सार्वजनिक डिजिटल अवसंरचनाओं को दुनिया के लिए भारत का योगदान बताया है। कोविन ने दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान को सक्षम किया, जिससे 220 करोड़ क्यूआर-सत्यापित सर्टिफिकेट जारी हुये। डिजिटल लॉकर के 54 करोड़ उपयोगकर्ता हैं, जिन्होंने 775 करोड़ से अधिक दस्तावेजों को सुरक्षित और निर्बाध तरीके से इसमें रखा है।

## निजीकरण के खिलाफ....

इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेन्स फ़ेडरेशन के अध्यक्ष समर सिन्हा और इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फ़ेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार ने प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि अगर यूपी के बिजली कर्मचारियों का दमन करने की कोशिश हुई तो बिजली कर्मचारी शांत नहीं बैठेंगे और व्यापक विरोध प्रदर्शन को बाध्य होंगे। 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी और निजीकरण का टेंडर जारी होते ही कर्मचारी अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार करके जेल भरो आंदोलन शुरू कर देंगे।

## स्वदेशी स्टील्थ फ्रिगेट...

हैं। उदयगिरि अपने पूर्ववर्ती आईएनएस उदयगिरि का आधुनिक अवतार है। यह परियोजना सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। उदयगिरि एमडीएल, मुंबई और जीआरएसई, कोलकाता में निर्माणाधीन सात पी17ए फ्रिगेट्स में से दूसरा है। प्रोजेक्ट 7ए जहाजों का पतवार प्रोजेक्ट 17 की तुलना में 4.54 फीसदी अधिक भू-सममितीय है। इन जहाजों में प्रोजेक्ट 17 वर्ग की तुलना में उन्नत चिकना और विशेषताओं के साथ एक उन्नत हथियार और सेंसर सूट लगाया गया है। जहाजों को संयुक्त डीजल या गैस मुख्य प्रणोदन संयंत्रों के साथ कॉन्फ़िगर किया गया है, जिसमें एक डीजल इंजन और गैस टरबाइन शामिल है। हथियार सूट में सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी गन और 30 मिमी और 12.7 मिमी रैपिड-फायर क्लोज-इन हथियार प्रणालियों को लगाया गया है। भारतीय राज्य आंध्र प्रदेश में एक पर्वत शृंखला के नाम पर जहाज का नामकरण आईएनएस उदयगिरि के नाम पर किया गया है। लिएंडर श्रेणी का यह फ्रिगेट 1976 और 2007 के बीच भारतीय नौसेना के साथ सेवा में था। जहाज की नींव 28 दिसंबर 2017 को रखी गई थी और इसे 17 मई, 2022 को लॉन्च किया गया था। यह जहाज प्रोजेक्ट-17 अल्फा फ्रिगेट्स (पी-17ए) का हिस्सा है, जो गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट्स का एक वर्ग है, जिसका निर्माण वर्तमान में मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) में नौसेना के लिए किया जा रहा है।

## शोध और बुनियादी...

का शासी बोर्ड आरडीआई योजना को व्यापक रणनीतिक दिशा प्रदान करेगा। एएनआरएफ की कार्यकारी परिषद (ईसी) योजना के दिशा-निर्देशों को मंजूरी देगी और दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों तथा उभरते क्षेत्रों में परियोजनाओं के दायरे और प्रकार की सिफारिश करेगी। कैबिनेट सचिव के नेतृत्व में सचिवों का एक अधिकार प्राप्त समूह (ईजीओएस) योजना के कामकाज की समीक्षा करने के अलावा योजना में बदलाव, क्षेत्रों और परियोजनाओं के प्रकार के साथ-साथ दूसरे स्तर के फंड मैनेजरों को मंजूरी देने के लिए जिम्मेदार होगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) आरडीआई योजना के कार्यान्वयन के लिए नोडल विभाग के रूप में काम करेगा। दीर्घकालिक, किफायती वित्तपोषण के लिए निजी क्षेत्र की महत्वपूर्ण आवश्यकता को देखते हुए, आरडीआई योजना आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देती है, जिससे देश के लिए एक अनुकूल नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र की सुविधा मिलती है क्योंकि यह 2047 में विकसित भारत की ओर अग्रसर है।

# नीतीश कैबिनेट ने मां सीता की जन्मस्थली पुनौराधाम के विकास के लिए स्वीकृत किए करीब 883 करोड़ रुपये

■ बैठक में 24 प्रस्तावों पर लगी मुहर, मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को भी मिली स्वीकृति

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी के पुनौराधाम को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या के अनुरूप विकास किए जाने के लिए 882 करोड़ 87 लख रुपये की स्वीकृति सहित 24 प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई है। कैबिनेट की बैठक में आज 24 एजेंडों में मुख्यमंत्री कलाकार पेंशन योजना को भी स्वीकृति मिली है। इसमें बिहार राज्य के समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखने के लिए निरंतर योगदान देने वाले राज्य के वरिष्ठ एवं आजीविका संकट से जूझ रहे उत्कृष्ट कलाकारों को 3000 रुपये पेंशन दिया जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना अंतर्गत 2025-26 में 5000 लाभार्थी और वित्तीय वर्ष 2026-27 से लेकर 2030- 31 तक 100000 युवाओं को लाभ देने का लक्ष्य तय किया गया है। बिहार में मुख्यमंत्री गुरु शिष्य परंपरा योजना शुरू की जाएगी। इसके लिए 2025-26 में एक करोड़ 11 लाख 60000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। केंद्र प्रायोजित नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025- 26 के लिए 3635. 15 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। चतुर्थ कृषि रोड मैप योजना के तहत सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के कार्यान्वयन की स्वीकृति मिली है। बामेती एवं जिला स्तरीय कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण को वित्तीय वर्ष 2025 - 26 के लिए 80 करोड़ 99 लाख 20000 स्वीकृत किए गए हैं। चतुर्थ कृषि रोड मैप के तहत केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत काम होंगे। मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना के लिए 2025-26 में 30 करोड़ 49 लाख 37, 227 रुपये की स्वीकृति दी गयी है। बिहार विधानसभा सचिवालय में प्रशासनिक संवर्ग में निदेशक राजीव कुमार का संविदा आधारित नियोजन समाप्त होने के बाद 1-7-2025 से 1 वर्ष के लिए निर्देशक के पद पर संविदा आधारित नियोजन विस्तारित करने की स्वीकृति मिली है।

# उत्तराखंड भाजपा के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष बने महेंद्र भट्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महेंद्र भट्ट लगातार दूसरी बार चुन लिए गए हैं। मंगलवार को उनके नाम का ऐलान कर दिया गया है। केंद्रीय राज्यमंत्री व चुनाव अधिकारी हर्ष मल्होत्रा ने महेंद्र भट्ट के नाम की घोषणा की। महेंद्र भट्ट निर्विरोध पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। देहरादून के जीएमएस रोड स्थित एक होटल में आयोजित भाजपा प्रदेश संगठन पर्व 2025 में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के नामों का अनुमोदन प्रांतीय परिषद की ओर से किया गया। इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री व चुनाव अधिकारी हर्ष मल्होत्रा की ओर से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद पर महेंद्र भट्ट के नाम की घोषणा की गई। सोमवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के लिए केवल महेंद्र भट्ट ने ही नामांकन किया था। वह वर्तमान में भी पार्टी प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, सह-प्रभारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष नरेश बंशल, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, तीरथ सिंह रावत, सांसद अजय भट्ट, प्रदेश चुनाव अधिकारी खजान दास सहित भाजपा के प्रदेश भर के समस्त वरिष्ठ नेता भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महेंद्र भट्ट को दोबारा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा भाजपा प्रदेश संगठन पर्व 2025 में राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट का प्रदेश अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन संगठन की एकजुटता, अनुशासन और सामूहिक नेतृत्व का जीवंत उदाहरण है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व में संगठन और अधिक ऊर्ज़ा, प्रतिबद्धता और जनसेवा की भावना के साथ आगे बढ़ेगा।

# संक्षिप्त समाचार

### बाढ़ सुरक्षा को लेकर सहरसा में कराये गये 24 स्थलों पर कटाव रोधी कार्य

**सहरसा।** बिहार सरकार का जल संसाधन विभाग संभावित बाढ़ के खतरों को ध्यान में रखते हुए राज्य के संवेदनशील इलाकों में निरंतर सतर्कता और पूर्व तैयारियों के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में सहरसा जिले के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों में कुल 24 स्थलों पर कटाव रोधी एवं तटबंध सुरक्षा कार्य सक्रिय रूप से संपन्न कराए गए हैं।इन कार्यों में पश्चिमी कोसी तटबंध डब्लूकेई पर घोघरडीहा के नीचे स्थित किलोमीटर 48.397 पर स्पर तथा अपस्ट्रीम लूप के पास संरचना सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्वी कोसी तटबंध ईकेई पर स्पर की मरम्मत की गई है। इसी तटबंध पर कटाव रोधी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। साथ ही पुराने तटबंध के कट एंड पॉइंट की मरम्मत कर सुरक्षा सुनिश्चित की गई है।इसके अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर भी तटबंधों की मजबूती हेतु आवश्यक कार्य कराए गए हैं ताकि बाढ़ के समय जन-जीवन और खेती योग्य भूमि को संभावित नुकसान से सुरक्षित रखा जा सके।

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा बढ़ाई गई

**पटना।** पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस सिलसिले में हवाई अड्डा थाना में मामला दर्ज किया गया है। ई-मेल में लिखा है कि एयरपोर्ट पर बम रखा गया है और वह जल्द फटने वाला है। एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। हवाईअड्डे के अधिकारियों ने पूरे परिसर में व्यापक छानबीन की है। जांच के दौरान कोई संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। बीती देररात हवाई अड्डा थाना में केस दर्ज किया गया है। फिलहाल पुलिस ई-मेल भेजने वाले का पता करने में जुटी है। इसमें तकनीकी और साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। उधर, इस समय पटना एयरपोर्ट में चप्पे-चप्पे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं। एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले लोगों पर भी निगाह रखी जा रही है। एसपी (सिटी) दीक्षा ने बताया कि केस दर्ज कर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के साइबर सेल को जांच करने के लिए कहा गया है। पटना पुलिस भी अपने स्तर पर जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल 18 जून को भी ई-मेल से पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी दी गई थी।

### आरपीएफ ने यात्री सुरक्षा पर चलाया जागरूकता अभियान

**भागलपुर।** मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में, मालदा डिवीजन के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नियमित जागरूकता अभियानों के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने समर्पित प्रयासों को जारी रखा है। इस पहल के तहत आरपीएफ भागलपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नाथनगर रेलवे स्टेशन के पास सुखराज राय हाई स्कूल नाथनगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली छात्रों को मवेशियों और मानव द्वारा कुचले जाने, पत्थरबाजी और यात्रियों के सामान से संबंधित अपराधों जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा मुद्दों के बारे में जागरूक करना था। आरपीएफ अधिकारियों ने छात्रों से बातचीत की और उन्हें अवैध प्रवेश के खतरों, ट्रेनों पर पत्थर फेंकने के कानूनी निहितार्थों और यात्रा करते समय व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में सतर्क रहने के महत्व के बारे में जागरूक किया। संवादात्मक चर्चाओं और वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से छात्रों को जिम्मेदार नागरिक के रूप में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### दीपा के लिए गेम चेंजर बनी रीप परियोजना

**हरिद्वार।** मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे के निर्देश पर जनपद हरिद्वार के समस्त विकासखंडों में अल्ट्रा पूअर सपोर्ट, एंटरप्राइजेज (फॉर्म-नॉन फॉर्म) और सीबीओ लेवल के एंटरप्राइजेज की स्थापना की गई है। इसी कड़ी में, ग्रामोत्थान (रीप) परियोजना के सहयोग से उत्तराखण्ड ग्राम्य विकास समिति द्वारा संचालित, ग्रामीण उद्यमों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। बहादराबाद विकासखंड के अतमलपुर बौंगला गांव की निवासी दीपा, ऐसी ही एक उद्यमी हैं, जिन्होंने इस परियोजना की सहायता से सफलता हासिल की है। दीपा पहले एक छोटे स्तर पर प्रोविजन स्टोर चला रही थीं, जो उनके परिवार की आय का एकमात्र स्रोत था।

# फर्जी पुलिस गैंग का पर्दाफाश, आठ लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ ने एक ऐसे शातिर गैंग का पर्दाफाश किया है, जो पुलिसकर्मियों का रूप धारण करके लूटपाट किया करता था। इस मामले में कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से लूटे गए पैसे, मोबाइल फोन, लैपटॉप और अपराध में इस्तेमाल की गई गाड़ियों को बरामद किया है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की पहचान शास्त्री पार्क निवासी हनी कुमार (31), रोहिणी निवासी सन्नी शर्मा (28), कराला निवासी अंकित जैन (32), पीतमपुरा निवासी विक्रम सिंह (35), करावल नगर निवासी राहुल गुप्ता (27), रोहिणी निवासी राहुल यादव (27), रामा विहार निवासी अनिल कंत (33) और रामा विहार निवासी जीतपाल (42) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो कारए एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन दस हजार रुपये बरामद किए है। पुलिस के अनुसार, 26 जून को लक्ष्मी नगर इलाके में एक इंश्योरेंस पॉलिसी ऑफिस में चार अपराधी खुद को दिल्ली पुलिस के स्पेशल स्टाफ का अधिकारी बताकर कार्यालय में घुसे। उन्होंने कार्यालय के मालिक सलमान से मोबाइल फोन और लैपटॉप छीनकर उसे एक हुंडई वेन्यू कार में जबरन बैठाकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। इसके बाद आरोपित 1.5 लाख की लूट की। जिसमें से 70 हजार एक बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी निगरानी का सहारा लिया। जिसके बाद आरोपितों की पहचान की गई। इसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 28 जून की रात को पांच आरोपितों को नोएडा लिंक रोड से गिरफ्तार किया। इन आरोपितों के पास से हुंडई कार बरामद हुई। जिसका उपयोग अपराध में किया गया था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार पकड़े गए आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस तीन अन्य आरोपितों को दबोचा। पूछताछ में यह पता चला कि गैंग का मास्टरमाइंड हनी कुमार है। यह पहले शिकायतकर्ता का कर्मचारी था। आरोपित ने व्यक्तिगत दुश्मनी के चलते इस लूट की योजना बनाई। हनी कुमार ने सन्नी शर्मा को अंदरूनी जानकारी दी और फिर उसने अपने अन्य साथियों को लूट में शामिल किया। आरोपित सन्नी शर्मा पहले भी एक साइबर धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार हो चुका है। वहीं इस मामले में आरोपित अंकित जैन का भी नाम सामने आया है, जो पहले भी दो अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह गैंग पैसों की लूट के लिए पुलिस अधिकारियों का रूप धारण करता था ताकि आम नागरिकों को ज्यादा शक न हो और वे आसानी से उनका शिकार बन सकें। इस घटना के बाद पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति द्वारा पुलिस होने का दावा करने पर सतर्क रहें। विशेष रूप से जब वे ऑफिस या घरों में हो। पुलिस ने कहा कि लोग किसी भी अवैध मांग या धमकी के सामने न झुकें और आधिकारिक पहचान पत्र जरूर मांगें। इसके साथ ही उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

# शालीमार बाग से सात बांगलादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर-पश्चिम जिले के विदेशी सेल की टीम ने सात अवैध बांगलादेशियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में सुहान खान भी शामिल हैं। जिसे 15 मई को पहले भारत से निष्कासित किया गया था। लेकिन उसने पुनः भारत में प्रवेश किया और 30 जून को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन स्मार्ट मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। जिनमें प्रतिबंधित आईएमओ ऐप इंस्टॉल था और ये फोन बांगलादेश में उनके परिवारों से संपर्क करने के लिए उपयोग किए जा रहे थे।

उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार पुलिस लगातार बांग्लादेशियों के खिलाफ अभियान चला रही है। शालीमार बाग में चलाए गए अभियान के दौरान, टीम ने मुख्य सड़कों, गलियों, स्थानीय इलाकों, आवासीय क्षेत्रों और ट्रैफिक जंक्शनों पर रैंडम चेक किए। इस अभियान के दौरान, पांच ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को विभिन्न स्थानों पर भिखारी के रूप में पाया गया।

# गांवों को भी शहरी मानकों के आधार पर मिलेगा पानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हल्द्वानी। रामनगर से सटे छोई, शंकरपुर समेत 10 गांवों के पानी की किल्लत दूर करने के लिए इन्हें प्री-अर्बन गांव की श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया है। इस श्रेणी में आने के बाद इन गांव को लोगों को भी शहरों के मानकों के आधार पर पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए जल संस्थान ने प्रस्ताव शासन को भेज दिया है। बताते चलें कि रामनगर क्षेत्र में 20381 पानी के कनेक्शन हैं। इनमें 11 हजार से अधिक कनेक्शन ग्रामीण क्षेत्रों के हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी प्रति दिन उपलब्ध कराया जाता है। वहां अब जल निगम ने रामनगर से सटे छोई,गेबुआ, शंकरपुर, हिम्मतपुर समेत 10 गांवों को प्री-अर्बन गांव को श्रेणी में रखने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा है। प्रस्ताव पास होने के बाद इन गांवों को प्रति व्यक्ति 155 एलपीडी यानी लीटर पानी प्रति दिन उपलब्ध कराया जाएगा। विगत माह जल निगम ने पीरूमदारा को प्री-अर्बन गांव की श्रेणी में शामिल करने के लिए गांव का निरीक्षण किया था। जिसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों भेजी गई है। ऐसे मिलेगा प्रति दिन 155 लीटर पानीः जल निगम के कार्यालय के मु?ताबिक मौजूदा समय में गांव में प्रति व्यक्ति 55 लीटर प्रतिदिन के हिसाब से पेयजल योजनाएं बनाई जाती हैं।

# नगर आयुक्त और महापौर ने मुहर्रम की तैयारियों लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। आगामी मुहर्रम पर्व के शांतिपूर्ण और सुचारु आयोजन को सुनिश्चित करने के लिए महापौर, उप महापौर और नगर आयुक्त ने मंगलवार को शहर के विभिन्न वार्डों का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतज़ामों का गहनता से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, महापौर ने अधिकारियों को ताजिया जुलूस के मार्गों पर उत्कृष्ट साफ-सफाई सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई, कूड़ा-कचरा हटाना और कीटाणुनाशक का छिड़काव युद्धस्तर पर किया जाए। महापौर ने जोर दिया कि पर्व के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्बाध पानी की आपूर्ति और बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जहां आवश्यक हो, वहां अतिरिक्त रोशनी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखने और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए स्थानीय शांति समिति के सदस्यों से लगातार संपर्क में रहने पर जोर दिया। इस अवसर पर महापौर ने स्थानीय निवासियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि मुहर्रम के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी। यह निरीक्षण शहर के प्रमुख वार्डों जैसे 17,15 और 14 में किया गया। जहां मुहर्रम के दौरान विशेष गतिविधियाँ होती हैं।


# शैक्षणिक शोध कार्य को बढावा देने के उद्देश्य से एमजीसीयू व नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय में एमओयू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी तथा नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक तथा अकादमिक गतिविधियों के संयुक्त संचालन एवं शोध क्षेत्र में पारस्परिक सहयोग को दृष्टि में रखते हुए द्विपक्षीय समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता नेपाल के डांग जिले के बेलमुंडी स्थित नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय में संपन्न हुआ।

इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्य संयुक्त रूप से शोध कार्यों में शोध निर्देशन करेंगे। शैक्षणिक तथा अकादमिक कौशल संवर्धन संबंधी कार्यशालाओं के साथ अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से संगोष्ठियों का आयोजन करेंगे। दोनों विश्वविद्यालय अपने- अपने शिक्षकों तथा छात्रों का अकादमिक उद्देश्य के लिए आदान-प्रदान भी करेंगे। दोनों विश्वविद्यालयों ने नेपाल तथा भारत के भाषा, साहित्य,संस्कृति, दर्शन, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान आदि शोध संबंधी विषयों पर संयुक्त रूप से अनुसंधान तथा अकादमिक कार्य संपादित करेंगे। इस समझौते के तहत दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के माध्यम से शोध परियोजनाओं का संचालन के साथ ही विभिन्न शोध पत्रिकाओं तथा पुस्तकों का संयुक्त रूप से संपादन व प्रकाशन भी किया जाएगा। महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्याम नंदन, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा तथा सह छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ बबलू पाल ने समझौते पर हस्ताक्षर किए । नेपाल संस्कृत विश्वविद्यालय की ओर से शोध केंद्र के कार्यकारी निदेशक प्रो. सूदन पौडेल, डॉ. बालकृष्ण शर्मा और प्रो. विष्णु दहाल ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते को लेकर महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय श्रीवास्तव ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह समझौता राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 की अपेक्षाओं तथा शिक्षा मंत्रालय की दिशा निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय के अंतरर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। दोनों विश्वविद्यालय भाषा, साहित्य, संस्कृति के साथ ही साथ ज्ञान के विविध अनुशासनों के सापेक्ष पारस्परिक सहयोग से शोध एवं अनुसंधान के लिए अनेक नए आयाम उद्घाटित करेंगे । उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय में जल्दी ही नेपाली भाषा के अध्ययन अध्यापन तथा शोध के लिए नेपाली भाषा का विभाग खोला जाएगा। समझौता पत्र पर हस्ताक्षर के बाद महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंपर्क प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. श्याम नंदन ने कहा कि यह समझौता महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय को उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान की दृष्टि से एक अंतरराष्ट्रीय संस्थान के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। दोनों विश्वविद्यालय पारस्परिक सहयोग के माध्यम से अकादमिक उन्नयन की दिशा में एक साथ अग्रसर होंगे। समझौता पत्र पर हस्ताक्षर के उपरांत नेपाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध केंद्र के कार्यकारी निदेशक प्रो. सूदन पौडेल ने कहा की नेपाल और भारत के बीच अति दीर्घकाल से सांस्कृतिक संबंध चले आ रहे हैं। दोनों विश्वविद्यालयों के बीच यह समझौता न केवल अकादमिक की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि दोनों विश्वविद्यालय एक साथ काम करते हुए दोनों मित्र राष्ट्रों के सांस्कृतिक संबंध को और मजबूत बनाने की कोशिश भी करेंगे।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063